Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 279वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 24 अंक : 03 अक्टूबर, 2023

**अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो अंतरिक्ष में रिकॉर्ड-तोड़ 371 दिनों के बाद पृथ्वी पर लौटे :** नासा के अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो (Frank Rubio) ने अंतरिक्ष में 371 दिनों के असाधारण प्रवास के बाद पृथ्वी पर 27 सितम्बर, 2023 को ऐतिहासिक वापसी की।


फ्रैंक रुबियो

उनके साथ रूसी अंतरिक्ष यात्री सर्गेई प्रोकोपियेव (Sergey Prokopyev) और दिमित्री पेटेलिन (Dmitri Petelin) भी अंतरिक्ष से वापस लौटे हैं।

इसी के साथ फ्रैंक रुबियो सबसे लम्बे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाले अमेरिकी एस्ट्रोनॉट बन गए हैं। उन्होंने 11 सितम्बर, 2023 को यह रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले अमेरिका के एस्ट्रोनॉट मार्क वांडे हेई (Mark Vande Hei) ने 355 दिन का रिकॉर्ड वर्ष 2022 में बनाया था। हालाँकि, अब तक स्पेस पर सबसे ज्यादा समय बिताने का रिकॉर्ड रूसी एस्ट्रोनॉट वलेरी पोलीयाकोव (Valeri Polyakov) के नाम है, जिन्होंने 437 दिन बिताए थे।

रुबियो का मिशन 21 सितम्बर, 2022 को शुरू हुआ और यह अमेरिका द्वारा सबसे लम्बी एकल अंतरिक्ष उड़ान थी। इस असाधारण यात्रा के दौरान, उन्होंने लगभग 5,936 परिक्रमाएँ पूरी कीं और 157 मिलियन मील की दूरी तय की, जो चंद्रमा की लगभग 328 चक्कर यात्राओं के बराबर है।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 12 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 19 |
| आर्थिक परिदृश्य | 21 |
| प्रादेशिक परिदृश्य | 23 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 31 |
| खेल परिदृश्य | 34 |
| एशियाई खेल-2022 का हांगझोऊ में शुभारम्भ | 38 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान | 40 |
| नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


राजस्थान में कौन, क्या है? के लिए Scan करें

भारत में कौन, क्या है? के लिए Scan करें


सम्पादक
**एल.सी. गुप्ता**

**सम्पादकीय कार्यालय**
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)
Mob. 8104919720

**इस अंक का मूल्य** : 20/-
**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 240/-
**सदस्यता शुल्क :** पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल. सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।
**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता**


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

**"Success is no accident. It is hard work, perseverance, learning, studying, sacrifice and most of all, love of what you are doing or learning to do." - Pele**

महाभारत काल में तीन महान धनुर्धर हुए- पहले परशुराम शिष्य दानवीर कर्ण, दूसरे युगप्रवर्तक भगवान कृष्ण के सखा द्रोणाचार्य शिष्य धनंजय अर्थात् अर्जुन और तीसरे हिरण्यधनु नामक निषाद पुत्र एकलव्य। ये तीनों ही धनुर्विद्या में लगभग समान रूप से प्रवीण थे। अपने इस कौशल के कारण ही इन तीनों ने इतिहास में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाया है।

यहाँ विचारणीय बिन्दु यह है कि इन तीनों में कौन-से गुण समान रूप से विद्यमान थे, जिन्होंने उन्हें सर्वकालिक श्रेष्ठ धनुर्धर बना दिया। इन तीनों के जीवन पर ध्यान देने से पता चलता है कि वे अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थे, वे सुख-सुविधाजीवी नहीं थे, वे अपने कार्यों को पूर्ण एकाग्रता के साथ कुशलता से करते थे। वस्तुतः, सभी सफल लोगों के गुणधर्म लगभग समान ही हैं।

हम सब भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में यश, कीर्ति और सफलता की चाहत रखते हैं किन्तु हमारी कार्यशैली, व्यवहार और मनोदशा सफल लोगों से बिल्कुल विपरीत है। यह तो चिर-परिचित है कि विपरीत गति के साथ लक्ष्य की प्राप्ति असम्भव है। जयशंकर प्रसाद ने भी इस तथ्य को अपनी कविता के माध्यम से इस प्रकार कहा है-

ज्ञान दूर कुछ क्रिया भिन्न है, इच्छा क्यों पूरी हो मन की,
एक दूसरे से मिल न सके, यह विडम्बना है जीवन की।।

यहाँ यह समझना आवश्यक है कि इच्छा करने मात्र से लक्षित फल की प्राप्ति नहीं हो सकती, उसके लिए यत्न करने होते हैं, अपने श्रमसीकर से स्वयं को सींचना होता है। लेकिन अधिकांश तो परिश्रम के नाम से ही घबरा जाते हैं, कुछ लोग थोड़ा-सा तो आगे बढ़ते हैं किन्तु कुछ समय बाद थककर बैठ जाते हैं, कुछ बिरले श्रमसाधक ही अंत तक समान रूप से क्रियाशील रहते हैं और सफलता रूपी सुधारस पान कर पाते हैं। यह भी शाश्वत सत्य है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि सच्चे मन से किया गया परिश्रम कभी निष्फल नहीं जाता। संस्कृत की निम्न सूक्ति इस तथ्य को सम्भवतः बेहतर तरीके से स्पष्ट करती है-

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथाः। न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।

भावार्थ यह है कि परिश्रम से ही किसी कार्य में सिद्धी अर्थात् सफलता प्राप्त होती है, इच्छा रखने अर्थात् मनोरथ मात्र से नहीं। सोते हुए सिंह के मुख में मृग अर्थात् हिरण स्वतः ही प्रवेश नहीं कर जाता है।

इस संदर्भ में एक और तथ्य महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों को बहुत अधिक परिश्रम करने के बावजूद यथेष्ट सफलता या यश की प्राप्ति नहीं हो पाती, ऐसा क्यों होता है? इसका उत्तर यह है कि या तो किया गया परिश्रम दिशाहीन था अथवा कार्य करने में एकाग्रता का अभाव था। वैसे भी दिशाहीन परिश्रम को तो निष्फल होना ही है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कोई व्यक्ति किसी एक बिन्दु के दाएँ-बाएँ, ऊपर-नीचे बहुत तेजी से दौड़ लगाता रहे तो भी वह व्यक्ति प्रारम्भिक बिन्दु के आस-पास ही मंडराता रहेगा कभी अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच सकता।

इसी प्रकार किसी कार्य में एकाग्रता का अभाव व्यक्ति को उस कार्य में निष्णात नहीं बना सकता, इसके साथ ही किए गए कार्य में न तो परफेक्शन होता है और न ही ऐसे कार्य फलोत्पादक होते हैं। इस प्रकार किए गए कार्य व्यक्ति के समय और ऊर्जा को नष्ट ही करते है।

प्रश्न यह भी किया जाता है कि एकाग्रता में वृद्धि कैसे सम्भव है? इसका सबसे सटीक तरीका है-योग अभ्यास। योग व्यक्ति की एकाग्रता में ही वृद्धि नहीं करता बल्कि यह आपके सम्पूर्ण कार्य व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाता है, क्योंकि योग के सभी आठ अंग- जिनमें यम (नैतिक संहिता), नियम (आत्म-अनुशासन), आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार (इंद्रिय प्रत्याहार), धारणा , ध्यान, और समाधि (स्वयं के साथ एकता) शामिल हैं। इस प्रकार गुथे हुए हैं कि वे व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाते ही हैं।

अस्तु, आप यह जान लें कि हर व्यक्ति में सफल होने की क्षमताएँ तो विद्यमान होती हैं किन्तु सफल होने के लिए उसे अपनी कार्यशैली और व्यवहार में बदलाव तो लाने ही होंगे। अपने काम में उद्यम व एकाग्रता का समावेश करना ही होगा।

**"The successful warrior is the average man, with laser-like focus." – Bruce Lee**

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं का कलेंडर

- **21 जनवरी, 2024** : सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 फरवरी, 2024 (मॉर्निंग)** : संविदा नर्स (GNM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 फरवरी, 2024 (इवनिंग)** : संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **4 फरवरी, 2024** : कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **11 फरवरी, 2024** : कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **3 मार्च, 2024** : संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पर्यवेक्षक (महिला आँगनवाड़ी कार्यकर्ता) भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : उपकारापाल सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-III सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : जिलेदार (सिंचाई) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **मार्च-अप्रैल, 2024** : कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
# वन लाइनर

- ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण की जोड़ी ने 'एशियाई खेल, 2022' की किस स्पर्द्धा में 1769 अंको के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक (29 सितम्बर, 2023) जीता है? **पुरुषों की 50 मीटर एयर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्द्धा**
- 27 सितम्बर, 2023 को जारी 'टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024' में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज (IISC) बेंगलुरु को किस रैंक पर रखा गया है? **201-250**
- किस भारतीय वैज्ञानिक को कृषि एवं खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए 'नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवॉर्ड, 2023' के लिए चुना गया है? **डॉ. स्वाति नायक**
- 28 सितम्बर, 2023 को अनुश अग्रवाल, एशियाई खेल, 2022 में घुड़सवारी ड्रेसेज व्यक्तिगत स्पर्द्धा में कौनसा पदक जीतकर यह उपलब्धि पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं? **कांस्य पदक**
- नेपाल की किस पर्वतारोही ने निम्स पुर्जा का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 42 बार 8,000 मीटर की चढ़ाई का नया रिकॉर्ड बनाया है? **कामी रीता शेरपा**
- नासा द्वारा भेजे गए किस रोवर ने ऑटोनेव पर चलना शुरू कर रिकॉर्ड गति से एक विशाल बोल्डर क्षेत्र को पार करके एक प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की है? **पर्सिवरेंस मार्स रोवर**
- किस देश ने संसद में कानून पारित कराकर सितम्बर 2023 में स्वयं को परमाणु सम्पन्न देश घोषित कर दिया है? **उत्तरी कोरिया**
- किस भारतवंशी कैंसर चिकित्सक सहित 15 लोगों को 'व्हाइट हाउस फेलो' की 2023-24 श्रेणी के लिए सितम्बर 2023 में चुना गया है? **कमल मेंघराजानी**
- 'हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' द्वारा निर्मित किए जाने वाले कौनसे छह विमानों में से पहला भारतीय वायु सेना में सितम्बर 2023 शामिल कर लिया गया है? **डोर्नियर-228**
- भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने बेलग्रेड (सर्बिया) में आयोजित 'विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप, 2023' की 53 किग्रा भारवर्ग में कौनसा पदक 21 सितम्बर, 2023 को जीता? **कांस्य पदक**
- विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता केन्द्र (आईएमडी) द्वारा सितम्बर 2023 में जारी 'विश्व प्रतिभा रैंकिंग, 2023' में स्विट्जरलैण्ड शीर्ष स्थान पर है। इसमें भारत की रैंकिंग क्या है? **56वीं (2022 में 52वीं थी)**
- केन्द्र सरकार ने किन पूर्वोत्तर राज्यों में 'सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम' (AFSPA) को 1 अक्टूबर, 2023 से छह माह के लिए बढ़ा दिया है? **नागालैण्ड और अरुणाचल प्रदेश**
- वर्ष 2023 के लिए 'सर्वोच्च दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार' किसे प्रदान किए जाने की घोषणा 26 सितम्बर, 2023 को की गई है? **वहीदा रहमान**
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा सितम्बर 2023 में जारी किस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2050 तक भारत की आबादी में 20.8% हिस्सेदारी बुजुर्गों की होगी? **इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023**
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत किस राज्य के 100% गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है? **उत्तर प्रदेश**
- (143वें) अमेरिकी ओपन-2023 के पुरुष एकल का खिताब नोवाक जोकोविच ने किसे पराजित कर जीता? **डेनियल मेदवेदेव**
- अपनी तरह की पहली ड्रोन प्रदर्शनी सह-प्रदर्शन 'भारत ड्रोन शक्ति 2023' का आयोजन 25-26 सितम्बर, 2023 को कहाँ किया गया? **हिंडन वायु सेना स्टेशन, गाजियाबाद**
- नासा का 'OSIRIS-REx' किस क्षुद्रग्रह से जमा किए गए पत्थरों और धूल के नमूनों को लेकर सितम्बर 2023 में पृथ्वी पर पहुँचा है? **बेन्नू एस्टेरॉयड**
- दिल्ली में 20-21 सितम्बर, 2023 को आयोजित 14वें वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन का विषय क्या था? **युवाओं को सशक्त बनाकर उनके भविष्य का निर्माण करना**
- इसरो 2 सितम्बर, 2023 को प्रक्षेपित 'आदित्य-एल1' को पृथ्वी और सूर्य के मध्य स्थित किस हेलो कक्षा में पहुँचना है? **लैग्रेंजियन बिंदु (एल1)**
- चन्द्रयान-3 मिशन की प्रमुख सदस्य रही वह वैज्ञानिक, जिनका 2 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया? **एन. वलारमथी**
- जयपुर (राजस्थान) में 14-15 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न 'बाँध सुरक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 2023' की थीम क्या थी? **Safe & Secure Dams Ensure Nation's Prosperity**
- भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के मध्य कौनसा द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास सिंगापुर में 21-28 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ? **सिम्बेक्स (SIMBEX)**
- चौथी इण्डोनेशिया मास्टर्स सुपर-100 बैडमिंटन चैम्पियनशिप का पुरुष एकल खिताब 10 सितम्बर, 2023 को किसने जीता है? **किरण जॉर्ज (भारत)**
- नई दिल्ली में 9-10 सितम्बर, 2023 को आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में किस अन्तर्राष्ट्रीय संघ को जी-20 के स्थाई सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है? **अफ्रीकी संघ**
- '2023 टाइम्स 100 नेक्स्ट: द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' (13 सितम्बर, 2023 को जारी) सूची में किन तीन भारतीयों को शामिल किया गया है? **हरमनप्रीत कौर, नंदिता वेंकटेशन और वीनू डेनियल**
- वर्ष 2023 के लिए 'अन्तर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' (15 सितम्बर) की थीम क्या थी? **Empowering the next generation**
- 96वें अकादमी पुरस्कार (2024) के लिए किस फिल्म को भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में नामित किया गया है? **2018: एवरीवन इज ए हीरो**
- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' योजना की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन 2 सितम्बर, 2023 को किया है? **राम नाथ कोविंद (पूर्व राष्ट्रपति)**
- भारत द्वारा विश्व के किस पहले पोर्टेबल आपदा अस्पताल को सितम्बर 2023 में लॉन्च किया गया? **आरोग्य मैत्री क्यूब**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन
- वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन लॉन्च
- भारत और सऊदी अरब के मध्य ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता
- नवीनतम भारत-अमेरिका सहयोग पर मोदी और बाइडेन की द्विपक्षीय वार्ता
- चीन और सीरिया ने की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा
- माली, नाइजर, बुर्किनो फासो ने किए आपसी रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर
- भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका ने की संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा
- आसियान शिखर सम्मेलन

## नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन

G20 SUMMIT
NEW DELHI, INDIA 9-10 SEPTEMBER 2023

- भारत की अध्यक्षता में 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन (18th G20 Summit) का आयोजन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाए गए प्रतिष्ठित 'भारत मंडपम्' (अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-कन्वेंशन सेंटर) में 9-10 सितम्बर, 2023 को किया गया।
  - ✓ *यह पहला अवसर था, जब भारत ने जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।*
- **विषय (Theme)** : 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' (One Earth, One Family, One Future)/वसुधैव कुटुम्बकम
- **एजेंडा** : जी-20 भारत में जी-20 वार्ता के लिए निम्न छह एजेंडा प्राथमिकताएँ तय की गई थीं–
  - ✓ *हरित विकास, जलवायु वित्त और LiFE (Lifestyle for Environment)*
  - ✓ *त्वरित, समावेशी और लचीला विकास*
  - ✓ *एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना*
  - ✓ *तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना*
  - ✓ *21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थाएँ*
  - ✓ *महिला नेतृत्व वाला विकास (Women-led development)*
- **सम्मेलन में शामिल सदस्य** : अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इण्डोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।
- **आमंत्रित सदस्य** : बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैण्ड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन व संयुक्त अरब अमीरात।

### महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- सम्मेलन में अफ्रीकी संघ (African Union- AU) को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया।
  - ✓ *अफ्रीकी यूनियन के (21वें) अध्यक्ष अजाली असौमनी (Azali Assoumani) हैं, जो कोमोरोस के राष्ट्रपति भी हैं।*
- **आईएमईसी** : सदस्य देशों के नेताओं द्वारा **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर** (India-Middle East-Europe Economic Corridor-IMEC) प्रस्तावित और पारित किया गया है।
  - ✓ *आईएमईसी से सम्बन्धित एमओयू पर भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्रांस और जर्मनी द्वारा हस्ताक्षर किए गए।*
  - ✓ *आईएमईसी में भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाला एक ईस्टर्न कॉरिडोर और खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ने वाला एक नॉर्दर्न कॉरिडोर शामिल है। इसमें रेलवे और जहाज-रेल पारगमन नेटवर्क और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे।*
- **वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन** (Global Biofuels Alliance (GBA) की घोषणा।

### दिल्ली घोषणा-पत्र

- यूक्रेन में युद्ध पर मतान्तर के बावजूद सदस्य देशों द्वारा साझा घोषणा-पत्र जारी किया गया।
- जी-20 देशों की नई दिल्ली घोषणा-पत्र में रूस-यूक्रेन तनाव से लेकर धारणीय विकास, खाद्य सुरक्षा और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन शुरू करने जैसे विविध वैश्विक मुद्दों पर सर्वसम्मत सहमति बनी।
- जी-20 के लीडर्स ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय (जी-20 वुमेन मिनिस्ट्रीयल) का समर्थन करने के लिए महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक कार्य समूह के गठन पर सहमति व्यक्त की, जिसकी पहली बैठक ब्राजील की जी-20 अध्यक्षता के दौरान होगी।
- 'जी-20 लीडर्स डिक्लेरेशन' ने सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के साधन के रूप में पर्यटन के लिए '**गोवा रोडमैप**' (Goa Roadmap) और '**ट्रैवल फॉर लाइफ**' (Travel for LiFE) कार्यक्रम का समर्थन किया।

### जी-20 अध्यक्षता में परिवर्तन

- जी-20 देशों का अगला शिखर सम्मेलन ब्राजील की अध्यक्षता में होगा, इसके लिए भारतीय प्रधानमंत्री ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा को जी-20 अध्यक्ष का पारम्परिक उपहार सौंपा।

# सरकारी नौकरी की तैयारी अब है आपकी बारी

**Mother's** Education Hub ®

Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's

0141- 2711689

## कहीं भी Foundation Course में प्रवेश लेने से पहले अवश्य जानें

- ? Course Complete होगा या Only Pre का ?
- ? SSC Mains Practice Classes होती है क्या ? [Pre Only Qualify]
- ? Course Complete के बाद Practice Classes होती है क्या ?
- ? G.K और Computer की भी Practice Classes होती है क्या ?
- ? Maths & Reasoning में Speed Increase के लिए क्या किया जाता है ?
- ? English की भी Practice Classes होती है क्या ?
- ? Study Material Only Pre का होगा या Mains की Practice Booklets भी होगीं ?
- ? Study Material में P.Y.Q Booklets होती है क्या ?
- ? SSC Mains Practise Classes में कौन और कैसे पढ़ाया जाता है ?
- ? SSC Mains Test Series भी होती है क्या ?

## आप भी उठाएँ सफलता की दिशा में एक सही कदम ......

चयनित एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ऑफलाइन बैच प्रारम्भ

स्मार्ट रणनीति | समर्पित टीम | सपोर्टिव स्टाफ | गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन सामग्री

# SSC

## FOUNDATION BATCH

Start Every **MONDAY & FRIDAY**

- Updated Study Material
- Weekly Test Series (Online)
- Printed Notes/Books
- Detailed Concept Building of Each Topic
- Problem Solving Sessions upto Selection

निश्चित सफलता हेतु अभी से कड़ी मेहनत में जुटें।

आज ही अपनी सीट सुनिश्चित करें

201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur-18

0141-2711689, 7073909991

LALKOTHI 9414748428 | JHOTWARA 7073909992 | CHOMU 9116151416

ALWAR Jail Choraha 7073909994 | ALWAR Naya Bass Circle 7300051114

www.motherseudcationhub.org

✓ *ब्राजील को 1 दिसम्बर, 2023 को आधिकारिक रूप से इसकी अध्यक्षता प्राप्त होगी।*

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- **ट्राइब्स इंडिया :** ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिव डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) के 'ट्राइब्स इंडिया' पैवेलियन में पारम्परिक जनजातीय कला, कलाकृतियों, पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन, वस्त्र, जैविक प्राकृतिक उत्पादों और कई अन्य चीजों की एक विस्तृत शृंखला प्रदर्शित की गई।

**प्रदर्शित प्रमुख वस्तुएँ**

- **लोंगपी पॉटरी** (मणिपुर के लोंगपी गाँव के नाम पर, तांगखुल नागा जनजाति द्वारा असाधारण मिट्टी के बर्तनों की शैली), **छत्तीसगढ़ पवन बाँसुरी** (गोंड जनजाति द्वारा क्यूरेट की गई 'सुलूर' बाँस की पवन बाँसुरी), **गोंड पेंटिंग्स**, **गुजरात हैंगिंग्स** (दाहोद में भील और पटेलिया जनजाति द्वारा तैयार गुजराती वॉल हैंगिंग्स), **भेड़ ऊन के स्टोल (**हिमाचल प्रदेश/जम्मू-कश्मीर की बोध, भूटिया और गुज्जर बकरवाल जनजातियों द्वारा), **अराकू वैली कॉफी** (आंध्र प्रदेश में सुरम्य अराकू घाटी की अनूठे स्वाद वाली कॉफी) व **राजस्थान कलात्मकता का प्रदर्शन** (मोजेक लैंप, अम्बाबाड़ी मेटलवर्क और मीनाकारी शिल्प) ।
- यहाँ परेशभाई जयंतीभाई राठवा ने जी-20 शिल्प बाजार में पिथौरा कला का लाइव प्रदर्शन किया।

### जी- 20 समिट में भारत का सांस्कृतिक प्रदर्शन

- **भारत मंडपम् :** प्रगति मैदान पर लगभग ₹ 2,700 करोड़ के व्यय से निर्मित अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केन्द्र (International Exhibition-cum-Convention Centre-IECC) को 'भारत मंडपम्' नाम दिया गया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा 26 जुलाई, 2023 को किया गया था।
  - ✓ *'भारत मंडपम्' भगवान बसवेश्वर के **'अनुभव मंडपम्'** के विचार पर आधारित है, जो सार्वजनिक समारोहों के लिए एक मंडप था।*
  - ✓ *इमारत की चौथी मंजिल पर 3 हजार की क्षमता वाला एम्फीथियेटर है। यहाँ 25 मीटर ऊँचाई पर व्यूइंग गैलरी है, जिसे दिल्ली की खिड़की नाम दिया गया है।*
  - ✓ *इमारत का आकार शंख से लिया गया है। भारत मंडपम् के आर्किटेक्ट संजय सिंह हैं।*
- **प्रदर्शित किए गए अन्य प्रमुख सांस्कृतिक अवयव :** भगवान नटराज की 28 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा (चोल शैली), ओडिशा के सूर्य मंदिर का कोणार्क चक्र और नालंदा विश्वविद्यालय की छवि (प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि के रूप में प्रयुक्त), तंजावुर पेंटिंग और ढोकरा कला, बोधि वृक्ष के नीचे स्थापित भगवान बुद्ध की पीतल की मूर्ति, विविध संगीत विरासत (हिंदुस्तानी, लोक संगीत, कर्नाटक, भक्ति) आदि।
- यहाँ कल्चरल गैलरी में 29 देशों की 29 भाषाओं में 'वसुधैव कुटुम्बम्' लिखा है।
- भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान जी-20 की कुल 220 बैठकें देश के 60 शहरों में आयोजित की गईं।

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ जी-20 की स्थापना एशियाई वित्तीय संकट के बाद वैश्विक आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वर्ष 1999 में की गई थी।
- ➢ 19 देशों व यूरोपीय संघ की सदस्यता वाले इस अन्तःसरकारी मंच का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है।
- ➢ स्पेन जी-20 का स्थायी अतिथि सदस्य है।

## वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन लॉन्च

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'जी-20 शिखर सम्मेलन' से इतर 'वैश्विक जैव-ईंधन गठबंधन' (जीबीए) का शुभारम्भ 9 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- 'जीबीए' (Global Biofuels Alliance-GBA) जैव-ईंधन को अपनाने की सुविधा के लिए सरकारों, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और उद्योग का गठबंधन विकसित करने के लिए भारत के नेतृत्व वाली एक पहल है।
- **उद्देश्य :** इस पहल का उद्देश्य जैव-ईंधन के विकास और इसकी पहुँच बनाने के लिए जैव-ईंधन के सबसे बड़े उपभोक्ताओं और उत्पादकों को एक साथ लाते हुए, जैव-ईंधन को एनर्जी ट्रांसमिशन की कुंजी के रूप में स्थापित करना है।

### जीबीए में शामिल हो चुके देश व संगठन

- 19 देश और 12 अन्तर्राष्ट्रीय संगठन पहले ही इसमें शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं।
- **जीबीए का समर्थन करने वाले जी-20 देश (07) :** अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, भारत, इटली, दक्षिण अफ़्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **जीबीए का समर्थन करने वाले जी-20 आमंत्रित देश (04):** बांग्लादेश, सिंगापुर, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात।
- **जीबीए का समर्थन करने वाले गैर-जी 20 देश (08) :** आइसलैण्ड, केन्या, गुयाना, पैराग्वे, सेशेल्स, श्रीलंका और फिनलैण्ड तथा युगांडा (जीबीए के सदस्य बनने के लिए सहमत हो गए हैं।)।
- **अन्तर्राष्ट्रीय संगठन (12)**- विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक, विश्व आर्थिक मंच, विश्व एलपीजी संगठन, यूएन एनर्जी फॉर ऑल, यूनिडो, बायोफ्यूचर्स प्लेटफॉर्म, अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच, अन्तर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी, विश्व बायोगैस एसोसिएशन।
- उल्लेखनीय है कि जीबीए सदस्य जैव-ईंधन के प्रमुख उत्पादक और उपभोक्ता हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका (52%), ब्राजील (30%) और भारत (3%) इथेनॉल के उत्पादन में लगभग 85 प्रतिशत और खपत में लगभग 81 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

## भारत और सऊदी अरब के मध्य ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता

- सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद 'जी-20 समिट' में शामिल होने के उद्देश्य के साथ ही भारत के राजकीय मेहमान के रूप में भारत आए थे।
- उनकी इस यात्रा के दौरान भारत और सऊदी अरब ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर 10 सितम्बर, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं।
- इस एमओयू से भारत और सऊदी अरब ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत साझेदारी विकसित करेंगे। यह समझौता ज्ञापन जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक ऊर्जा प्रणाली के परिवर्तन के लिए भारत के प्रयासों का समर्थन करेगा।
- **समझौता के तहत् सहयोग के क्षेत्र :** दोनों देश नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, हाइड्रोजन, बिजली और दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और ऊर्जा सुरक्षा सहित ऊर्जा क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन, नवाचार और साइबर-सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने जैसे मामलों में सहयोग करेंगे।
- इस अवसर पर 'भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउन्सिल ' की पहली बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें रत्नागिरि (महाराष्ट्र) में प्रस्तावित **'वेस्ट कोस्ट रिफाइनरी परियोजना'** में तेजी लाने के लिए एक संयुक्त कार्य बल स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की।

## नवीनतम भारत-अमेरिका सहयोग पर मोदी और बाइडेन की द्विपक्षीय वार्ता

- 'जी-20 शिखर सम्मेलन' में सम्मिलित होने के उद्देश्य से संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन, जूनियर (Joseph R. Biden, Jr.) 8 सितम्बर, 2023 को भारत आए थे।
  - ✓ *राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रपति के रूप में पहली बार भारत के दौरे पर आए।*
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों की घनिष्ठ और स्थायी साझेदारी की पुष्टि करने के क्रम में द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। जिसमें भारत के प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले हिंद-प्रशांत का समर्थन करने में क्वाड के महत्व की पुनः पुष्टि की।

### द्विपक्षीय वार्ता के महत्वपूर्ण बिन्दु

- अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 2028-29 में गैर-स्थायी सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया।
- दोनों नेताओं ने लचीली वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण के लिए अपना समर्थन दोहराया।
- ओपन रैन तथा 5जी/6जी प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में सहयोग पर केन्द्रित दो संयुक्त कार्य बलों की स्थापना को भी स्वीकार किया गया।
- भारत ने 'यूएस रिप एण्ड रिप्लेस प्रोग्राम' में भारतीय कम्पनियों की भागीदारी के लिए उत्सुकता प्रकट की तथा अमेरिका में 'रिप एण्ड रिप्लेस पायलट' के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्वांटम क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय रूप से और अन्तर्राष्ट्रीय क्वांटम आदान-प्रदान अवसरों को सुविधाजनक बनाने के मंच 'क्वांटम एंटैंगमेंट एक्सचेंज' के माध्यम से मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**विशेष**

- ⌖ अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा से पहले अमेरिकी कांग्रेस ने भारत के साथ किए गए फाइटर जेट इंजन समझौते को मंजूरी दे दी। इससे जीई एफ-414 फाइटर जेट भारत में बनाने का रास्ता साफ हो गया है।
  - ✰ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और जीई एयरोस्पेस के मध्य हुआ था। इसमें तकनीक हस्तारण, जेट इंजन का भारत में निर्माण व लाइसेंसिंग व्यवस्था को शामिल किया गया है।

## चीन और सीरिया ने की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

- चीन और दक्षिण-पश्चिम एशियाई देश सीरिया ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।
- दोनों देशों के मध्य उक्त रणनीतिक साझेदारी की घोषणा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के साथ चीन के हांगझोऊ शहर में बातचीत के बाद 22 सितम्बर, 2023 को की गई।
- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आगामी एशियाई खेलों से पहले सीरिया के साथ राजनयिक बैठकों की शृंखला शुरू की थी, जिसमें सीरिया के राष्ट्रपति असद ने भी भाग लिया।
  - ✓ *15 दिवसीय एशियाई खेलों (23 सितम्बर-8 अक्टूबर, 2023) का आयोजन हांगझोऊ शहर में किया जा रहा है।*
- सीरिया के राष्ट्रपति असद की वर्ष 2004 के बाद चीन की यह पहली यात्रा थी।

**न्यूज फैक्ट**

- ⌖ चीन मध्य पूर्व के बाहर के उन चुनिंदा देशों में से एक है, जहाँ असद ने 2011 में गृह युद्ध शुरू होने के बाद से दौरा किया है।
- ⌖ वर्ष 2011 के सीरिया के गृह युद्ध में 5 लाख से अधिक लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हुए थे ।

## माली, नाइजर, बुर्किना फासो ने किए आपसी रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

- अफ्रीका महाद्वीप के तीन साहेल देशों– माली, नाइजर और बुर्किना फासो के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने माली की राजधानी बमाको में एक महत्वपूर्ण पारस्परिक रक्षा समझौते पर 16 सितम्बर, 2023 को हस्ताक्षर किए।
- उक्त 'लिप्टाको-गौरमा चार्टर' (Liptako-Gourma charter) के तहत् तीनों देशों के मध्य 'साहेल गठबंधन' (Alliance of Sahel States) की स्थापना की जाएगी।
- यह हस्ताक्षरित ऐतिहासिक चार्टर इन देशों को उनमें से किसी एक पर हमले की स्थिति में एक-दूसरे को सैन्य सहायता देने के लिए बाध्य करता है।
  - ✓ *साहेल अफ्रीका का एक अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र है जो सहारा रेगिस्तान और सवाना भूमि के बीच स्थित है। साहेल क्षेत्र में कई देश शामिल हैं, जिनमें सेनेगल, माली, बुर्किना फासो, नाइजर और चाड शामिल हैं।*
- **लिप्टाको-गौरमा क्षेत्र** : 'लिप्टाको-गौरमा क्षेत्र' वह क्षेत्र है जहाँ माली, बुर्किना फासो और नाइजर की सीमाएँ मिलती हैं। यह क्षेत्र विगत कुछ वर्षों में सशस्त्र विद्रोहों से त्रस्त रहा है।
- उल्लेखनीय है कि साहेल क्षेत्र जिहादी विद्रोह से जूझ रहा है, जो वर्ष 2012 में उत्तरी माली में उभरा और बाद में वर्ष 2015 में बुर्किना फासो और नाइजर तक फैल गया।

**न्यूज फैक्ट**

- माली, बुर्किना फासो व नाइजर पहले फ्रांस समर्थित जी-5 साहेल गठबंधन संयुक्त बल के सदस्य थे, जिसमें चाड और मॉरिटानिया शामिल थे। यह गठबंधन वर्ष 2017 में अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़े सशस्त्र समूहों का मुकाबला करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था।
- वर्ष 2020 के बाद इन देशों में राजनीतिक तख्तापलट हुआ है।
- नाइजर में हाल ही में तख्तापलट हुआ है, जहाँ सैनिकों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को जुलाई 2023 में उखाड़ फेंका।

## भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका ने की संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा

- भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के आई2यू2 (India, Israel, the United Arab Emirates-I2U2) समूह ने एक नए संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा की है।
- वस्तुतः आई2यू2 (I2U2) समूह के अंतरिक्ष के फोकस क्षेत्र के तहत् भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों (आर्टेमिस समझौते के सभी हस्ताक्षरकर्ताओं) ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस नए संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा 22 सितम्बर, 2023 को की।
- **उद्देश्य** : इसका प्राथमिक उद्देश्य चार 'आई2यू2' भागीदार देशों के अंतरिक्ष-आधारित अवलोकन डाटा और क्षमताओं का उपयोग करना है।
  - ✓ *इसका उद्देश्य नीति निर्माताओं, संस्थानों और उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय अंतरिक्ष आधारित उपकरण विकसित करना और मानवता की भलाई के लिए अंतरिक्ष डाटा के अनुप्रयोगों को करना है।*

## आसियान शिखर सम्मेलन

- ➢ **शीर्षक** : आसियान शिखर सम्मेलन (ASEAN Summit)
- ➢ **संस्करण** : 43वाँ
- ➢ **आयोजन** : 5-7 सितम्बर, 2023
- ➢ **आयोजन स्थल** : जकार्ता (इण्डोनेशिया)
- ➢ **थीम** : आसियान मामले : विकास का केन्द्र (ASEAN Matters : Epicentrum of Growth)

- दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (Association of South-east Asian Nations-ASEAN) का 43वाँ शिखर सम्मेलन इण्डोनेशिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।
  - ✓ *इस सम्मेलन की अध्यक्षता इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो (Joko Widodo) ने की।*
- दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' का 43वाँ शिखर सम्मेलन दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन से कुछ समय पूर्व चीन ने कुछ आसियान सदस्यों के विवादित बड़े हिस्से पर दावा करते हुए एक नया नक्शा जारी किया था, जिसके बाद इन राज्यों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।
- 43वें आसियान शिखर सम्मेलन में, भाग लेने वाले देशों ने 'आसियान समुदाय विजन-2025' के कार्यान्वयन और सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति-समाज के तीन स्तम्भों में ब्लूप्रिंट की समीक्षा की।
- आसियान नेताओं ने अन्य मुद्दों के अलावा म्यांमार में संकट पर भी चर्चा की।

### प्रमुख निर्णय

- 'आसियान' के नेतृत्वकर्ताओं ने वर्ष 2026 में म्यांमार को अपने क्षेत्रीय समूह की क्रमिक अध्यक्षता सँभालने का अवसर देने से इनकार करने का निर्णय किया है।
- फिलीपींस ने वर्ष 2026 में क्षेत्रीय ब्लॉक की अध्यक्षता सँभालने की सहमति प्रदान की है।

**आसियान-भारत शिखर सम्मेलन**

- '20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' (20th ASEAN-India Summit) और '18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन' (18th East Asia Summit) का आयोजन भी इण्डोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 7 सितम्बर, 2023 को किया गया।

- इण्डोनेशिया की अध्यक्षता में आयोजित उपर्युक्त दोनों सम्मेलनों में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भाग लिया, जिसके लिए वह इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर 6-7 सितम्बर, 2023 को जकार्ता, इण्डोनेशिया की यात्रा पर गए थे।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने '20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन' में एक 12-सूत्री प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नवत हैं-
  - ✓ *दक्षिण-पूर्व एशिया-भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप को जोड़ने वाले मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना ।*
  - ✓ *भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक को साझा करने की पेशकश।*
  - ✓ *डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष की घोषणा आसियान और पूर्वी एशिया के आर्थिक और अनुसंधान संस्थान (ईआरआईए) को समर्थन की पुनःस्थापना की घोषणा।*
  - ✓ *आसियान देशों को भारत में डब्ल्यूएचओ द्वारा स्थापित किए जा रहे ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन में शामिल होने का आमंत्रण।*
  - ✓ *मिशन लाइफ पर एक साथ काम करने का आह्वान आदि।*
- **विशेष** : आसियान-भारत समिट के दौरान, भारतीय प्रधान मंत्री ने **तिमोर-लेस्ते (Timor-Leste) में एक भारतीय दूतावास खोलने की घोषणा** की।

**आसियान : एक नजर में**

- **स्थापना :** 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक थाईलैण्ड में
- **संस्थापक सदस्य :** इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैण्ड ।
- **वर्तमान सदस्य (10) :** ब्रुनेई, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैण्ड और वियतनाम।

# International News InShort

## जागोरोचोरिया

- जागोरोचोरिया या जागोरी के गाँव (Zagorochoria or villages of Zagori) ग्रीस के एपिरस में माउंट पिंडोस पर पारम्परिक, सुरम्य गाँवों का एक समूह है, जिसे यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।
- 'जागोरी' को यूनेस्को विश्व विरासत सूची में शामिल करने का निर्णय सऊदी अरब के रियाद में विश्व धरोहर समिति के 45वें सत्र के दौरान 19 सितम्बर, 2023 को लिया गया।
- यह पहली बार है जब यूनेस्को ने ग्रीस के किसी क्षेत्र को आधुनिक युग की सांस्कृतिक विरासत के लिए सूचीबद्ध किया है। इससे पहले, सूचीबद्ध सभी क्षेत्र प्राचीन ग्रीस या बीजान्टियम (Ancient Greece or Byzantium) से सम्बन्धित थे।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

Current affairs Quest — In Oneliner

- 'किलाऊआ ज्वालामुखी' कहाँ स्थित है, जिसमें 10 सितम्बर, 2023 को पुनः विस्फोट हुआ? **बिग आईलैंड, हवाई**
- जी-20 अवसंरचना कार्य समूह की चौथी बैठक 21-22 सितम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **खजुराहो, मध्य प्रदेश**
- भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत् जी-20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप (FWG) की चौथी और अंतिम बैठक 18-19 सितम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **रायपुर (छत्तीसगढ़)**
- किस खालिस्तानी समर्थक की हत्या के बाद भारत और कनाड़ा के सम्बन्ध अत्यन्त तनावपूर्ण हो गए हैं? **हरदीप सिंह निज्जर**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं ने 17 सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को लागू करने पर कार्रवाई में तेजी लाने के लिए कब एक ऐतिहासिक राजनीतिक घोषणा-पत्र को अपनाया? **18 सितम्बर 2023 को**
- पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इस देश में आम चुनाव कब सम्पन्न कराए जाने की घोषणा सितम्बर 2023 में की है? **जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में**
- ब्रिटेन में कौनसी रहस्यमयी जीवाणु संक्रमण जनित दुर्लभ बीमारी कुत्तों से इंसान में फैल रही है? **ब्रुसेला कैनिस**
- यूके में भारतीय समुदाय के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक समारोहों और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों का चर्चित रहे लंदन के प्रतिष्ठित 'इंडिया क्लब' को 17 सितम्बर, 2023 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसकी स्थापना कब की गई थी? **वर्ष 1951 में (इंडिया लीग द्वारा)**
- किस पश्चिम अफ्रीकी देश में जुलाई 2023 में हुए तख्तापलट के बाद फ्रांस ने इस देश से अपने सैनिकों को वापस बुला लेने की घोषणा सितम्बर 2023 मे की है? **नाइजर**
- 'नागोर्नो-काराबाख' कॉकेशस के पूर्वी भाग में पूर्वी यूरोप और एशिया के मध्य बसे किन देशों के बीच एक विवादित स्थल है, जो हाल ही में एक बार इन देशों के मध्य सैन्य संघर्ष का कारण बना है? **आर्मेनिया और अजरबैजान**
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश में नई गैस और डीजल कारों पर प्रतिबंध में पाँच साल की देरी कर इसे कब से लागू करने की घोषणा 20 सितम्बर, 2023 को की? **वर्ष 2035 से**
- यूनाइटेड किंगडम ने यूरोपीय संघ के किस रिसर्च प्रोग्राम में फिर से शामिल होने का निर्णय (ब्रेक्जिट गतिरोध के बाद) 7 सितम्बर, 2023 को किया है? **हॉराइजन साइंस रिसर्च प्रोग्राम**
- अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प ने अक्टूबर माह को राज्य के भीतर किस के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा सितम्बर 2023 में की? **हिंदू विरासत माह**



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- 128वाँ संविधान संशोधन विधेयक-2023 संसद में पारित
- भारतीय संसद का विशेष सत्र : पुरानी संसद का नामकरण 'संविधान सदन' किया गया
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को वैश्विक मान्यता
- शांति निकेतन और होयसल मंदिर समूह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल
- '2023 टाइम्स 100 नेक्स्ट : द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची
- विश्व के पहले पोर्टेबल अस्पताल का अनावरण
- 'वीरांगना दुर्गावती' बना मध्य प्रदेश का 7वाँ बाघ अभयारण्य
- छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव
- देश में एलीफेंट कॉरिडोर की संख्या 150 हुई
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में किया अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास
- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत का 40वाँ स्थान बरकरार
- भारत में बढ़ रही है एक सींग वाले गैंडों की संख्या : स्टेट ऑफ द राइनो, 2023
- भारत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र- 'यशोभूमि' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लॉन्च
- ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को मंजूरी

## 128वाँ संविधान संशोधन विधेयक-2023 संसद में पारित

- भारतीय संसद ने विशेष सत्र में लाया गया '128वाँ संविधान संशोधन विधेयक-2023' पारित कर दिया है।
- महिला आरक्षण से सम्बन्धित **'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'** शीर्षक वाले इस विधेयक को लोकसभा में 20 सितम्बर, 2023 को तथा राज्यसभा द्वारा 21 सितम्बर, 2023 को पारित किया गया, जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 सितम्बर को इसे अपनी मंजूरी दे दी।
  - ✓ *केन्द्र सरकार द्वारा इससे सम्बन्धित अधिसूचना जारी करने के साथ ही यह कानून बन गया है। इसका लाभ जनगणना और परिसीमन के बाद मिल सकेगा।*
- लोकसभा में यह विधेयक को 454 मत पक्ष में व 2 मत विपक्ष (एआईएमआईएम के सांसद) में मिले, जबकि राज्यसभा में 214 सदस्यों ने इस विधेयक के समर्थन में वोट किया और इसके विरोध में मतदान नहीं किया गया।
- '128वाँ संविधान संशोधन विधेयक-2023'/'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' **नए संसद भवन में पारित होने वाला पहला विधेयक** है।

### विधेयक के प्रावधान

- 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान करता है।
- 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' के कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या 181 हो जाएगी। राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएँगी।
- विधेयक में फिलहाल 15 वर्ष के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा।
- आरक्षण राज्यसभा या विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।
- एससी-एसटी महिलाओं के लिए आरक्षण एससी-एसटी कोटे से ही मिलेगा। वर्तमान लोकसभा में एससी-एसटी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 131 है। महिला आरक्षण लागू होने के बाद इनमें से एक तिहाई अर्थात् 44 सीटें एससी-एसटी महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएँगी।
- इस विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।
- विधेयक के प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि इसके कानून बनने के बाद कराई जाने वाली जनगणना के आँकड़ों को ध्यान में रखते हुए परिसीमन की कवायद या निर्वाचन क्षेत्रों के पुनः सीमांकन के बाद ही आरक्षण लागू होगा। इससे इस विधेयक का लाभ महिलाओं को वर्ष 2029 में मिलने की सम्भावना है।

### राज्यसभा में उपाध्यक्षों के लिए सर्व-महिला पैनल का गठन

- उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान 21 सितम्बर, 2023 के लिए 13 महिला राज्यसभा सदस्यों के उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया था।
- **उपाध्यक्षों के पैनल में नामांकित महिला राज्यसभा सदस्य**– पी.टी. उषा, एस. फांगनोन कोन्याक, जया बच्चन, सरोज पांडे, रजनी अशोकराव पाटिल, डॉ. फौजिया खान, डोला सेन, इंदु बाला गोस्वामी, डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू , कविता पाटीदार, महुआ माजी, डॉ. कल्पना सैनी और सुलता देव।

**न्यूज फैक्ट**

- 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन द्वारा ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य किया गया है, जो क्रमशः 24 अप्रैल, 1993 और 1 जून, 1993 को प्रभावी हुए।

## भारतीय संसद का विशेष सत्र : पुरानी संसद का नामकरण 'संविधान सदन' किया गया

- भारतीय संसद का विशेष सत्र 18-22 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया गया।
  - ✓ *यह 17वीं लोकसभा का 13वाँ तथा राज्यसभा का 261वाँ सत्र था।*
- इस विशेष सत्र में पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा को सम्बोधित करते हुए भारत की संसदीय परम्पराओं का स्मरण किया, जिसके बाद संसद को पुराने संसद भवन से नए संसद भवन में स्थानांतरित कर दी गई।
  - ✓ *नई संसद की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 दिसम्बर, 2020 को रखी थी तथा इसका उद्घाटन 28 मई, 2023 को किया गया था।*
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आधिकारिक तौर पर पुराने संसद भवन, जिसे पहले संसद भवन के नाम से जाना जाता था, का नाम बदलकर **'संविधान सदन'** कर दिया है।
  - ✓ *इसे लोकसभा सचिवालय द्वारा एक आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया है।*
- **ध्वजारोहण** : संसद के उक्त विशेष सत्र से पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन के गज द्वार पर 17 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**न्यूज फैक्ट**

- **संसद के विशेष सत्र** : भारतीय संसद के अब तक 6 विशेष सत्र हुए हैं, जोकि निम्नवत् हैं-
  - ☆ **पहला**- 14-15 अगस्त, 1947 (स्वतंत्रता के समय)।
  - ☆ **दूसरा**- 14-15 अगस्त, 1972 (आजादी की रजत जयंती के अवसर पर)।
  - ☆ **तीसरा**- 9 अगस्त, 1992 (भारत छोड़ो आंदोलन की 50वीं वर्षगाँठ के अवसर पर)।
  - ☆ **चौथा**- अगस्त, 1947 (आजादी की स्वर्ण जयंती के अवसर पर)।
  - ☆ **पाँचवाँ**- 30 जून, 2017 (जीएसटी लागू करने के लिए आधी रात को)।
  - ☆ **छठवाँ**- 18-22 सितम्बर, 2023 (नए संसद भवन में प्रवेश व नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने हेतु)।

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को वैश्विक मान्यता

- भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) ने 10 वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन' (WFME) द्वारा हाल ही में मान्यता प्राप्त हुई है।
- हाल ही में भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission–NMC) ने 10 वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन' (WFME) से मान्यता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।
- इस मान्यता के भाग के रूप में, भारत में सभी 706 मौजूदा मेडिकल कॉलेजों को WFME से मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
- आगामी 10 वर्षों में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेजों को स्वतः WFME से मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
- भारतीय मेडिकल स्नातक अब अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड जैसे देशों में स्नातकोत्तर और अभ्यास कर सकते हैं।

**न्यूज फैक्ट**

- 'वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन' (WFME) का मान्यता कार्यक्रम किसी चिकित्सा संस्थान द्वारा शिक्षा और प्रशिक्षण के उच्चतम अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने तथा बनाए रखना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग' (NMC) भारत का प्रमुख नियामक निकाय है जो चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास का निरीक्षण करता है।

## शांति निकेतन और होयसल मंदिर समूह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल

- यूनेस्को ने पश्चिम बंगाल के **'शांति निकेतन'** (Santiniketan) और **कर्नाटक के प्रसिद्ध होयसल मंदिरों** (Hoysala Temples) के समूह को अपनी 'विश्व धरोहर सूची' में शामिल कर लिया है।
  - ✓ *कर्नाटक में 'होयसल के पवित्र मंदिर समूह' में बेल्लूर, हलेबिड और सोमनाथपुरा के होयसल मंदिरों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।*
- भारत के इन विरासत स्थलों को इस सूची में शामिल करने का निर्णय रियाद, सऊदी अरब में सितम्बर 2023 में आयोजित विश्व धरोहर सूची के 45वें सत्र में लिया गया।
  - ✓ *भारत वर्तमान में अपने चौथे कार्यकाल (2021-25) के लिए समिति का सदस्य है।*
- 'शांति निकेतन' और 'होयसल मंदिरों' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने से भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।
  - ✓ *भारत के 42 विश्व धरोहरों में से 34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित सम्पत्ति शामिल है।*
  - ✓ *वर्तमान में 42 विश्व धरोहरों के साथ भारत का विश्व में छठा स्थान है।*
- यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल 42 भारतीय स्थलों में सर्वाधिक महाराष्ट्र के हैं।

### सम्मिलित किए गए विरासत स्थलों के बारे में

#### होयसल मंदिर

- होयसल मंदिरों का निर्माण 12वीं-13वीं शताब्दी के बीच हुआ था। बेल्लूर के चन्नकेश्वर, हलेबिड के केदारेश्वर व होयसलेश्वर मंदिर और सोमनाथपुरा का केशव मंदिर उत्कृष्ट स्मारक हैं।
- हलेबिड के होयसलेश्वर मंदिर का निर्माण राजा विष्णुवर्धन के अधिकारी केतुमल्ला सेट्टी ने कराया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

- हलेबिड के ही केदारेश्वर मंदिर का निर्माण 1173-1228 ई. में होयसल कालीन राजा वीरा बल्ला द्वितीय द्वारा अपनी रानी केतला देवी के लिए करवाया गया था।
- सोप स्टोन से निर्मित यह मंदिर भगवान विष्णु और उनके अवतारों को समर्पित है।
- बेल्लूर के चन्नकेश्वर मंदिर का निर्माण होयसल राजवंश के राजा विष्णुवर्धन द्वारा 1104-1117 ई. के बीच कराया गया था।
  - ✓ *चन्नकेश्वर को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है।*
- मैसूर जिले के सोमनाथपुरा में केशव मंदिर का निर्माण 1268 ई. में होयसल वंश के राजा नरसिम्हा तृतीय के मंत्री सोमदन्नायक ने कराया था।

**शांति निकेतन**

- नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर ने बीरभूमि जिले के बोलपुर में एक आश्रम की स्थापना वर्ष 1863 में की थी।
- गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1901 में मात्र पाँच छात्रों को लेकर यहाँ एक स्कूल शुरू किया था, वर्तमान में यह 'विश्वभारती विश्वविद्यालय' के रूप में विख्यात है।

## '2023 टाइम्स 100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित तीन भारतीयों को टाइम पत्रिका ने दुनिया को आकार देने वाले शीर्ष 100 उभरते लीडर्स के रूप में नामित किया है।
- 13 सितम्बर, 2023 को जारी '2023 टाइम्स 100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची में तीन भारतीयों हरमनप्रीत कौर, नंदिता वेंकटेशन और वीनू डेनियल को शामिल किया गया है। साथ ही इस सूची में भारतीय मूल के **नवारुण दासगुप्ता** को भी जगह मिली है।

### नामित व्यक्तियों के परिचय

**हरमनप्रीत कौर**

- भारतीय कप्तान ने वर्ष 2017 में हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप मैच में सिर्फ 115 गेंदों पर नाबाद 171 रन बनाए।

**नंदिता वेंकटेशन**

- नंदिता वेंकटेशन, क्षयरोग (TB) से ग्रस्त रही हैं, उन्होंने दवा के दुष्प्रभाव के कारण अपनी सुनने की क्षमता खो दी थी। वेंकटेशन ने दवा के खिलाफ कोर्ट में लम्बी लड़ाई लड़ी। इसके कारण टीबी जैसी बीमारी के इलाज के लिए सस्ती जेनेरिक दवाओं का रास्ता खुल गया।

**वीनू डेनियल**

- वीनू लोगों को स्थानीय ज्ञान के प्रति सम्मान सिखाते हैं, जो लोगों में भौतिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और भविष्य के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण रवैये के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण है।

## एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

- 'नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग' (National Council of Educational Research and Training–NCERT) को मानित विश्वविद्यालय (Deemed University) का दर्जा दिया गया है।
- इस आशय की घोषणा शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने 'एनसीईआरटी' के 63वें स्थापना दिवस पर 1 सितम्बर, 2023 को की।
- डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद 'एनसीईआरटी' ग्रेजुएशन, पोस्टग्रेजुएशन और डॉक्टरेट के कोर्स शुरू कर सकेगी। इसके साथ ही इसे कई तरह के एग्जाम, विभिन्न परीक्षाओं के लिए सिलेबस, एग्जाम पैटर्न आदि डिजाइन करने का जिम्मा भी सौंपा जा सकता है।
  - ✓ *देशभर में क्षेत्रीय और राज्य शिक्षा परिषदें 'एनसीईआरटी' के ऑफ-कैंपस के रूप में कार्य करेंगी।*

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ **एनसीईआरटी की स्थापना**-27 जुलाई 1961
- ➢ **एनसीईआरटी का मोटो**- विद्यया अमृतमश्नुते
- ➢ **एनसीईआरटी के निदेशक, चेयरमैन**- डॉ. दिनेश प्रसाद सकलानी

## विश्व के पहले पोर्टेबल अस्पताल का अनावरण

- आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक अग्रणी कदम के रूप में, भारत ने विश्व के पहले पोर्टेबल आपदा अस्पताल (Portable Disaster Hospital) का अनावरण सितम्बर 2023 में किया।
- पूरी तरह स्वदेशी इस पोर्टेबल आपदा अस्पताल को '**आरोग्य मैत्री क्यूब**' (Aarogya Maitri Cube) नाम दिया गया है।
- भारत के वैज्ञानिकों ने विश्व के इस पहले आपदा अस्पताल को 'प्रोजेक्ट भीष्म' के तहत् तैयार किया है।
  - ✓ *'प्रोजेक्ट भीष्म' (BHISHM- Bharat Health Initiative for Sahyog Hita and Maitri) का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2022 में किया गया था।*

**'आरोग्य मैत्री क्यूब' के बारे में**

- कहीं भी आपदा होने पर इस अस्पताल को मात्र 8 मिनट में तैयार कर मरीजों का इलाज शुरू किया जा सकता है।
- 720 किलो के 36 बॉक्स में इसका सारा सामान आ जाता है, जिसे हेलिकॉप्टर से नीचे फेंकने पर भी बॉक्स नहीं टूटते हैं और न ही पानी का असर होता है।
- आरोग्य मैत्री क्यूब में 72 क्यूब हैं। इन क्यूब्स में शामिल महत्वपूर्ण उपकरण और आपूर्ति में एक ऑपरेटिंग रूम, एक छोटा आईसीयू, वेंटिलेटर, रक्त परीक्षण उपकरण, एक एक्स-रे मशीन, एक खाना पकाने का स्टेशन, भोजन, पानी, आश्रय, एक बिजली जनरेटर आदि शामिल हैं।

## ‘वीरांगना दुर्गावती’ बना मध्य प्रदेश का 7वाँ बाघ अभयारण्य

- मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के तीन जिलों में फैले ‘नौरादेही अभयारण्य’ को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया है।
- नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी के तीन माह बाद सरकार ने इस सम्बन्ध में नोटिफिकेशन 22 सितम्बर, 2023 को जारी कर दिया।
- इसके साथ ही इस अभयारण्य का नाम बदलकर **‘वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व’** कर दिया है।
- ‘वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व’ मध्य-प्रदेश का 7वाँ टाइगर रिजर्व होगा।
- सागर, दमोह, नरसिंहपुर जिलों में विस्तृत इस बाघ अभयारण्य में लगभग 1,414 वर्ग किलोमीटर को कोर क्षेत्र और 925.12 वर्ग किलोमीटर को बफर जोन में शामिल किया गया है।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- नौरादेही अभयारण्य की स्थापना 1975 में की गई थी। वर्तमान में नौरादेही में 12 बाघ हैं।
- मध्य प्रदेश में अन्य 6 बाघ अभयारण्य–**कान्हा, बांधवगढ़, सतपुड़ा, पेंच, पन्ना और संजय-डुबरी** हैं।
- **‘स्टेटस ऑफ टाइगर्स :को-प्रीडेटर्स एण्ड प्रे इन इंडिया-2022’** के अनुसार, देश में बाघों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश (785) में है। मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या वर्ष 2018 में 526 थी।

## छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव

- देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हेतु 5 सितम्बर, 2023 को मतदान किया गया, जिनके परिणाम 8 सितम्बर, 2023 को घोषित किए गए।
- सात सीटों में पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी सीट, त्रिपुरा की धनपुर और बॉक्सनगर सीट, केरल में पुथुपल्ली सीट, उत्तर प्रदेश की घोसी सीट, उत्तराखण्ड की बागेश्वर सीट और झारखण्ड की डुमरी सीट शामिल थीं।

**उपचुनाव परिणाम : एक नजर में**

| विधानसभा सीट | विजेता | दल |
|---|---|---|
| घोसी (उत्तर प्रदेश) | सुधाकर सिंह | समाजवादी पार्टी |
| बागेश्वर(उत्तराखण्ड) | पार्वती दास | भारतीय जनता पार्टी |
| डुमरी (झारखण्ड) | बेबी देवी | झारखण्ड मुक्ति मोर्चा |
| धुपगुड़ी (पश्चिम बंगाल) | निर्मल चन्द्र रॉय | टीएमसी |
| पुथुपल्ली (केरल) | चांडी ओमन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| बॉक्सनगर (त्रिपुरा) | तफ्फजल हुसैन | भारतीय जनता पार्टी |
| धनपुर (त्रिपुरा) | बिंदु देबनाथ | भारतीय जनता पार्टी |

- सात सीटों में से तीन (धनपुर, बागेश्वर और धूपगुड़ी) पर भाजपा और एक-एक पर समाजवादी पार्टी (घोसी), सीपीआई (एम) (बॉक्सानगर), जेएमएम (डुमरी) और कांग्रेस (पुथुपल्ली) का कब्जा था।

## देश में एलीफेंट कॉरिडोर की संख्या 150 हुई

- केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा ‘भारत के हाथी गलियारे’ (Elephant Corridors of India) शीर्षक वाली एक व्यापक रिपोर्ट जारी की गई है।
- इस नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार देश में कम से कम 150 हाथी गलियारे (Elephant Corridors) हैं, जो 15 रेंज-राज्यों में फैले हुए हैं।
- केन्द्र सरकार की वर्ष 2010 की एलीफेंट टास्क फोर्स रिपोर्ट (गज रिपोर्ट) में देश में 88 गलियारे सूचीबद्ध थे। इस प्रकार केन्द्र सरकार ने 62 नए हाथी गलियारों (एलीफेंट कॉरिडोर) की पहचान की है।

**रिपोर्ट के प्रमुख बिन्दु**

- 26 गलियारों के साथ पश्चिम बंगाल सबसे शीर्ष पर है, यह कुल गलियारों का 17% है।
- पूर्वी मध्य भारत में 52 गलियारे (35%) हैं, जबकि गलियारों के मामले में उत्तर-पूर्व क्षेत्र का योगदान 32% है, जहाँ 48 गलियारे हैं।
- दक्षिणी भारत में 32 गलियारे हैं जो कुल का 21% है और उत्तरी भारत का गलियारों में योगदान 12% है, यहाँ सबसे कम 18 गलियारे है।
- हाथियों ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र और कर्नाटक की सीमा से लगे दक्षिणी महाराष्ट्र में अपना विस्तार किया है।
- इनमें से 59 गलियारों में हाथियों के उपयोग की तीव्रता बढ़ी है, 29 में स्थिर रही और 29 अन्य में कमी आई है।
- रिपोर्ट किए गए 150 हाथी गलियारों में से 126 राज्यों की राजनीतिक सीमाओं के भीतर हैं जबकि 19 दो राज्यों में स्थित हैं।
- भारत और नेपाल के बीच 6 अन्तर्राष्ट्रीय गलियारे भी हैं, जो मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश में हैं।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में किया अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

- वाराणसी दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गंजारी में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास 23 सितम्बर, 2023 को किया।
- यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश में बनाया जा रहा पहला स्टेडियम है।

**स्टेडियम की विशेषताएँ**

- गंजारी, राजातालाब में लगभग ₹ 450 करोड़ के व्यय से बनने वाला स्टेडियम 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला होगा।
- इस स्टेडियम की वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरित है।

- इस स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक दिखेगी।
- इस स्टेडियम का आकार अर्द्ध चंद्राकार होगा, जिसमें लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होंगी।
- इसकी बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन होगी और डिजाइन में डमरू का आकार भी दिखाई देगा।
- स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शकों की होगी।

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत का 40वाँ स्थान बरकरार

- विश्व बौद्धिक संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 (GII-2023) रैंकिंग में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से अपनी 40वीं रैंक बरकरार रखी है।
  - ✓ *वर्ष 2015 में भारत 81वें स्थान पर था।*
- कोरोना महामारी के दौरान भारत ने कई क्षेत्रों में इनोवेशन किया जिससे इनोवेशन रैंकिंग में सुधार हुआ है।
- नीति आयोग के अनुसार, भारत पिछले कई वर्षों से GII में तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- GII, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
  - ✓ *यह सूचकांक 132 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के प्रदर्शन और नवीनतम वैश्विक नवाचार रुझानों को ट्रैक करता है।*
  - ✓ *कई देश अपने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का आकलन और सुधार करने और आर्थिक योजना में आवश्यक सुधार लाने के लिए GII का उपयोग करते हैं।*
- GII 2023 में दुनिया की सबसे इनोवेटिव शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाएँ क्रमशः हैं–स्विट्जरलैण्ड, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, फिनलैण्ड, नीदरलैण्ड्स, जर्मनी, डेनमार्क और रिपब्लिक ऑफ कोरिया।

## भारत में बढ़ रही है एक सींग वाले गैंडों की संख्या : स्टेट ऑफ द राइनो, 2023

- अमेरिका स्थित 'इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन' (International Rhino Foundation-IRF) द्वारा विश्व गैंडा दिवस से पहले 'राइनो स्थिति रिपोर्ट-2023' (2023 State of the Rhino Report) 20 सितम्बर, 2023 को जारी की गई।
  - ✓ *'विश्व गैंडा दिवस' प्रति वर्ष 22 सितम्बर को गैंडों की पाँच प्रजातियों और उनके संरक्षण के वार्षिक वैश्विक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।*
- 'आईआरएफ' की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत संरक्षण तंत्र, वन्यजीव अपराध कानूनों को सख्ती से लागू करने और प्राकृतिक वास के विस्तार के कारण भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडों की आबादी लगातार बढ़ रही है।

### राइनो स्थिति रिपोर्ट-2023 : महत्वपूर्ण तथ्य

- यह रिपोर्ट अफ्रीका और एशिया में पाँच जीवित गैंडा प्रजातियों की वर्तमान जनसंख्या अनुमान एवं रुझान का दस्तावेजीकरण है।
- अवैध शिकार अब भी गैंडों की सभी पाँच प्रजातियों– काले, सफेद, बड़े एक सींग वाले, सुमात्रा (गैंडों) और जावा (गैंडों) के लिए खतरा है।
- दो प्रजातियों–काले गैंडे और बड़े एक सींग वाले गैंडे, की संख्या में वृद्धि जारी है।
- दो प्रजातियाँ–सफेद गैंडे और सुमात्रा गैंडे, की संख्या में गिरावट आई है। जबकि जावा गैंडे की जनसंख्या प्रवृत्ति की स्थिति अज्ञात है।
- भारत, भूटान और नेपाल एक सींग वाले गैंडों के संरक्षण के लिए सीमा पार प्रबंधन रणनीति को लागू करने के लिए मिलकर काम करते हैं।
- दक्षिण अफ्रीका में सफेद गैंडों का अवैध शिकार विनाशकारी क्षति के स्तर पर है।
- विश्व के सबसे बड़े राइनो फार्म के 2,000 व्हाइट राइनो को पूरे अफ्रीका के जंगलों में छोड़ा जाएगा।
- **नामीबिया**, जिसे दुनिया में सबसे अधिक संख्या के कारण **काले गैंडों का घर** कहा जाता है, में वर्ष 2021-2022 में गैंडों के अवैध शिकार में 93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- भारत, भूटान, नेपाल, इण्डोनेशिया और मलेशिया ने राइनो प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए एक घोषणा-पत्र (दिल्ली घोषणा-पत्र) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- वर्ष 2022 में असम में गैंडे के अवैध शिकार की कोई घटना दर्ज नहीं की गई।
- वर्ष 2022 में असम सरकार ने उत्तर-मध्य असम में 'ओरंग राष्ट्रीय उद्यान' में लगभग 200 वर्ग किमी. क्षेत्र जोड़ने को अंतिम रूप दिया।
- 'ओरंग राष्ट्रीय उद्यान' अब बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य से जुड़ गया है, जिससे असम में राइनो वाले सभी संरक्षित क्षेत्रों के बीच जुड़े एक गलियारे का निर्माण पूरा हो गया है।
  - ✓ *इस गलियारे में मानस राष्ट्रीय उद्यान, पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान, लाओखोवा और बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।*

## भारत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र- 'यशोभूमि' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के द्वारका में भारत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र- 'यशोभूमि' का पहला चरण 17 सितम्बर, 2023 को राष्ट्र को समर्पित किया।
- भारत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र- 'यशोभूमि' (India International Convention and Expo Centre - Yashobhoomi) दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉलों में से एक है।

- 1.07 लाख वर्ग मीटर से अधिक में बने इन प्रदर्शनी हॉलों का उपयोग प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया जाएगा।

**यशोभूमि : प्रमुख तथ्य**

- **कुल परियोजना क्षेत्र** : 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक
- **कुल निर्मित क्षेत्र** : 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक
- **निर्माण व्यय** : ₹ 5400 करोड़
- यह 100 प्रतिशत अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग, वर्षा जल संचयन के प्रावधानों के साथ अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली से सुसज्जित है।
- 73,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बने 'कन्वेंशन सेंटर' में मुख्य सभागार, भव्य बॉलरूम और 13 बैठक कक्ष सहित 15 सम्मेलन कक्ष शामिल हैं। जिसमें एक साथ कुल 11,000 प्रतिनिधि इकट्ठे हो सकते हैं।
- इसके परिसर को सीआईआई के 'भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल' (Indian Green Building Council–IGBC) से प्लेटिनम प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

- **विशेष**– इस दौरान पीएम मोदी ने द्वारका सेक्टर-25 में एक नए मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया, जो दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन का विस्तार है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लॉन्च

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर की गई घोषणानुसार 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितम्बर, 2023 को लॉन्च की।
- यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी।
- पीएम विश्वकर्मा के पहले चरण में निम्न 18 पारम्परिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है-
  - ✓ *बढ़ई, नौका निर्माता, शस्त्रसाज, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, (पत्थर तोड़ने वाला), मोची (जूता/जूता कारीगर), राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल बनाने वाला।*

**योजना के मुख्य बिन्दु व प्रावधान**

- पीएम विश्वकर्मा को ₹ 13,000 करोड़ के परिव्यय के साथ केन्द्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा।
- 5% की रियायती ब्याज दर पर ₹ 1 लाख (पहली किश्त) और ₹ 2 लाख (दूसरी किश्त) तक संपार्श्विक-मुक्त ऋण सहायता।
- प्रशिक्षण के दौरान ₹ 500 प्रतिदिन भत्ता दिया जाएगा।
- आधुनिक टूलकिट के लिए ₹ 15 हजार का वाउचर दिया जाएगा।
- उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग में सरकार मदद करेगी।

## ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को मंजूरी

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 'ई-कोर्ट परियोजना' चरण-3 को ₹ 7210 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ चार वर्ष (2023 से आगे) के लिए एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना के रूप में मंजूरी 13 सितम्बर, 2023 को दी है।
- 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना' के हिस्से के रूप में, भारतीय न्यायपालिका की आईसीटी सक्षमता के लिए 'ई-कोर्ट परियोजना' (e-Courts Project) वर्ष 2007 में शुरू की गई थी।
- इसका दूसरा चरण वर्ष 2023 में समाप्त हो गया है।
- 'ई-कोर्ट परियोजना' का तीसरा चरण 'पहुँच और समावेशन' (Access and Inclusion) के सिद्धांत पर आधारित है।
- **उद्देश्य** : ई-कोर्ट चरण-3 का उद्देश्य विरासत रिकॉर्ड सहित पूरे न्यायालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल और पेपरलेस न्याय की आसान व्यवस्था शुरू करना है।

# National News InShort

### बिश्वनाथ घाट

- असम राज्य के सोनितपुर जिले के 'बिश्वनाथ घाट' को पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव-2023' (The Best Tourism Village of India-2023) के रूप में चुना गया है।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिश्वनाथ घाट का चयन 31 राज्यों और 791 आवेदनों में से किया गया है।

**बिश्वनाथ घाट के बारे में**

- बिश्वनाथ घाट ब्रह्मपुत्र के तट पर स्थित है। इसका नाम प्राचीन बिश्वनाथ मंदिर के नाम पर रखा गया है।
- इसे गुप्तों के स्वर्णिम शासन के दौरान काशी की तुलना के क्रम में 'गुप्त काशी' भी कहा जाता है।
- यहाँ विभिन्न देवताओं के मंदिरों का समूह है। इनमें से एक शिव मंदिर ब्रह्मपुत्र के साथ बृधागंगा/बुरीगोंगा (Bridhaganga/Burigonga) नदी के संगम पर स्थित था।

### सांची

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में विश्व धरोहर स्मारक स्थल सांची नगर को **देश की पहली सोलर सिटी** के रूप में 6 सितम्बर, 2023 को लोकार्पित किया।
- सांची के पास नागौरी में तीन मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना के फलस्वरूप सांची सोलर सिटी बनी है। निकट भविष्य में गुलगांव में पाँच मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित होगी।
- सांची सोलर सिटी बनने से प्रति वर्ष लगभग 13747 टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी जो कि लगभग 2.3 लाख वयस्क वृक्षों के समान है।

- उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के नवीकरणीय विभाग और आईआईटी कानपुर के मध्य सांची को नेट जीरो सिटी बनाने के करारनामे पर हस्ताक्षर किए गए।


### स्टेच्यू ऑफ वननेस

- मध्य प्रदेश की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में जगत्गुरु 'आदि शंकराचार्य' की 108 फीट ऊँची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ वननेस' (Statue of Oneness) का अनावरण मांधाता पर्वत पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 21 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- यहाँ 'अद्वैत लोक' नाम से एक संग्रहालय और आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान भी बनाया गया है।
- उल्लेखनीय है कि आदि शंकराचार्य मात्र 8 वर्ष की उम्र में अपने गुरु को खोजते हुए केरल से ओमकारेश्वर आए थे, जहाँ उन्होंने गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा ली थी।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

Current affairs Quest
In Oneliner

- 'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' ने पुलों और अन्य संरचनाओं के डिजाइन तथा निर्माण को मजबूत करने के लिए किसके साथ 20 सितम्बर, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं? **दिल्ली मेट्रो रेल निगम**
- केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र ऊधमपुर के विभिन्न गाँवों में 'चलो चलें टीबी को हराएँ' नारे के साथ 'श्री माता वैष्णो देवी नारायण हेल्थकेयर (एसएमवीडी) टीबी मुक्त एक्सप्रेस' को 17 सितम्बर, 2023 को हरी झंडी दिखाई। केन्द्र सरकार ने किस वर्ष तक 'टीबी मुक्त भारत' का लक्ष्य रखा है? **वर्ष 2025**
- तकनीकी सहयोग और संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिए भारतीय नौसेना ने देश के किस संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर 22 सितम्बर, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं? **भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरू**
- नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर 22 सितम्बर, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं? **अखिल विश्व गायत्री परिवार**
- चीन द्वारा किस राज्य के भारतीय वुशू खिलाड़ियों को अपने यहाँ प्रवेश देने से इनकार करने के विरोध में केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों में अपनी यात्रा रद्द कर दी है? **अरुणाचल प्रदेश**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी, 2024) में मुख्य अतिथि बनने का निमंत्रण दिया है? **अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन**
- पश्चिम बंगाल के पानागढ़ सैन्य केन्द्र में स्क्रैप रीसाइक्लिंग से पूर्वी कमान के ब्रह्मास्त्र ईगल्स द्वारा बनाई गई आकृति लगाई गई है। इसे क्या नाम दिया गया है? **ब्रह्मास्त्र**
- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से स्नातक चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए 10% क्षैतिज आरक्षण लागू करने के किस केन्द्रशासित प्रदेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है? **पुडुचेरी**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन' (National e-Vidhan Application–NeVA) का उद्घाटन 13 सितम्बर, 2023 को कहाँ किया? **गुजरात विधान सभा**
- अमेरिका के Pew Research Center द्वारा जारी किए गए एक नवीनतम सर्वे के अनुसार कितने भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसंदीदा नेता माना है? **79 प्रतिशत**
- सीमा सड़क संगठन द्वारा विश्व के सबसे ऊँचे हवाई अड्डे का निर्माण (14 हजार फीट की ऊँचाई) कहाँ किया जाएगा, जिसकी आधारशिला रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 12 सितम्बर, 2023 को रखी? **न्यौमा क्षेत्र, लद्दाख**
- बिश्नाह-कौलपुर-फूलपुर रोड पर रणनीतिक महत्व का देवक पुल (अत्याधुनिक 422.9 मीटर लम्बा) कहाँ है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 12 सितम्बर, 2023 को किया गया? **जम्मू-कश्मीर**
- हरियाणा के झज्जर जिले के झांसवा गाँव के कार्तिक ने चैट जीपीआई का देसी संस्करण बनाया है। उन्होंने इसे क्या नाम दिया है? **रघुराई बॉट**
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने देश में 4000 मेगावाट घंटा बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली की स्थापना के लिए कितनी राशि के व्यवहार्यता अंतर कोष को 6 सितम्बर, 2023 को मंजूरी दी है? **₹ 3760 करोड़**
- केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत् देश में कितनी महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने का निर्णय लिया है? **75 लाख**
- केन्द्र सरकार की रक्षा खरीद परिषद् ने 12 सुखोई-30 एमकेआई विमान व प्रक्षेपास्त्र खरीद के अलावा सेना के तीनों अंगों के लिए कितनी राशि के 9 रक्षा खरीद प्रस्तावों को 15 सितम्बर, 2023 को मंजूरी दी है? **₹ 45 हजार करोड़**
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'स्किल इंडिया मिशन' को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से तैयार किन बसों को 17 सितम्बर, 2023 को हरी झण्डी दिखाई? **स्किल ऑन व्हील्स**
- देश के किस राज्य में पहली बार तीन महिलाओं को सहायक पुजारियों के रूप में नियुक्त किया जाएगा? **तमिलनाडु**
- शिक्षक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की ओर से संचालित मानव संसाधन विकास केन्द्रों (HRD) को अब किस रूप में जाना जाएगा? **मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र**



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### भारत का पहला सौर मिशन 'आदित्य-एल1' सफलतापूर्वक लॉन्च

- 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए अपना पहला मिशन 'आदित्य-एल1' (Aditya-L1) को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है।
- 'आदित्य-एल1' को पीएसएलवी-एक्सएल/सी-57 (PSLV-XL/C-57) रॉकेट द्वारा आन्ध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से 2 सितम्बर, 2023 को प्रक्षेपित किया गया।
- **गंतव्य**: 'आदित्य-एल1' को 'एल1' अर्थात् '**लैग्रेंजियन बिन्दु**' (Lagrange point 1) के चारों ओर हेलो कक्षा तक पहुँचना है।
  - ✓ *'**लैग्रेंजियन बिन्दु**' पर सूर्य और पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति पूरी तरह से संतुलित होती है।*
  - ✓ *इस स्थान का नाम फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ लुईस लैगरेंज के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने इस बिन्दु के बारे में 18वीं सदी में खोज की थी।*
  - ✓ *यह बिन्दु सूर्य-पृथ्वी के मध्य पृथ्वी से लगभग 15,00,000 किमी. (9,30,000 मील) दूर है। यहाँ तक पहुँचने में 'आदित्य-एल1' को लगभग 125 पृथ्वी दिन लगेंगे और यह जनवरी 2024 में इस बिन्दु पर पहुँचेगा।*
- **उद्देश्य**: इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकम्प या कोरोनल मास इंजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने सम्बन्धी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं तथा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम सम्बन्धी समस्याओं को समझना है।
- **पेलोड**: 'आदित्य-एल1' अपने साथ सात पेलोड लेकर गया है, जिनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। सात पेलोड निम्नवत हैं-
  - ✓ **वीईएलसी**: Visible Emission Line Coronagraph (VELC)
  - ✓ **स्यूट**: Solar Ultraviolet Imaging Telescope (SUIT)
  - ✓ **सोलेक्स**: Solar Low Energy X-ray Spectrometer (SoLEXS)
  - ✓ **हेलिओस**: High Energy L1 Orbiting X-ray Spectrometer (HEL1OS)
  - ✓ **एसपेक्स**: Aditya Solar wind Particle Experiment (ASPEX)
  - ✓ **पापा**: Plasma Analyser Package For Aditya (PAPA) *और*
  - ✓ उन्नत त्रि-अक्षीय उच्च रिज़ॉल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर (Advanced Tri-axial High Resolution Digital Magnetometers)
- **'आदित्य-एल1' की परियोजना निदेशक**: निगार शाजी (शेंगोट्टई, तमिलनाडु)।
- **मिशन के प्रधान वैज्ञानिक**: शंकरसुब्रमण्यम के।

### जापान का चन्द्र मिशन 'मून स्नाइपर' लॉन्च

- भारत के चंद्र मिशन 'चन्द्रयान-3' की सफलता के बाद जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा (JAXA) ने अपना चन्द्र मिशन **'मून स्नाइपर' (Moon Sniper)** लॉन्च किया है।
- जापान की अंतरिक्ष एजेंसी 'जाक्सा' ने इस मिशन को तनेगाशिमा अंतरिक्ष केन्द्र से अपने 'H-IIA' रॉकेट द्वारा 7 सितम्बर, 2023 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- 'जाक्सा' ने इस मिशन के तहत् एक लैंडर 'स्लिम' (Smart Lander for Investigating Moon–SLIM) और एक्स-रे इमेजिंग एण्ड स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन (X-ray Imaging and Spectroscopy Mission–XRISM) भेजा है।
  - ✓ *'स्लिम' का भार 200 किलोग्राम है। इसकी तुलना में चन्द्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल विक्रम का वजन लगभग 1,750 किलोग्राम था।*
- एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन (XRISM) ब्रह्माण्ड के संरचना निर्माण, बहिर्प्रवाह का अध्ययन करेगा। इसे जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने नासा के साथ साझेदारी में तैयार किया है।
- जापान के इस मिशन को चन्द्रमा पर पहुँचने में लगभग 6 माह का समय लगेगा।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## मिसाइल सह गोला-बारूद बार्ज 'एलएसएएम 9' (यार्ड 77) लॉन्च

- तृतीय मिसाइल सह गोला-बारूद बार्ज, यार्ड 77 'एलएसएएम 9' [Missile Cum Ammunition (MCA) Barge, Yard 77 (LSAM 9)] आन्ध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी स्थित गुट्टेनादेवी (मैसर्स SECON का प्रक्षेपण स्थल) में 22 सितम्बर, 2023 को लॉन्च किया गया।
- स्वदेशी निर्माताओं से प्राप्त सभी प्रमुख और सहायक उपकरणों/प्रणालियों से लैस यह बार्ज रक्षा मंत्रालय की 'मेक इन इंडिया' पहल का परिणाम है।
- एमसीए बार्ज की उपलब्धता भारतीय नौसेना के जहाज व पोतघाट के साथ बाहरी बंदरगाहों दोनों पर वस्तुओं/गोला-बारूद के परिवहन, आरोहण और उतरने के लिए परिचालन प्रतिबद्धताओं की सुविधा प्रदान करेगी।
- पहला एमसीए बार्ज 18 जुलाई, 2023 को और दूसरा बार्ज 18 अगस्त, 2023 को लॉन्च किया गया है। इन बार्ज का निर्माण 30 साल की सेवा अवधि के साथ किया जा रहा है।

## उत्तर कोरिया ने लॉन्च की नई सामरिक परमाणु पनडुब्बी

- प्रायद्वीपीय देश उत्तर कोरिया ने एक नवनिर्मित 'सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी' (Tactical Nuclear Attack Submarine) 6 सितम्बर, 2023 को लॉन्च की है, जो पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है।
- उत्तर कोरिया के यह सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी नंबर 841 को वहाँ के ऐतिहासिक व्यक्तित्व के नाम पर 'हीरो किम कुन ओके' (Hero Kim Kun Ok) नाम दिया गया है, जो पानी के भीतर आक्रामक साधनों के रूप में अपने लड़ाकू मिशन को अंजाम देगी।
- उत्तर कोरिया का इस नवीनतम कदम का उद्देश्य अमेरिकी परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का मुकाबला करना है।

## सातवाँ स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरि' लॉन्च

- मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में बनाए जा रहे प्रोजेक्ट 17ए के सातवें स्टील्थ फ्रिगेट 'महेन्द्रगिरि' (Mahendragiri) को शिपयार्ड में 1 सितम्बर, 2023 को लॉन्च किया गया।
- इस युद्धपोत का नाम ओडिशा में पूर्वी घाट में सबसे ऊँची पर्वत चोटी 'महेन्द्रगिरि' के नाम पर रखा गया है।
- यह युद्धपोत उन्नत युद्धक प्रणालियों, अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है।
- इसके निर्माण के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 28,000 टन स्टील की आपूर्ति की गई।
- यह 'प्रोजेक्ट 17-ए' के तहत् निर्मित नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत बेड़े का सातवँ और आखिरी युद्धपोत है।
- 'प्रोजेक्ट 17ए' 'प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक क्लास) फ्रिगेट्स' का अनुवर्ती वर्ग है, जिसमें बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं।
- 'प्रोजेक्ट 17ए' के तहत् निर्मित जहाजों के उपकरणों और प्रणालियों हेतु 75 प्रतिशत ऑर्डर स्वदेशी कम्पनियों को दिए गए हैं।
- 'प्रोजेक्ट 17ए' परियोजना के तहत् मैसर्स मझगाँव डॉक लिमिटेड द्वारा कुल चार जहाजों और मैसर्स जीआरएसई द्वारा तीन जहाजों का निर्माण किया जा रहा है।

### डिजाइन

- 'महेन्द्रगिरी' को नौसेना के ब्यूरो ऑफ नेवल डिजाइन द्वारा डिजाइन किया गया है।
- 149 मी. लम्बे व 16 मीटर चौड़े इस युद्धपोत की विस्थापन क्षमता लगभग 6600 टन है।
- ₹ 27,000 करोड़ के व्यय से निर्मित इस युद्धपोत की अधिकतम गति 30 समुद्री मील प्रति घण्टा है।

## भारत को मिला पहला एयरबस सी-295 विमान

- यूरोपियन कम्पनी एयरबस डिफेंस एण्ड स्पेस से भारतीय वायु सेना को अपना पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान (C295–Military Transport Aircraft) मिल चुका है।
- वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन के सेविले में वैश्विक विमान निर्माता 'एयरबस डिफेंस एण्ड स्पेस' द्वारा भारत के लिए बनाया गया पहला सी-295 परिवहन विमान 13 सितम्बर, 2023 को प्राप्त किया।
- भारतीय वायुसेना और एयरबस के बीच ऐसे 56 विमानों का समझौता अक्टूबर 2021 में हुआ था।
- समझौते के तहत् कम्पनी वर्ष 2025 तक 16 सी-295 विमान 'फ्लाई-अवे' स्थिति में भारत को देगा।
  - ✓ *शेष 40 सी-295 विमानों का निर्माण यूरोपीय विमानन प्रमुख एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी के हिस्से के रूप में भारत में किया जाएगा।*

### सी-295 विमान की विशेषताएँ

- दो इंजन वाला यह विमान 482 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ सकता है।
- यह एक इंजन के सहारे 13,533 फीट और दोनों इंजन के काम करने पर 30 हजार फीट की ऊँचाई तक उड़ सकता है
- यह 844 मीटर के रनवे से उड़ान भर सकता है जबकि लैंड करने के लिए सिर्फ 420 मीटर लम्बे रनवे की जरूरत पड़ती है।
- रिफ्यूलिंग की सुविधा युक्त यह विमान लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है।
- मीडियम टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्टअधिकतम 9250 किलोग्राम तक वजन उठाकर उड़ सकता है।



# आर्थिक परिदृश्य

- सिंगापुर बनी विश्व की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था
- मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती हेतु लाइसेंस की वार्षिक लाइसेंसिंग नीति
- शक्तिकांत दास को ए प्लस रेटिंग
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किया किसानों के लिए पहलों का अनावरण
- देश का पहला स्वदेशी परमाणु संयन्त्र शुरू

## सिंगापुर बनी विश्व की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था

- सिंगापुर ने दुनिया की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था का खिताब हासिल कर लिया है।
- इसके साथ सिंगापुर ने हांगकांग को पीछे छोड़ दिया है, जो मुक्त अर्थव्यवस्था के मामले में विगत 53 वर्षों से विश्व में शीर्ष स्थान पर कायम था।
- शीर्ष मुक्त अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति में यह बदलाव कनाडाई थिंक टैंक 'फ्रेजर इंस्टीट्यूट' द्वारा 22 सितम्बर, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में व्यक्त किया गया है।
- वर्ष 1970 में 'विश्व आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक' (Economic Freedom of the World Index) शुरू होने के बाद से यह पहली बार है, जब हांगकांग पहले स्थान से दूसरे स्थान पर फिसला है।

**विश्व की शीर्ष 10 सर्वाधिक मुक्त अर्थव्यवस्थाएँ**

| रैंक | अर्थव्यवस्था | स्कोर | रैंक | अर्थव्यवस्था | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगापुर | 8.56 | 6 | आयरलैण्ड | 8.11 |
| 2 | हांगकांग | 8.55 | 7 | डेनमार्क | 8.1 |
| 3 | स्विट्जरलैण्ड | 8.47 | 8 | ऑस्ट्रेलिया | 8.0 |
| 4 | न्यूजीलैण्ड | 8.43 | 9 | यूके | 8.0 |
| 5 | अमेरिका | 8.14 | 10 | कनाड़ा | 7.98 |

## मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती हेतु लाइसेंस की वार्षिक लाइसेंसिंग नीति

- केन्द्र सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए फसल वर्ष 2023-24 में अफीम पोस्त की खेती के सम्बन्ध में लाइसेंस की वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा 14 सितम्बर, 2023 को की।
- इस नीति में शामिल सामान्य शर्तों के अनुसार इन राज्यों में लगभग 1.12 लाख किसानों को लाइसेंस दिए जाने की संभावना है।
  - ✓ *इसमें पिछले फसल वर्ष की तुलना में 27,000 अतिरिक्त किसान शामिल हैं।*
- इस लाइसेंस को प्राप्त करने वाले लगभग 54,500 योग्य अफीम किसान मध्य प्रदेश से हैं। वहीं, राजस्थान के लगभग 47,000 और उत्तर प्रदेश के 10,500 किसान हैं।
  - ✓ *यह आँकड़ा वर्ष 2014-15 को समाप्त पाँच वर्षों की अवधि के दौरान लाइसेंस दिए गए किसानों की औसत संख्या का लगभग 2.5 गुना है।*
- वित्त मंत्रालय के अनुसार यह वृद्धि घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दर्द कम करने सम्बन्धी देखभाल और अन्य चिकित्सा उद्देश्यों के लिए औषध (फार्मास्युटिकल) तैयारियों की बढ़ती माँग को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है।

## शक्तिकांत दास को ए प्लस रेटिंग

- अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' (Global Finance) ने वैश्विक स्तर पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को **शीर्ष केन्द्रीय बैंकर का दर्जा** दिया है।
- वस्तुतः शक्तिकांत दास को ग्लोबल फाइनेंस के सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड-2023 (Global Finance's Central Banker Report Cards-2023) में **'ए प्लस' (A+)** रेटिंग दी गई है।
- आरबीआई द्वारा 1 सितम्बर, 2023 को प्रदत्त जानकारी के अनुसार अमेरिका स्थित ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका द्वारा इस सूची में तीन केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों को 'ए प्लस' रेटिंग दी गई, जिनमें भारतीय गर्वनर शक्तिकांत दास शीर्ष पर रहे।
  - ✓ *उनके बाद स्विट्जरलैण्ड के थॉमस जे. जॉर्डन (Thomas J. Jordan) और वियतनाम के गुयेन थी होंग (Nguyen Thi Hong) को इस सूची में स्थान दिया गया है।*

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किया किसानों के लिए पहलों का अनावरण

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि-ऋण और फसल बीमा पर केन्द्रित पहल का अनावरण 19 सितम्बर, 2023 को किया।
- **कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पहलें-**
  - ✓ *किसान ऋण पोर्टल (केआरपी)*
  - ✓ *मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (WINDS) पर मैनुअल*
  - ✓ *केसीसी घर-घर अभियान*
- **उद्देश्य** : इन पहलों का उद्देश्य कृषि में क्रांति लाना, वित्तीय समावेशन को बढ़ाना, डेटा उपयोग को अनुकूलित करना और देशभर में किसानों के जीवन में सुधार करना है।

## पहलों के बारे में

- **किसान ऋण पोर्टल (केआरपी)** : एक एकीकृत केन्द्र के रूप में कार्य करता है, जो किसान डेटा, ऋण वितरण की विशिष्टताओं, ब्याज अनुदान के दावों और योजना उपयोग की प्रगति का व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है
- **घर-घर केसीसी अभियान :** यह कार्यक्रम 'घर-घर केसीसी अभियान' की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक किसान के पास बिना किसी बाधा के क्रेडिट सुविधाओं तक पहुँच हो।
- **विंड्स मैनुअल :** 'मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम' (Weather Information Network Data Systems-WINDS) पहल तालुक/ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित मौसम स्टेशन और वर्षामापी का नेटवर्क स्थापित करने के लिए एक अग्रणी प्रयास है।

## देश का पहला स्वदेशी परमाणु संयन्त्र शुरू

- गुजरात में देश के पहले सबसे बड़े स्वदेशी 700 मेगावॉट क्षमता के काकरापार परमाणु ऊर्जा संयन्त्र की यूनिट-3 ने पूरी क्षमता पर परिचालन 31 अगस्त, 2023 से शुरू कर दिया।
- काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना (केएपीपी) के रिएक्टर ने 30 जून, 2023 को वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया था, लेकिन अब तक यह अपनी 90% क्षमता पर काम कर रहा था।
- न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) काकरापार में 700 मेगावॉट के दो दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (PHWR) का निर्माण कर रहा है।
- यहाँ 220 मेगावाट के दो बिजली संयन्त्र भी हैं। इसके अलावा, एनपीसीआईएल ने देश-भर में सोलह 700 मेगावॉट पीएचडब्ल्यूआर बनाने की योजना बनाई है।

# Economic News InShort


## भारत-यूके इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ब्रिज

- भारत की राष्ट्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के समर्थन में विशेषज्ञता और निवेश का लाभ उठाने के लिए एक सहयोगी पहल, 'भारत-यूके इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ब्रिज' (India-UK Infrastructure Finance Bridge) की घोषणा की गई है।
- इस पहल की घोषणा भारत और ब्रिटेन के मध्य नई दिल्ली में 11 सितम्बर, 2023 को आयोजित '12वीं आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता' (12th Economic and Financial Dialogue-EFD) के दौरान की गई।
- 'भारत-यूके इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ब्रिज' नीति आयोग और सिटी ऑफ लंदन कॉर्पोरेशन के सह-नेतृत्व में एक सहयोगी उद्यम होगा।
- इस पहल का उद्देश्य प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करना है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

Current affairs Quest — In Oneliner

- मूडीज, फिच और एस एण्ड पी ग्लोबल रेटिंग्स की आलोचना करता आ रहा वह अन्तर्राष्ट्रीय संघ, जो वर्ष 2024 में अपनी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है- **अफ्रीकी संघ**
- मोनो-सैचुरेटेड एसिड व पोषक तत्वों से भरपूर केन्या के किस उत्पाद को भारतीय बाजार में लाने की शुरुआत नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में 21 सितम्बर, 2023 को की गई? **एवोकाडो**
- उभरती अर्थव्यवस्था कार्यक्रम विकसित करने के लिए 'इंडिया ग्लोबल फोरम' ने किस संस्था के साथ एक आशय पत्र पर सितम्बर 2023 में हस्ताक्षर किए हैं? **वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट**
- बांग्लादेश सरकार ने अपने व्यापारियों को भारत में लगभग 4,000 मीट्रिक टन कौनसी मछली बेचने की अनुमति दी है? **हिल्सा मछली**
- केन्द्र सरकार ने देश की किस कम लागत वाली एयरलाइन को अन्तर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ान भरने की अनुमति प्रदान कर दी है? **अकासा एयर (Akasa Air)**
- क्रिकेटर दीपक चाहर ने उभरते हुए क्रिकेटरों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ब्रांड की शुरुआत की है? **डीनाइन स्पोर्ट्स (DNINE Sports)**
- विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेशन के लिए जी-20 वैश्विक साझेदारी दस्तावेज में पिछले दशक में भारत में किसके परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की गई है? **डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (Digital Public Infrastructure-DPI)**
- सिंगापुर के किस एयरपोर्ट पर बायोमेट्रिक टोकन के माध्यम से बिना पासपोर्ट के विमान से सफर करने की सुविधा वर्ष 2024 से प्रारम्भ की जाएगी? **चांगी एयरपोर्ट**
- एक दशक के भीतर दोनों देशों के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ 'भारत-अमेरिका टास्क फोर्स' की शुरुआत 31 अगस्त, 2023 को की गई। इस टास्क फोर्स का अध्यक्ष किसे बनाया गया है? **राम सेवक शर्मा (ट्राई के पूर्व अध्यक्ष)**
- केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किस कम्पनी द्वारा संचालित देश की पहली हाइड्रोजन चलित बस को 25 सितम्बर, 2023 को देश की राजधानी दिल्ली में हरी झण्डी दिखाई? **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC)**




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान/Rajasthan

### आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाएगा 'संकल्प सप्ताह' का आयोजन

- नीति आयोग के 'आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम' के अन्तर्गत सम्मिलित प्रदेश के ब्लॉकों में 'संकल्प सप्ताह' का आयोजन 3-9 अक्टूबर, 2023 को किया जाएगा।
- **'सबकी आकांक्षाएँ सबका विकास' की थीम** पर आयोजित होने वाले इस 'संकल्प सप्ताह' के अन्तर्गत राज्य के सभी 27 आशान्वित ब्लॉकों में दिवस-वार स्वास्थ्य मेला, पोषण मेला, स्वच्छता शिविर, कृषि महोत्सव, शिक्षा एक संकल्प, समृद्धि दिवस और समावेश समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### धौलपुर कम्बाइंड गैस आधारित विद्युत परियोजना से विद्युत उत्पादन शुरू

- धौलपुर कम्बाइंड गैस आधारित विद्युत परियोजना की इकाई-2 से विद्युत उत्पादन 21 सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ कर दिया गया है। इसे पूर्ण क्षमता से चलाए जाने पर प्रतिदिन 2.64 मिलियन यूनिट राज्य को उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**परियोजना के बारे में**

- 'राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम' की 330 मेगावॉट (110 मेगावॉट की तीन इकाई) क्षमता की गैस आधारित परियोजना धौलपुर जिले में स्थित है।
- इसकी कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 7.92 मिलियन यूनिट प्रतिदिन है।
- ₹ 1115 करोड़ की लागत से निर्मित इसकी तीनों इकाइयों से वाणिज्यिक उत्पादन 1 मार्च, 2008 से प्रारम्भ किया गया था।
- गैस की अनुपलब्धता के कारण धौलपुर की इकाइयों को दिसम्बर 2019 में बॉक्स-अप करना पड़ा था।

### राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023-24

- राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर की ओर से दिए जाने वाले वार्षिक पुरस्कारों के तहत वर्ष 2023-24 के लिए पुरस्कारों की घोषणा 26 सितम्बर, 2023 को की गई।
- उक्त घोषणा के तहत् वर्ष 2023-24 का सर्वोच्च **मीरां पुरस्कार** जयपुर निवासी **रत्नकुमार सांभरिया को उनके उपन्यास 'सांप'** के लिए दिया जाएगा।

| पुरस्कार | प्राप्तकर्ता | कृति |
|---|---|---|
| **मीरां पुरस्कार** | रत्नकुमार सांभरिया (जयपुर) | उपन्यास 'सांप' |
| **साहित्य-मनीषी** | वेद व्यास | - |
| ● अकादमी द्वारा 70 वर्षों में अब तक कुल 17 लोगों को यह पुरस्कार दिया गया है, जिनमें डॉ. संपूर्णानंद, रामधारी सिंह दिनकर, जर्नादन राय नगर, कन्हैयालाल सेठिया, डॉ. रामानंद तिवारी 'भारती नंदन' जैसे वरिष्ठ और लब्धप्रतिष्ठि साहित्यकार शामिल हैं। | | |
| **जनार्दनराय नागर सम्मान** | डॉ. रणजीत | - |
| **सुधींद्र पुरस्कार** | चेतन औदिच्य (उदयपुर) | पानी (कविता संग्रह) |
| **रांगेय राघव पुरस्कार** | पुरुषोत्तम पोमल (जालौर) | पाषाण पुत्री क्षत्राणी हीरा-दे (उपन्यास) |
| **देवराज उपाध्याय पुरस्कार** | हरीश बी. शर्मा (बीकानेर) | प्रस्थान बिंदु |
| **कन्हैयालाल सहल पुरस्कार** | राघवेंद्र रावत (जयपुर) | मारक लहरों के बीच (डायरी) |
| **देवीलाल सामर पुरस्कार (नाटक विधा)** | रासबिहारी गौड़ (अजमेर) | गांधी जिंदा है |
| **शंभूदयाल सक्सेना पुरस्कार बाल साहित्य** | रोचिका अरुण शर्मा (कोटा मूल की चेन्नई निवासी) | किताबों से बातें (कथाकृति) |
| **सुमनेश जोशी पुरस्कार (प्रथम कृति)** | बिलाल पठान (उदयपुर) | अब पेड़ फल बेचेंगे |

**पुरस्कार-सम्मान राशि**

- **मीरां पुरस्कार** : ₹ 75 हजार
- **सुमनेश जोशी पुरस्कार** : ₹ 21 हजार
- **साहित्य मनीषी** : ₹ 2.5 लाख
- **जनार्दनराय नागर सम्मान** : ₹ 1 लाख
- **अन्य पुरस्कार** : ₹ 31 हजार

### 'पैलेस ऑन व्हील्स' पर्यटन सत्र की पहली ऑपरेशनल यात्रा पर

- भारतीय रेल और राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) द्वारा संचालित विश्व प्रसिद्ध शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' ने इस वर्ष के पर्यटन सत्र की पहली ऑपरेशनल यात्रा शुरू कर दी है।

- राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने इस शाही रेलगाड़ी को नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 सितम्बर, 2023 को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य स्थानों के लिए रवाना किया।
- सत्र की पहली ऑपरेशनल यात्रा में शाही रेलगाड़ी 56 देशी-विदेशी पर्यटकों को अनेक पर्यटक स्थलों का भ्रमण करा कर 4 अक्टूबर, 2023 को पुनः नई दिल्ली पहुँचेगी।
- **ट्रेन का रूट** : यह ट्रेन अपनी एक सप्ताह के शाही सफर के तहत् (सितम्बर 2023 से अप्रैल 2024 तक प्रत्येक बुधवार को) नई दिल्ली से जयपुर, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, भरतपुर, आगरा होती हुई पुनः नई दिल्ली पहुँचेगी।

## राजस्थान के दो गाँवों को 'ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार'

- केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा राजस्थान के दो गाँवों– **मीनल और नौरंगाबाद** को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 'ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार' 27 सितम्बर, 2023 को प्रदान किए गए।
- 'ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार' के तहत् देश के 35 ग्रामीण पर्यटन गाँव में से राजस्थान के **चित्तौड़गढ़ जिले के मीनल गाँव को रजत** और **अलवर जिले के नौरंगाबाद गाँव को कांस्य पदक** प्रदान किया गया है।
- उपर्युक्त दोनों गाँवों को यह पुरस्कार पर्यटन के माध्यम से ग्रामीणों की सांस्कृतिक विरासत और सतत् विकास को बढ़ावा देने और संरक्षण के लिए प्रदान किए गए हैं।

## राजस्थान में खुलेंगे चार नए सैनिक स्कूल

- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझेदारी मोड में देश में 23 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना को मंजूरी सितम्बर 2023 में दे दी है। इनमें से चार सैनिक स्कूल राजस्थान में होंगे।
- राजस्थान में जयपुर भवानी निकेतन, जोधपुर का श्री हनुवंत स्कूल चोपासनी, सीकर का भारती पब्लिक स्कूल और हनुमानगढ़ का गुड डे डिफेंस स्कूल इसमें शामिल हैं।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन स्कूलों को पार्टनरशिप मोड पर स्थापित करने के लिए मंजूरी दी है। इसके साथ ही साझेदारी मोड के तहत् कार्यरत नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

## जोधपुर के 7 वैज्ञानिक विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत में शामिल

- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची जारी की गई है। इस सूची में जोधपुर के सात वैज्ञानिकों ने स्थान बनाया है।
- इस सूची में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) के तीन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के तीन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर का एक वैज्ञानिक शामिल है।

**सूची में शामिल जोधपुर के शीर्ष वैज्ञानिक**

| नाम | रैंक | क्षेत्र | संस्थान |
|---|---|---|---|
| डॉ. तनुज कंचन | 73 | फोरेंसिक मेडिसिन | एम्स जोधपुर |
| डॉ. जेसी तरफदार | 992 | कृषि विज्ञान | काजरी जोधपुर |
| डॉ. एनएम नाहर | 2721 | ऊर्जा | काजरी जोधपुर |
| डॉ. दिलीप जैन | 1042 | खाद्य विज्ञान | काजरी जोधपुर |
| प्रो. राकेश के शर्मा | 1860 | कार्बनिक रसायन | IIT जोधपुर |
| प्रो. भगवती पी कश्यप | 1987 | मैटेरियल्स | IIT जोधपुर |
| प्रो. गौरव भटनागर | 4206 | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | IIT जोधपुर |

## राजस्थान को मिली तीसरी वंदे भारत ट्रेन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदयपुर से जयपुर के मध्य चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 24 सितम्बर, 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इस ट्रेन का नियमित ठहराव राणा प्रताप नगर, मावली जंक्शन, चंदेरिया, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़ में होगा।
- यह राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन है। राजस्थान को पहली वंदेभारत ट्रेन 12 अप्रैल, 2023 को मिली थी, जो अजमेर और दिल्ली-छावनी के बीच चलती है।
  - ✓ *राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन 7 जुलाई, 2023 को शुरू की गई, जो जोधपुर-साबरमती (गुजरात) रूट पर चलती है।*

## ग्रीन हाइड्रोजन नीति एवं राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रीन हाइड्रोजन नीति एवं राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति सहित 63 विभिन्न प्रस्तावों को 20 सितम्बर, 2023 को मंजूरी दी गई।
- मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों में कुछ महत्वपूर्ण स्वीकृतियाँ निम्नवत हैं-

**महत्वपूर्ण निर्णय**

- प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा स्रोत की तलाश और निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए 'राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023' को मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी प्रदान की है।
  - ✓ *इससे पहले 'ग्रीन हाइड्रोजन नीति' के प्रारूप को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी मंजूरी 16 सितम्बर, 2023 को प्रदान की थी।*
- मंत्रिमंडल ने बायोमास एवं वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन एवं थर्मल पॉवर प्लांट में बायोमास की को-फायरिंग को प्रोत्साहन देने के लिए **'राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति-2023'** का अनुमोदन किया है।
  - ✓ *इससे राज्य में अवशेष बायोमास एवं कचरे से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य में अवशेष बायोमास को*

*जलाने की आवश्यता नहीं होगी तथा ठोस कचरे का भी बेहतर निस्तारण हो पाएगा।*

- 'शिल्प एवं माटी कला बोर्ड' का नाम '**श्री यादे माटी कला बोर्ड**' किए जाने का निर्णय। यह बोर्ड मिट्टी से काम करने वाले दस्तकारों की आय में वृद्धि, तकनीकी प्रशिक्षण एवं उन्नत किस्म के औजार उपलब्ध कराने व आधारभूत सुविधाएँ विकसित करने के लिए कार्य करेगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को राजस्थान स्टेट इंजीनियरिंग सर्विसेज में भी अन्य आरक्षित वर्गों के समान आयु सीमा में छूट का निर्णय।
- **जोधपुर में 'राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान' की स्थापना** के प्रस्ताव का अनुमोदन।

**राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 का प्रारूप : एक नजर में**

- 'राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023' के तहत् ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर को 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022' के तहत् थ्रस्ट सेक्टर में शामिल किया जाएगा। साथ ही, इसे सनराइज सेक्टर में शामिल कर मैन्युफैक्चरिंग स्टैण्डर्ड पैकेज के परिलाभ दिए जाएँगे।

**लक्ष्य**

- राज्य सरकार ने नीति में वर्ष 2030 तक 2000 केटीपीए ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य रखे हैं। इसमें 4 श्रेणियों में परियोजनाएँ स्थापित होंगी।
  1. *इनमें अक्षय ऊर्जा का निकास पॉवर ग्रिड के नेटवर्क के द्वारा, एक ही स्थान पर अक्षय ऊर्जा एवं हाइड्रोजन का उत्पादन (700 KTPA), अक्षय ऊर्जा का 24 घंटे उत्पादन आरटीसी पॉवर (800 KTPA) और अक्षय ऊर्जा का निकास आरवीपीएन के नेटवर्क के द्वारा (500 KTPA)।*

**प्रारूप के अन्य प्रमुख बिन्दु**

- राज्य के प्रसारण तंत्र पर स्थापित होने वाले 500 केटीपीए अक्षय ऊर्जा प्लांट को 10 वर्षों तक प्रसारण एवं वितरण शुल्क में 50 प्रतिशत तथा थर्ड पार्टी से अक्षय ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त एवं क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्ष तक पूर्ण छूट दी जाएगी।
- परिशोधित या खारे जल से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए भूमि आवंटन में प्राथमिकता एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए 30 प्रतिशत (अधिकतम ₹ 5 करोड़) अनुदान मिलेगा।
- रिप्स-2022 के तहत् विभिन्न छूट, जल की उपलब्धता एवं बैंकिंग सुविधाएँ भी दी जाएँगी।
- कैप्टिव पॉवर प्लांट की क्षमता एवं उत्पादित बिजली की बैंकिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।
- नई नीति में विद्युत संयन्त्रों के लिए व्हीलिंग एवं ट्रांसमिशन शुल्क की 100% प्रतिपूर्ति/छूट होगी।
- इसके साथ ही बिजली संयन्त्रों के लिए बैंकिंग शुल्क भी सात से दस वर्षों तक प्रतिपूर्ति/माफ किया जाएगा।

**न्यूज फैक्ट**

- अक्षय ऊर्जा के उपयोग से जब जल को इलेक्ट्रोलिसिस कर हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है, तो इसे 'ग्रीन हाइड्रोजन' कहा जाता है।
- देश में कुल हाइड्रोजन की माँग 60 लाख टन है, जबकि राजस्थान में 2.5 लाख टन है।
- केन्द्र सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2022' और मिशन जारी किया जा चुका है। इसमें वर्ष 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रत्याशियों की चुनावी व्यय सीमा में वृद्धि

- विधानसभा चुनावों में उम्मीदवारों के खर्च की सीमा ₹ 28 लाख से बढ़ाकर अब ₹ 40 लाख कर दी गई है।
- उक्त जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता द्वारा सितम्बर 2023 में साझा की गई।
- वर्ष 2018 में राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्येक उम्मीदवार की चुनावी खर्च की सीमा ₹ 28 लाख थी।
- कोविड महामारी के समय वर्ष 2020 में इसे बढ़ाकर ₹ 30.18 लाख कर दिया गया।
- वर्ष 2022 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह सीमा बढ़ाकर ₹ 40 लाख कर दी गई है।

## राजस्थान ललित कला अकादमी पुरस्कारों की घोषणा

- राजस्थान ललित कला अकादमी की 64वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के 10 कलाकारों की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य सितम्बर 2023 में घोषित किया है।
- पुरस्कार विजेताओं में डॉ. अमिता राज गोयल (रिक्रियेटिंग नेचर-2), दिशांक शर्मा (स्मृति), महेश कुमार कुमावत (सनातन), शिखा (देयर ईज समथिंग), सोम्य यादव (साईनम ऑफ सैल्फ), नकुल गोदारा (शेडो), अमर प्रजापति (जयपुर अरावली-1), प्रभु लाल गमेती (अनटाईडल्ड-2), उदित अग्निहोत्री (किंगडम), दीपिका रावजानी (लाइफ एण्ड डेथ) शामिल हैं।।
- पुरस्कार विजेता 10 कलाकारों को ₹ 25-25 हजार के नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएँगे।

## विश्व के पहले हेरिटेज रिवर फ्रंट का उद्घाटन

- कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक 2.75 किलोमीटर लम्बाई में 'चम्बल रिवर फ्रंट' विकसित किया गया है।
- भारत के इस **प्रथम हेरिटेज चम्बल रिवर फ्रंट** का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी द्वारा 12 सितम्बर, 2023 को किया गया।

- यहाँ वृंदावन गार्डन की तर्ज पर चम्बल माता घाट मय गार्डन विकसित किया गया है जिसमें खूबसूरत म्यूजिकल फाउण्टेन का निर्माण किया गया है। घाट पर 42 मीटर ऊँची वियतनाम मार्बल से निर्मित चम्बल माता की मूर्ति सुशोभित है।
- रिवर फ्रन्ट के दोनों तटों पर 27 घाटों का निर्माण किया गया है। जिन्हें जवाहर घाट, गीता घाट, शान्ति घाट, नन्दी घाट, वैदिक घाट, रोशन घाट, राजपूताना घाट, विश्व मैत्री घाट (घाट की थीम 'वन वर्ल्ड, वन ड्रीम' पर आधारित), शौर्य घाट, तिरंगा घाट, जुगनु घाट, घंटी घाट, हाथी घाट, बालाजी घाट, गणेश पोल, मरू घाट, जंतर-मंतर घाट, साहित्य घाट, सिंह घाट आदि नाम दिए गए हैं।

## ब्रजभाषा रचनाकार सम्मान समारोह

- कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अन्तर्गत 'राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी' के द्वारा जयपुर के झालाना स्थित अकादमी संकुल परिसर में 'ब्रजभाषा रचनाकार सम्मान समारोह' का आयोजन 12 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- इस सम्मान समारोह में ब्रजभाषा की पाँच साहित्य विधाओं के अंतर्गत 15 विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**पुरस्कृत साहित्यकार**

- **आलेख विधा** : डॉ. रामदास शर्मा (प्रथम स्थान), निर्मल कुमार सिंहल (द्वितीय स्थान) एवं अश्विनी गोयल (तृतीय स्थान)।
- **समस्यापूर्ति विधा** : अभिषेक (प्रथम स्थान), कमल सिंह कमल (द्वितीय स्थान) एवं कल्याण गुर्जर (तृतीय स्थान)।
- **लघुकथा कहानी विधा** : जगदीश मोहन रावत (प्रथम स्थान), रघुराज सिंह कर्मयोगी (द्वितीय स्थान) एवं गोपीनाथ (तृतीय स्थान)।
- **संस्मरण विधा** : राजाराम भादू (प्रथम स्थान), किशनवीर यादव (द्वितीय स्थान) एवं अनन्या (तृतीय स्थान)।
- **लोकगीत विधा** : हरिशचन्द्र हरि (प्रथम स्थान), शिवराम शिव (द्वितीय स्थान) एवं सर्वोत्तम त्रिवेदी (तृतीय स्थान) ।

☆ **पुरस्कार राशि** : सभी विधाओं में प्रथम विजेता को ₹ 11000, द्वितीय को ₹ 7100 और तृतीय स्थान प्राप्त विजेता को ₹ 3100 की राशि से पुरस्कृत किया गया।

## इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) का शुभारम्भ

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' का उद्घाटन 10 सितम्बर, 2023 को टोंक जिले की **निवाई तहसील के झिलाय** में किया गया।
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के नाम से शुरू की गई 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' के तहत् पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोइयों का शुभारम्भ किया गया, जिनकी संख्या बढ़ाकर 1000 की जाएगी।
- इस योजना को 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में प्रारम्भ किया जा रहा है।
- इस योजना में वर्ष-भर में 1000 रसोइयों से ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को करीब 7.30 करोड़ भोजन थालियाँ परोसने का लक्ष्य रखा गया है।

## मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना का शुभारम्भ

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना' का राज्य-स्तरीय शुभारम्भ अपने भीलवाड़ा प्रवास के दौरान जिले के गुलाबपुरा से 6 सितम्बर, 2023 को किया।
- इस योजना के तहत् पशुपालकों को दुधारू गौ/भैंस वंशीय पशुधन की अकाल मृत्यु के कारण सम्भावित नुकसान से सुरक्षा मुहैया कराए जाने की दृष्टि से प्रत्येक परिवार हेतु दो-दो दुधारू गौ/भैंस वंशीय पशुओं का अधिकतम ₹ 40 हजार तक प्रति पशु बीमा निःशुल्क करवाया जाएगा।
- **योजना का नोडल विभाग** : पशुपालन विभाग, राजस्थान

## राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार

- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना के तहत् विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण एमएसएमई दिवस पर 17 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम श्रेणी में कुल 9 उद्यमियों को 'राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार' 2 बुनकरों को 'श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार' एवं 1 हस्तशिल्पी को 'हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।
  - ✓ **श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार :** *जेबु निशा (कैथून, कोटा) एवं मोहम्मद यासीन ( बाराँ) को संयुक्त रूप से।*
  - ✓ **हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार :** *इन्दर सिंह कुदरत (जयपुर) को।*

## राज्य-स्तरीय संस्कृत विद्वान समारोह

- राज्य-स्तरीय संस्कृत विद्वान समारोह का आयोजन जयपुर बिड़ला ऑडिटोरियम में 29 अगस्त, 2023 को किया गया।
- इस समारोह में संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्वानों तथा संस्थाओं का सम्मान किया गया।
  - ✓ **संस्कृत साधना शिखर सम्मान** : पं. सांवर मल शर्मा (पुरस्कार राशि : ₹ 1 लाख)।
  - ✓ **संस्कृत साधना सम्मान** : डॉ दीरघराम रामस्नेही एवं डॉ. गजानन मिश्र (पुरस्कार राशि : ₹ 51-51 हजार)।
  - ✓ **संस्कृत- विद्वत्सम्मान :** डॉ. विश्वम्भर दयाल जोशी, डॉ शीतल चन्द जैन, प्रो. (श्रीमती) भगवती सुदेश, कौशलदत्त शर्मा, पं. गौरीशंकर शर्मा तथा डॉ. देवेन्द्र चतुर्वेदी (पुरस्कार राशि : ₹ 31-31 हजार)।

■ उपर्युक्त के साथ ही संस्कृत युवा प्रतिभा से 12 विद्वानों को ₹ 21-21 हजार तथा मंत्रालयिक सेवा सम्मान से 3 कार्मिकों को ₹ 11-11 हजार पुरस्कारस्वरूप प्रदान किए गए।
  - ✓ *विशिष्ट सेवा सम्मान से 3 विद्वानों तथा भामाशाह प्रेरक सम्मान से एक व्यक्ति को पुरस्कृत किया गया।*

# Rajasthan News InShort

## संगीत नाटक अकादमी रत्न सम्मान

- प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 3 सितम्बर, 2023 को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर के सर्वोच्च फैलोशिप के साथ ही विभिन्न विधाओं में 13 कलाकारों को अवॉर्ड तथा 6 को युवा पुरस्कार एवं 3 को बाल पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।
- संगीत नाटक अकादमी का सर्वोच्च अकादमी रत्न सम्मान, देश के विख्यात एवं वरिष्ठ नाट्य निर्देशक **उदयपुर के भानुभारती** को प्रदान किया गया।

## दिव्यकीर्ति

- जयपुर की दिव्यकीर्ति सिंह का सम्बन्ध घुड़सवारी से है और उनकी टीम ने एशियन गेम्स 2023 में घुड़सवारी में ड्रेसाज इवेंट में 26 सितम्बर, 2023 को स्वर्ण पदक जीता।
  - ✓ *यह भारत का इस स्पर्द्धा में चार दशक में जीता गया पहला पदक है।*
- इस स्पर्द्धा में जयपुर की दिव्यकीर्ति सिंह, इंदौर की सुदीप्ति हजेला, पुणे के हृदय विपुल छेड़ा और कोलकाता के अनुश अग्रवाल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान पर रहे।

## दिव्यांश सिंह पंवार

- जयपुर के निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार ने चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे 'एशियन गेम्स 2023' में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।
- दिव्यांश ने यह पदक पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में हासिल किया।
- उक्त प्रतिस्पर्द्धा में भारतीय निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रकेश बालासाहेब ने 1893.7 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**अन्य उपलब्धियाँ**

- दिव्यांश ने 2019 में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में 6 मेडल जीते थे, जिसमें चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

## राजमाता स्वरूपा देवी

- झालावाड़ राज परिवार की राजमाता स्वरूपा देवी (महाराज राणा चंद्रजीत सिंह जी की माता) का निधन 80 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 2023 को दिल्ली में हो गया।
- स्वरूपा देवी उत्तराखण्ड के टिहरी गढ़वाल के पूर्व नरेश कर्नल मानवेंद्र शाह की पुत्री थीं। झालावाड़ के पूर्व नरेश इंद्रजीत सिंह से इनका विवाह 19 अप्रैल 1968 में दिल्ली में हुआ था।

## पैरा स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस सेंटर

- राजस्थान क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्षा डॉ. कृष्णा पूनिया द्वारा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 'पैरा स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस सेंटर' का लोकार्पण 4 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- ₹ 10.50 करोड़ की लागत से निर्मित यह सेंटर देश का पहला ऐसा सेंटर है जहाँ विश्वस्तरीय सुविधाएँ हैं।

## घनश्याम गुर्जर

- भैसेड़ा (पहाड़ी, डीग) के मूक बधिर घनश्याम गुर्जर ने किर्गिस्तान के बिश्केक में सितम्बर 2023 में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियशिप में कांस्य पदक हासिल किया है।

## बाबा रामदेव मेला

- पश्चिमी राजस्थान के महाकुंभ कहे जाने वाले रामदेवरा में बाबा रामदेव मेला 17 सितम्बर, 2023 को विधिवत रूप से शुरू हुआ।
- इस 639वें भादवा मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने रामदेवरा में बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन किए।
- उल्लेखनीय है कि जैसलमेर के रामदेवरा गाँव में बाबा रामदेव की समाधि पर हर वर्ष भादवा शुक्ल पक्ष द्वितीया से एकादशी तक मेले का आयोजन किया जाता है।

## कोटा में ऑक्सीजोन सिटी पार्क का लोकार्पण

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा में 'ऑक्सीजोन सिटी पार्क' (द गार्डन ऑफ जॉय) का लोकार्पण 13 सितम्बर, 2023 को किया। यह सिटी पार्क 800 दिन के निर्माण कार्य के बाद बनकर तैयार हुआ है।

## अनिल कुमार राय और अल्पना कटेजा

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर और पंडित दीनदयाल विश्वविद्यालय, सीकर में कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश 25 सितम्बर, 2023 को जारी किए।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रो. अनिल कुमार राय को तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर प्रो. अल्पना कटेजा को नियुक्त किया गया है।

## राजस्थान की प्रियन सेन ने जीता 'मिस अर्थ इंडिया-2023'



प्रियन सेन

- सीकर (राजस्थान) की प्रियन सेन ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मिस अर्थ इंडिया-2023 का खिताब अपने नाम किया है।
- वह यह खिताब जीतने वाली राजस्थान की पहली सुन्दरी हैं।
- मिस राजस्थान-2022 की फर्स्ट रनर-अप रह चुकीं प्रियन सेन दिसम्बर 2023 में वियतनाम में आयोजित होने वाले 'इंटरनेशनल ब्यूटी पीजेंट मिस अर्थ-2023' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- इस सौन्दर्य प्रतियोगिता में 16 सुन्दरियों ने भाग लिया था।

- उल्लेखनीय है कि डिवाइन ब्यूटी मिस इंटरनेशनल इंडिया, मिस अर्थ इंडिया का आयोजन करवाता है, जिससे इंडिया की गर्ल्स इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर जाकर इंडिया को रिप्रेजेंट करती हैं।

## राजस्थान की प्रवीणा अंजना 'मिस इंटरनेशनल इंडिया-2023'

- उदयपुर के निकट बाँसवाड़ा संभाग के प्रतापगढ़ की छोटी सादड़ी तहसील के छोटे से गाँव केसुंदा की रहने वाली प्रवीणा अंजना ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 26 अगस्त, 2023 को आयोजित 'मिस डिवाइन ब्यूटी 2023' के फाइनल में 'मिस इंटरनेशनल इंडिया 2023' का खिताब जीता।



प्रवीणा अंजना

- पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रवीणा अब जापान में 'मिस इंटरनेशनल 2023' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- पूरे भारत से चयनित 16 सुदरियों ने इस प्रतिस्पर्द्धा में भाग लिया था जिसमें प्रवीणा ने जीत हासिल की।

## खेलो इंडिया वुमन लीग

- राजस्थान एथलेटिक संघ की ओर से एक दिवसीय 'खेलो इंडिया वुमन लीग' का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम में 22 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- इस आयोजन में **100 मीटर दौड़** जयपुर की डोना ने जीती, जबकि चूरू की सुमन कुमारी और कोटा की आयशा खान को क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान मिला।
- **200 मीटर दौड़** डोना धाकड़ पहले, अर्चना शर्मा दूसरे और हिमांशी राजावत तीसरे स्थान पर रहीं।

## डोल मेला

- हाड़ौती क्षेत्र का विख्यात 'डोल मेला' बाराँ जिले में 26 सितम्बर, 2023 को शुरू हुआ।
- यह मेला भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष एकादशी को भरता है। इस मेले को 'श्री जी का मेला' भी कहते हैं।

## होम वोटिंग

- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार विधानसभा आम चुनावों में **होम वोटिंग की पहल** की गई है।
- 12-डी फॉर्म के माध्यम से होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले इन मतदाताओं की सूची निर्वाचक अधिकारी द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी।
- गठित मतदान दल इन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवाएगा।

## लाइमस्टोन भण्डार

- नागौर जिले के खींवसर तहसील में लाइमस्टोन के 163.77 मिलियन टन के नए डिपोजिट्स मिले हैं।
- इससे पहले नागौर के ही नागौर और डेह तहसील में हरीमा, खेतोला, पीथासिया, सरासनी, सोमणा और खेतोलाव आदि में 335 लाख मिलियन टन लाइमस्टोन के भण्डार मिले थे।
- नागौर की खींवसर तहसील के हरिपुरा, जोरावरपुरा, खोड़वा में लाइमस्टोन के 51 ब्लॉक्स तैयार किए गए हैं।
- 365.27 हैक्टेयर क्षेत्र के इन ब्लॉकों में 163.77 मिलियन टन लाइम स्टोन डिपोजिट का आंकलन किया गया है।

## 6वाँ राज्य वित्त आयोग

- छठे राज्य वित्त आयोग का अंतिम प्रतिवेदन राज्यपाल कलराज मिश्र को 21 सितम्बर, 2023 को प्रस्तुत किया गया।
  - ✓ *6वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह और वित्त आयोग के सदस्य अशोक लाहोटी हैं।*
- उल्लेखनीय है कि इस आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत 12 अप्रैल, 2021 को किया गया था।

## जयपुर मेट्रो फेज 1-सी

- जयपुर मेट्रो के फेज 1-सी का शिलान्यास मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 21 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- जयपुर मेट्रो के फेज 1-सी का विस्तार बड़ी चौपड़ से रामगंज के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर तक 2.85 किमी. में होगा।
- ₹980 करोड़ की लागत के इस फेज से दिल्ली रोड और आगरा रोड से जयपुर चारदीवारी को सीधी और सुगम कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

## विमुक्त जनजातीय मुक्ति दिवस

- राज्य सरकार द्वारा राज्य में प्रत्येक वर्ष 31 अगस्त को 'विमुक्त जनजातीय मुक्ति दिवस' मनाने की घोषणा की गई है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा यह घोषणा प्रदेश में 31 अगस्त, 2023 को आयोजित '72वें मुक्ति दिवस' राज्य-स्तरीय समारोह में की गई।
- राज्य सरकार द्वारा यह घोषणा देश की घुमन्तु जनजातियों के लिए आपराधिक जनजातीय अधिनियम, 1871 द्वारा आपराधिक जातियाँ घोषित किए जाने सम्बन्धी कानून को स्वतंत्र भारत सरकार द्वारा 31 अगस्त, 1952 को उन्मूलन किए जाने के उपलक्ष्य में की गई है।

## आरएसएफडीए

- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक सुधार एवं उन्मुखीकरण के लिए जयपुर में 'राजस्थान स्टेट फैकल्टी डवलपमेंट एकेडमी' (Rajasthan State Faculty Development Academy–RSFDA) स्थापित किए जाने को सितम्बर 2023 में मंजूरी दी है।
- 'आरएसएफडीए' के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षणों के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं से एमओयू किया जाएगा।

## हिन्दी दिवस समारोह

- भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से राज्य-स्तरीय 'हिन्दी दिवस समारोह' का आयोजन बिड़ला सभागार, जयपुर में 14 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- इस समारोह में तीन लेखकों सहित हिन्दी विषय में शत- प्रतिशत अंक लाने वाले 440 विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

**हिन्दी सेवा पुरस्कार से सम्मानित लेखक**

- हिन्दी में उत्कृष्ट एवं मौलिक लेखन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए हिन्दी सेवा पुरस्कार से हिन्दी साहित्य विधा में **डॉ. फतेह सिंह भाटी** को उनकी कृति '**उमा दे**' के लिए सम्मानित किया गया ।
  - ✓ **विज्ञान विधा में** *: राजश्री विनोद बोथले को (नौ संचालन उपग्रह प्रणाली : एक परिचय के लिए)*
  - ✓ **कृषि विधा में** *: डॉ. सत्यवीर सिंह व रामविलास को (आधुनिक तकनीकी द्वारा किसानों की आय वृद्धि के लिए)*
- हिन्दी सेवा पुरस्कार में प्रत्येक विधा में ₹ 50 हजार का चैक, प्रमाण-पत्र, अंग-वस्त्र एवं पौधा भेंट किया जाता है।

## एयर शो सूर्य किरण

- वायु सेना द्वारा जयपुर के जलमहल पर 'एयर शो सूर्य किरण' के तहत् 15-17 सितम्बर, 2023 को अदम्य साहस एवं हैरतअंगेज कलाबाजियों का प्रदर्शन किया गया।
- इस साहसिक कार्यक्रम में वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा अपने अदम्य साहस एवं दक्षता का प्रदर्शन किया गया।

## राजा बूँदा मीणा पैनोरमा

- राजा बूँदा मीणा पैनोरमा का निर्माण **बूँदी के ग्राम बंदी में** किया जाएगा, जिसके लिए ग्राम बंदी में 12,100 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है।
  - ✓ *राजा बूँदा मीणा ने बूँदी की स्थापना की थी।*
- **महर्षि नवल पैनोरमा** : महर्षि नवल ने दलितों के उत्थान और निचली जाति के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इनके पैनोरमा का निर्माण **जोधपुर के ग्राम केरू में** किया जाएगा, जिसके लिए यहाँ 3,200 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अपने चित्तौड़गढ़ दौरे के दौरान निम्न पैनोरमा का शिलान्यास 7 सितम्बर, 2023 को किया गया-
  - ✓ *सत्यव्रत राव चूण्डा पेनोरमा- बस्सी, चित्तौड़गढ़ में।*
  - ✓ *सन्त ईश्वर दासजी पैनोरमा- जालीपा, बाड़मेर में।*
  - ✓ *बीकाजी सोलंकी पैनोरमा- देसूरी, पाली में।*
  - ✓ *कैलादेवी पैनोरमा- करौली।*
  - ✓ *वीरमदेव कान्हड़ देव चौहान पैनोरमा- जालौर में।*
  - ✓ *राजा हेमू पैनोरमा- माचाड़ी, अलवर में।*
  - ✓ *बून्दा मीणा पैनोरमा- बूँदी में।*
  - ✓ *देवराजजी पैनोरमा- सेतरावा, जोधपुर में।*
  - ✓ *महर्षि नवल स्वामी पैनोरमा- जोधपुर में।*

## आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब

- प्रदेश में स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बीकानेर में 'आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब' की स्थापना की जाएगी।
- 'आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब' का निर्माण जोधपुर के फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय, जयपुर के भामाशाह डेटा सेन्टर तथा ई-गवर्नेंस सेंटर बिल्डिंग की तर्ज पर किया जाएगा।
- इस हब का निर्माण कार्य सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कराया जाएगा।
- इस स्कूल हब की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री ने ₹ 52.26 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को सितम्बर 2023 में मंजूरी दे दी।

## राजस्थान राज्य सरदार पटेल बोर्ड

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार द्वारा प्रदेश में 'राजस्थान राज्य सरदार पटेल बोर्ड' का गठन सितम्बर 2023 में किया गया है।
- **उद्देश्य** : इस बोर्ड का उद्देश्य पटेल समाज के लोगों की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति का पता लगा कर उनके हित में नीतियाँ बनाना और समाज के पिछड़ेपन को दूर करना है।
- **बोर्ड की संरचना** : इस बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पाँच अन्य सदस्य होंगे।

## गुड टच बैड टच

- राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 26 अगस्त, 2023 को प्रदेश की 65,122 सरकारी स्कूलों में नो बैग डे के तहत् एक ही दिन में 58 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 'असुरक्षित स्पर्श' के बारे में जागरूक करने की गतिविधि को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज किया गया है।
- इस रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान को 29 अगस्त, 2023 को सौंपा गया।

## बीनू गुप्ता

- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वीनू गुप्ता को राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RERA) का चेयरमैन 29 सितम्बर, 2023 को नियुक्त किया गया है।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 5 वर्ष या 65 की आयु, जो भी पहले हो, तक रहेगा।
- रेरा चेयरमैन का पद अप्रेल 2023 में एनसी गोयल के पद से हटने के बाद से रिक्त पड़ा था।
- वीनू गुप्ता वर्तमान में MSME में अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर नियुक्त है, वह इसी वर्ष सेवानिवृत्त भी हो रही हैं।

⌖ राजस्थान सरकार ने 6 मार्च, 2019 को रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण का गठन किया है। RERA राजस्थान, राजस्थान में घर खरीदारों की शिकायतों और शिकायत निवारण के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

Current affairs Quest
In Oneliner

# करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू
# वन लाइनर

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पर्यटन के नए आकर्षण केन्द्र के रूप में 'सुरपुरा एम्यूजमेंट पार्क' का लोकार्पण 25 सितम्बर, 2023 को कहाँ किया? **जोधपुर**
- 'राधा माधव मंदिर' और 'कुशल बिहारी मंदिर' क्रमशः कहाँ स्थित हैं, जिनके बजट घोषणा के तहत् विकास कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने सितम्बर 2023 में दिए हैं? **वृन्दावन और बरसाना**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 25 सितम्बर, 2023 को 'मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर' का लोकार्पण कहाँ किया? **जोधपुर**
- जोधपुर स्थित लोकदेवता बाबा रामदेव के गुरु की समाधि पर कौनसा मेला प्रतिवर्ष भरता है? **मसूरिया मेला**
- फलौदी जिले के सेतरावा में किसका पैनोरमा बनाए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 9 सितम्बर, 2023 को की? **राव देवराज जी**
- किसने 'राजस्थान वक्फ विकास परिषद' के मनोनीत उपाध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार 8 सितम्बर, 2023 को ग्रहण किया? **डॉ. इकराम खान**
- प्रदेश में 'ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट' कहाँ विकसित किया जाएगा? **कोटा**
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के किस अधिकारी ने राजफैड के प्रबंध निदेशक का पदभार 4 सितम्बर, 2023 को ग्रहण किया? **हनुमान मल ढाका**
- 'राजस्थान व्यापारी कल्याण बोर्ड' के उपाध्यक्ष का पदभार 4 सितम्बर, 2023 को किसने ग्रहण किया है? **गिरिराज गर्ग**
- राज्य सरकार द्वारा जयपुर ग्रामीण जिले में किस स्थान पर 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म' की स्थापना की जाएगी? **चाकसू**
- उंडूकासमीर (बाड़मेर) में विक्रम संवत 1409 में जन्मे रामदेव की जयंती 25 सितम्बर, 2023 को मनाई गई। उन्होंने विक्रम संवत 1442 में जीवित समाधि कहाँ ली थी? **रुणिचा**
- भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की दशमी (10वाँ दिन) के दिन प्रदेश में किस लोक देवता का मेला (मुख्य रूप से अजमेर और नागौर जिलों में) 25 सितम्बर, 2023 को मनाया गया? **वीर तेजाजी**
- राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का राज्य-स्तरीय आयोजन सितम्बर 2023 में कहाँ किया गया? **जोधपुर**
- नेपाल में आयोजित होने वाले 'SAFF गेम्स' में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान के किन खिलाड़ियों का चयन किया गया है? **यश चिकोरा व नाओबा सिंह (राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल)**
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 15 सितम्बर, 2023 को अखिल भारतीय स्वच्छता पखवाड़ा- 'स्वच्छता ही सेवा-2023' अभियान का शुभारंभ कहाँ से किया? **जयपुर**
- बाँसवाड़ा के प्रसिद्ध समाज सुधारक गोविन्द गुरु की वह साधना स्थली, जहाँ राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने हेतु ₹ 100 करोड़ विकास कार्य कराए जाएँगे? **मानगढ़ धाम**
- प्रदेश के किस विश्वविद्यालय में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नॉन कन्वेंशनल एनर्जी' खोला जाएगा? **एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर**
- राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय कहाँ खोला जा रहा है, जिसकी स्थापना की अधिसूचना 21 सितम्बर, 2023 को जारी कर दी गई है? **जोबनेर**
- 'गुरुनानक देव सिख कल्याण बोर्ड' के नवनियुक्त सदस्यों ने 21 सितम्बर, 2023 को कार्यभार ग्रहण किया। इस बोर्ड के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष क्रमशः कौन हैं? **परमजीत सिंह रंधावा और हरपाल सिंह राणा**
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में आईसीएआर के किस अनुसंधान केन्द्र का शिलान्यास 27 सितम्बर, 2023 को किया? **क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केन्द्र**
- लंदन पार्लियामेंट के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सितम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल कल्चरल एंड डायवर्सिटी समारोह में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किसने किया? **मोनिका मीना (कोटा)**
- गोविंदगढ़ (जयपुर) में सितम्बर 2023 में आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के 75 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमित सिंह कहाँ से हैं? **बयाना (भरतपुर)**
- प्रदेश का दूसरे (जयपुर के बाद) और देश के 37वें पासपोर्ट कार्यालय का उद्घाटन 29 सितम्बर, 2023 को कहाँ किया गया है? **कोटा**
- आईआईटी कानपुर से सम्बद्ध स्टार्टअप 'फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन' की रिपोर्ट में देश में होने वाले साइबर क्राइम में किस जिले को देश में शीर्ष स्थान पर रखा गया है? **भरतपुर (18%)**
- अजमेर में 2 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न राजस्थान बॉक्सिंग संघ कार्यकारिणी के चुनाव में किसे 'राजस्थान बॉक्सिंग संघ' का अध्यक्ष चुना गया है? **धीरेन्द्र चौधरी (गुंडवा गाँव, भरतपुर निवासी)**
- अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान व्हाइट हाउस द्वारा जारी संयुक्त बयान में राजस्थान के किस संस्थान का जिक्र किया गया है? **आईआईटी जोधपुर**
- राजस्थान का पहला खनन विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जाएगा? **सीसवाल (बारां)**
- जयपुर में खेले गए 29वें सब जूनियर टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में बालिका वर्ग का खिताब किसने जीता? **जयपुर**
- 29वें सब जूनियर टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में बालक वर्ग का खिताब किसने जीता? **बीकानेर**
- शिवानी सिसोदिया का सम्बन्ध किस जिले से है, जिन्होंने 12-14 सितम्बर, 2023, राजसमंद में आयोजित राज्य-स्तरीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है? **भरतपुर**



# पुरस्कार एवं सम्मान

## वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार


वहीदा रहमान

- बीते वर्षों की सुप्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री वहीदा रहमान को वर्ष 2023 के लिए देश के सिनेमा जगत् के सर्वोच्च दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- इसकी घोषणा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 26 सितम्बर, 2023 को की।
- 85 वर्षीय वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए प्रतिष्ठित (53वाँ) दादा साहब फाल्के पुरस्कार 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- वहीदा रहमान का जन्म 3 फरवरी, 1938 को चेन्नई में हुआ और उन्होंने 1955 में तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद उन्हें हिंदी सिनेमा में पहला ब्रेक 1956 में सीआईडी फिल्म से मिला।
- अपने पाँच दशकों से अधिक के कॅरियर में उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बेहद कुशलता से निभाया है, जिससे फिल्म 'रेशमा और शेरा' में अभिनय के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला और वर्ष 1972 में उन्हें पद्मश्री से तथा वर्ष 2011 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।
- वहीदा रहमान को प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चाँद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी और कई अन्य हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए समीक्षकों द्वारा सराहा गया है।

***Salient Point...***

- दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देश में सिनेमा जगत का सर्वोच्च पुरस्कार है, जोकि सिनेमा के क्षेत्र में रचनात्मक योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत् स्वर्ण कमल के साथ ₹ 10 लाख की राशि प्रदान की जाती है।
- वहीदा रहमान यह पुरस्कार पाने वाली 53वीं हस्ती (8वीं महिला) होंगी। पिछले वर्ष (2022) दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से आशा पारिख को सम्मानित किया गया था।
- इनके अलावा इस पुरस्कार से सम्मानित महिलाओं में श्रीमती देविका रानी (1969 का पहला पुरस्कार), रूबी मेयर्स 'सुलोचना' (1973), कानन देवी (1976), दुर्गा खोटे (1983), लता मंगेशकर (1989) व आशा भौंसले (2000) शामिल हैं।

## स्वाति नायक को नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवॉर्ड-2023


डॉ. स्वाति नायक

- 'अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान' (IRRI) की शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. स्वाति नायक को कृषि एवं खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए **नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवॉर्ड 2023** के लिए चुना गया है।
  - ✓ *स्वाति अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में बीज प्रणाली और उत्पाद प्रबंधन की दक्षिण एशिया प्रमुख हैं।*
  - ✓ *अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) में स्थित है।*
- किसानों को माँग आधारित चावल और क्लाइमेट रेजिलिएंट खेती के साथ-साथ पौष्टिक चावल की किस्म किसानों को उगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है।
- स्वाति को यह पुरस्कार 22 से 28 अक्टूबर तक आयोवा (अमेरिका) में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।
  - ✓ *सम्मान के तहत् स्वाति को 10,000 डॉलर और एक पुरस्कार डिप्लोमा दिया जाएगा।*
- रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा समर्थित वर्ल्ड फूड प्राइज फाउंडेशन का यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता और हरित क्रांति के मुख्य वास्तुकार डॉ. नॉर्मन बोरलॉग की स्मृति में 40 वर्ष से कम आयु के असाधारण वैज्ञानिकों और खाद्य और पोषण सुरक्षा, भूख उन्मूलन के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।

**Know The Facts** : स्वाति नायक से पहले देश के अन्य दो अन्य भारतीय वैज्ञानिकों अदिति मुखर्जी ने वर्ष 2012 में और महालिंगम गोविंदाराज ने वर्ष 2022 में यह पुरस्कार जीता था।

⌖ **नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवॉर्ड के विगत् वर्ष (2022) के विजेता** : डॉ. महालिंगम गोविन्दराज

## रेमन मैग्सेसे पुरस्कार-2023

- 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहे जाने वाले रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023 की घोषणा रेमन मैग्सेसे की जयंती के अवसर पर 31 अगस्त, 2023 को की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार भारत के डॉ. रवि कन्नन सहित चार एशियाई लोगों को प्रदान किया गया है।

**रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित हस्तियाँ**

- **डॉ. रवि कन्नन आर. (भारत)** : उन्हें जन-केन्द्रित और गरीब-समर्थक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से असम में कैंसर उपचार में क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है।
  - ✓ *आर. रवि कन्नन, असम में कछार कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र (CCHRC) के निदेशक, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट हैं।*
- **कोरवी रक्षंद** : बांग्लादेश में वंचित बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा का विकास करना।
- **यूजेनियो लेमोस** : तिमोर-लेस्ते
- **मरियम कोरोनेल-फेरर** : फिलीपींस

**Know The Facts** : रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय आचार्य विनोबा भावे थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की स्थापना

- भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में नए राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना 21 सितम्बर, 2023 को की है। इन्हें **राष्ट्रीय्र विज्ञान पुरस्कार** कहा जाएगा।
- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (RVP) का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और अन्वेषकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से या टीमों में किए गए उल्लेखनीय और प्रेरणादायी योगदान को मान्यता देना है।
- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक होगा।
- यह पुरस्कार निम्नलिखित चार श्रेणियों में दिए जाएँगे–
  1. **विज्ञान रत्न (वीआर) पुरस्कार** : विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में की गई जीवन-भर की उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देगा।
  2. **विज्ञान श्री (वीएस) पुरस्कार** : विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देगा।
  3. **विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर (वीवाई-एसएसबी) पुरस्कार** : 45 वर्ष की आयु तक के युवा वैज्ञानिकों को मान्यता देगा और प्रोत्साहित करेगा जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है।
  4. **विज्ञान टीम (वीटी) पुरस्कार** : तीन या अधिक वैज्ञानिकों/शोधकर्ताओं/अन्वेषकों की एक टीम को दिया जाएगा, जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में एक टीम के रूप में काम करके असाधारण योगदान दिया हो।
- इन पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रतिवर्ष 14 जनवरी से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के मध्य आमंत्रित किए जाएँगे।
- इन पुरस्कारों की घोषणा 11 मई को **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस** पर की जाएगी।
- पुरस्कार वितरण समारोह प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।
- सभी पुरस्कारों में एक सनद और एक पदक होगा।

## हिमंत बिस्वा का सिंगापुर की प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयन

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को सिंगापुर की 'ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप' के लिए 17 सितम्बर, 2023 को चुना गया।
- सरमा को विकास और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव के मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- वह यह फेलोशिप पाने वाले असम के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।
- सरमा से पूर्व यह उपलब्धि पाने वालों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण शौरी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया हैं।

***Salient Point...***

- ☆ यह फेलोशिप व्यक्तियों को उनके राष्ट्र के विकास और सिंगापुर के साथ द्विपक्षीय सम्बन्धों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान की जाती है।
- ☆ यह फेलोशिप सिंगापुर के संस्थापक प्रधानमंत्री ली कुआन यू को राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई थी।
- ☆ 'ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप' के प्राप्तकर्ताओं को कार्यक्रम के हिस्से के रूप में सिंगापुर की उच्च-स्तरीय यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (2022)

- विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के 12 चुनींदा वैज्ञानिकों के लिए सीएसआईआर के वर्ष 2022 के शान्ति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों की घोषणा 11 सितम्बर, 2023 को की। पुरस्कार हेतु चयनित वैज्ञानिकों के नाम निम्नलिखित हैं–
  - ✓ **जैविकीय विज्ञान (Biological Sciences)** : *अश्विनी कुमार (माइक्रोबायोलॉजिस्ट, चंडीगढ़), मद्दिका सुब्बारेड्डी (सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग डायग्नोस्टिक्स, हैदराबाद)।*
  - ✓ **रसायन विज्ञान (Chemical Sciences)** : *अक्कट्टू टी बीजू (भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु), देबब्रत माइती (आईआईटी, बॉम्बे)।*
  - ✓ **पृथ्वी, वातावरण, समुद्र एवं खगोल विज्ञान (Earth and Atmospheric Sciences)** : *विमल मिश्रा (आईआईटी, गांधीनगर)।*
  - ✓ **इंजीनियरिंग विज्ञान (Engineering Sciences)** : *दीप्ती रंजन साहू (आईआईटी, दिल्ली), रजनीश कुमार (आईआईटी, मद्रास)।*
  - ✓ **चिकित्सा विज्ञान (Medical Sciences)** : *दिप्यमान गांगुली (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कैमिकल बायलॉजी, कोलकाता)।*
  - ✓ **भौतिक विज्ञान (Physical Sciences)** : *अनिन्दया दास (भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु)।*

- ✓ **गणितीय विज्ञान (Mathematical Science)** : *अपूर्वा खरे (भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु), नीरज कायल (माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च लेब इंडिया)।*

- यह पुरस्कार 45 वर्ष के कम आयु के वैज्ञानिकों को ही विज्ञान की उपर्युक्त विधाओं में विगत् पाँच वर्षों में उनके द्वारा किए गए वैज्ञानिक शोध के लिए दिया जाता है।
- पुरस्कार के तहत् ₹ 5-5 लाख की राशि प्रशस्ति-पत्र के साथ पुरस्कृत वैज्ञानिकों को प्रदान की जाती है।

## उत्कृष्ट शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023'

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 75 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023' से सम्मानित किया।
- यह कार्यक्रम प्रति वर्ष 5 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर आयोजित किया जाता है, जिसे भारत में 'राष्ट्रीय शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य शिक्षा में शिक्षकों के असाधारण योगदान और छात्रों के जीवन पर उनके सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार करना और जश्न मनाना है।
- इस वर्ष (2023) से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार में उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।
- वर्ष 2023 में 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश की प्रदर्शन कला के क्षेत्र के 84 ऐसे कलाकारों को **संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार** प्रदान किए, जो **75 वर्ष से अधिक आयु** के हैं और जिन्हें अपने अब तक के कॅरियर में कोई भी राष्ट्रीय सम्मान प्रदान नहीं किया गया है।
- सम्मानित हस्तियों में 70 पुरुष व 14 महिलाएँ शामिल थीं। इनमें कुछ राज्यों के विजेताओं की सूची इस प्रकार है–
  - ***राजस्थान से सम्मानित हस्तियाँ*** : *सरताज नारायण माथुर (थियेटर), भारत रत्न भार्गव (थियेटर), धोधे खान (लोक संगीत, राजस्थान; अलगोजा वादक), हाकिम खान (लोक संगीत, राजस्थान), गिरधारी महाराज (कथक)।*
  - ***उत्तर प्रदेश से सम्मानित हस्तियाँ*** : *ज्योतिषी चितरंजन (हिन्दुस्तानी संगीत), सुशील कुमार सिंह (नाट्य लेखन), पूर्णिमा पाण्डे (कथक)।*
  - ***मध्य प्रदेश से सम्मानित हस्तियाँ*** : *हीरा सिंह बोरलिया (लोक संगीत, मध्य प्रदेश), किरण सदाशिव देशपाण्डे (हिन्दुस्तानी वाद्य-तबला), चुन्नीलाल राइकवाड़ (लोक संगीत एवं नृत्य, मध्य प्रदेश), भगवतीलाल राजपुरोहित (समग्र योगदान-भारतीय थियेटर में छात्रवृति)।*
- 'संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार' एक राष्ट्रीय सम्मान है, जो प्रदर्शन कला के क्षेत्र के कलाकारों के साथ-साथ शिक्षकों और विद्वानों को भी प्रदान किया जाता है।
- इसके प्राप्तकर्ताओं का चयन अकादमी की सामान्य परिषद् द्वारा किया जाता है, जिसमें इन विधाओं के प्रतिष्ठित संगीतकार, नर्तक, रंगमंच कलाकार, विद्वान और भारत सरकार, राज्य सरकारों और केन्द्रशासित प्रदेशों के नामांकित व्यक्ति शामिल होते हैं।
- इसमें पुरस्कार स्वरूप ₹ 1,00,000 की नकद राशि के अलावा एक ताम्र-पत्र और अंगवस्त्रम् प्रदान किया जाता है।

**संक्षिप्तकी**

- **विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन** को पर्यावरण मानकों में सुधार और यात्रियों को पर्यावरण के अनुकूल सेवाएँ प्रदान करने के प्रयासों के लिए **भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC)** द्वारा **प्लैटिनम की उच्चतम रेटिंग** के साथ 'ग्रीन रेलवे स्टेशन' सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। यह वर्ष 2019 में सोने से 2023 में प्लैटिनम तक स्टेशन की रेटिंग का उन्नयन है।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- 27 अगस्त, 2023 को मुम्बई में सम्पन्न मिस दिवा यूनिवर्स सौन्दर्य प्रतियोगिता का खिताब किसने जीता? **श्वेता शारदा (चंडीगढ़)**

  (श्वेता शारदा इस वर्ष अल सल्वाडोर में होने वाली 72वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।)
- अगस्त, 2023 में किसे कृषि में नेतृत्व के लिए (13वाँ) स्वामीनाथन पुरस्कार, 2023 प्रदान किया गया है? **डॉ. सुरिंदर (सूरी) सहगल**
- अकादमिक क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-एकेडेमिया पुरस्कार से सितम्बर 2023 में किसे सम्मानित किया गया? **नजमा अख्तर (कुलपति, जामिया विश्वविद्यालय)**
- भारतीय मूल की किस ब्रिटिश लेखिका के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को बुकर पुरस्कार 2023 के लिए अल्पसूचीबद्ध (शॉर्टलिस्ट) किया गया है? **चेतना मारू**
- हाल ही में मिस यूनिवर्स पाकिस्तान (2023) का खिताब जीतने वाली महिला कौन हैं, वह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार कोई सौन्दर्य प्रतियोगिता जीतने वाली महिला भी हैं? **एरिका रॉबिन**



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### भारत-ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय शृंखला (2023)

- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अपने भारतीय दौरे पर 3 एकदिवसीय मैचों की शृंखला सितम्बर 2023 में खेली।
- भारतीय टीम ने यह शृंखला 2-1 से अपने नाम की।
- भारतीय टीम ने 22 सितम्बर, 2023 को मोहाली में खेला गया पहला वनडे मैच 5 विकेट से तथा 24 सितम्बर को इंदौर में खेला गया दूसरा वनडे 99 रनों (डकवर्थ लुईस मैथड) से जीता, जबकि 27 सितम्बर को राजकोट में खेला गया तीसरा वनडे ऑस्ट्रेलिया ने 66 रनों से जीता।
- भारत के शुभमन गिल को इस शृंखला में **'प्लेयर ऑफ द सीरीज'** चुना गया।
- इस शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान के.एल. राहुल (अंतिम वनडे में कप्तान रोहित शर्मा) और ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पेट कमिंस (दूसरे वनडे में कप्तान स्टीव स्मिथ) थे।

### श्रीलंका को फाइनल में हराकर भारत एशिया कप क्रिकेट का विजेता

- एशियाई क्रिकेट परिषद् के पुरुषों के (16वें) एशियाई कप क्रिकेट का आयोजन पाकिस्तान और श्रीलंका की मेजबानी में 30 अगस्त-17 सितम्बर, 2023 के दौरान हुआ।
- मेजबान पाकिस्तान और श्रीलंका सहित इस टूर्नामेंट में 6 देशों की टीमें शामिल थीं। टूर्नामेंट में अन्य 4 टीमें–भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश व नेपाल की थीं।
- 17 सितम्बर, 2023 को इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच श्रीलंका और भारत के बीच खेला गया।
- कोलंबो (श्रीलंका) के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए इस मैच में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर भारत ने आठवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने में सफलता प्राप्त की।
  - ✓ *इससे पहले भारत ने 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016 और 2018 में खिताब जीता था। भारत ने यह टूर्नामेंट 7 बार वनडे और 1 बार टी-20 में जीता है।*
  - ✓ *श्रीलंकाई टीम ने छह बार (5 बार वनडे व एक बार टी-20 प्रारूप में) यह खिताब जीता है।*
  - ✓ *पाकिस्तान की टीम दो बार चैम्पियन बनी है।*
- फाइनल में श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.2 ओवर में केवल 50 रन बनाए। भारत के मोहम्मद सिराज ने 6, हार्दिक पाण्ड्या ने 3 तथा जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिया। जवाब में भारत ने महज 37 गेंदों में मैच जीत लिया।
  - ✓ *सिराज एक ओवर में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बने।*
- भारत के मोहम्मद सिराज को फाइनल में **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया।

#### टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण बिन्दु

- भारत के कुलदीप यादव को **प्लेयर ऑफ द सीरीज** घोषित किया गया।
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक 302 रन भारत के शुभमन गिल ने बनाए, जबकि सर्वाधिक 11 विकेट श्रीलंका के मथीशा पाथीराना ने लिए।

## टेनिस / Tennis

### अमेरिकी ओपन टेनिस 2023 : नोवाक जोकोविच व कोको गॉफ को एकल खिताब

- वर्ष 2023 के अन्तिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन के 143वें संस्करण का आयोजन 28 अगस्त-10 सितम्बर, 2023 को न्यूयॉर्क सिटी में हुआ।
- हार्ड कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) व कोको गॉफ (Coco Gauff) ने जीते।
- **पुरुषों के एकल खिताब** के लिए सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराया।
  - ✓ *नोवाक जोकोविच द्वारा कॅरियर का यह चौथा यूएस ओपन खिताब है। इसी के साथ जोकोविच ने रिकॉर्ड 24वाँ ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया है।*
  - ✓ *इस जीत के साथ ही जोकोविच कार्लोस अल्काराज को पछाड़कर पुनः नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं।*
  - ✓ *जोकोविच अब तक 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन (2008, 2011, 2012, 2013, 2015, 2016, 2019, 2020, 2021, 2023), 7 विम्बलडन, (2011, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022), 3 फ्रेंच ओपन (2016, 2021, 2023) और 4 यूएस ओपन (2011, 2015, 2018, 2023) का खिताब जीत चुके हैं।*

- अमेरिकी ओपन टेनिस की महिला एकल स्पर्द्धा का फाइनल अमेरिका की 19 वर्षीय कोको गॉफ ने बेलारूस की एलेना सबालेंका को हराकर अपने नाम किया।
  - ✓ *कोको गॉफ का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।*
  - ✓ *19 वर्षीय गॉफ 1999 के बाद यहाँ खिताब जीतने वाली पहली टीनएजर हैं। तब सेरेना विलियम्स ऐसा करने वाली खिलाड़ी थीं।*
  - ✓ *सत्र के आखिरी ग्रैंड स्लैम को लगातार तीसरे वर्ष नई विजेता मिली है। वर्ष 2022 में इगा स्वातेक (पोलैण्ड) और वर्ष 2021 में एम्मा राडुकानू (यूके) ने अपने पहले यूएस ओपन खिताब जीते थे।*
- **रोहन बोपन्ना** किसी ग्रैंड स्लैम के पुरुष युगल के फाइनल में दूसरी बार पहुँचे थे। इससे पहले वह वर्ष 2010 में अपने पाकिस्तानी जोड़ीदार ऐसाम-उल-हक-कुरैशी के साथ यूएस ओपन के फाइनल में पहुँचे थे और उपविजेता रहे।

**अमेरिकी ओपन टेनिस-2023**

(28 अगस्त-10 सितम्बर, 2023; न्यूयॉर्क)

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | **विजेता** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| | **उपविजेता** | डेनियल मेदवेदेव (रूस) |
| **महिला एकल** | **विजेता** | कोको गॉफ (अमेरिका) |
| | **उपविजेता** | एलेना सबालेंका (बेलारूस) |
| **पुरुष युगल** | **विजेता** | राजीव राम (अमेरिका) और जो सैलिसबरी (ब्रिटेन) |
| | **उपविजेता** | रोहन बोपन्ना (भारत) और मैथ्यू एबडेन (ऑस्ट्रेलिया) |
| **महिला युगल** | **विजेता** | गैबरीला डेबरोब्स्की (कनाडा) और इरीन रौटलीफे (न्यूजीलैण्ड) |
| | **उपविजेता** | लौरा सिगेमंड (जर्मनी) और वेरा ज्वोनेरेवा (रूस) |
| **मिश्रित युगल** | **विजेता** | एन्ना डेनीलिना (कजाखिस्तान) और हेरी हेलीओवारा (फिनलैण्ड) |
| | **उपविजेता** | जेसिका पेगुला और ऑस्टिन क्रेजिकेक (दोनों अमेरिका) |

# बैडमिंटन / Badminton

## किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स का खिताब जीता

- 10 सितम्बर, 2023 को इण्डोनेशिया के मेडान में सम्पन्न चौथी इण्डोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन चैम्पियनशिप का पुरुष एकल खिताब भारत के किरण जॉर्ज ने जापान के कू ताकाहाशी को हराकर अपने नाम किया।
- किरण ने अपना पहला सुपर 100 खिताब 2022 में ओडिशा ओपन जीता था। जनवरी 2023 में किरण ने थाईलैण्ड ओपन में चीन के खिलाड़ी शी युकी और वेंग होंग यांग को हराया था।

# फुटबॉल / Football

## डूरंड कप (2023) : मोहन बागान विजेता

- एशिया के सबसे पुराने (132वें) डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 3 अगस्त-3 सितम्बर, 2023 के दौरान हुआ तथा इसके मैच कोलकाता, गुवाहाटी और कोकराझार में खेले गए।
- एशियाई फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (AFC) की मान्यता के पश्चात् यह दूसरा टूर्नामेंट था।
- 3 सितम्बर, 2023 को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर डूरंड कप जीत लिया।
  - ✓ *दिमित्री पेट्राटौस ने मोहन बागान की ओर से एकमात्र गोल किया।*
- मोहन बागान एसजी डूरंड कप के इतिहास में 17 खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है। मोहन बागान ने पिछला डूरंड कप वर्ष 2000 में जीता था।
  - ✓ *ईस्ट बंगाल 16 खिताब के साथ डूरंड कप जीतने वाली दूसरी सबसे सफल टीम है।*
- इस खिताबी जीत के लिए ₹ 60 लाख पुरस्कारस्वरूप मोहन बागान को दिए गए जबकि उपविजेता ईस्ट बंगाल एफसी को ₹ 30 लाख मिले।
- **डूरंड कप 2023 के अवॉर्ड :**
  - ✓ ***गोल्डन ग्लव्स पुरस्कार*** *: विशाल कैथ (मोहन बागान)*
  - ✓ ***गोल्डन बूट पुरस्कार*** *: डेविड लालह्लानसंगा (मोहम्मडन एससी)*
  - ✓ ***गोल्डन बॉल पुरस्कार*** *: नंदकुमार शेखर (ईस्ट बंगाल एफसी)*

## अंडर-16 सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप 2023

- दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFE) की अंडर-16 फुटबॉल चैम्पियनशिप का 8वाँ संस्करण 1-10 सितम्बर, 2023 को भूटान के थिंपू में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया था।
- भारत की अंडर-16 फुटबॉल टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर खिताब जीत लिया। भारतीय अंडर-16 टीम ने इस खिताब को पाँचवीं बार जीता है।
  - ✓ *टीम इंडिया की ओर से खेल के 8वें मिनट में पहला गोल भरत लायेरजम ने और दूसरा गोल 73वें मिनट में लेविस जांगमिनलम ने किया।*

- **टूर्नामेंट के अवॉर्ड**
  - ✓ ***सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर*** *: सूरज सिंह (भारत)*
  - ✓ ***सबसे मूल्यवान खिलाड़ी*** *: मोहम्मद अरबाश (भारत)*
  - ✓ ***शीर्ष गोल स्कोरर*** *: मोहम्मद अरबाश (भारत); 3 गोल*
  - ✓ ***फेयर प्ले ट्रॉफी*** *: पाकिस्तान*
- भारत के सूरज सिंह को SAFF U-16 चैम्पियनशिप का **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर** जबकि मोहम्मद अरबाश को **सबसे मूल्यवान खिलाड़ी** (Most valuable Player) और **उच्चतम स्कोरर** (Top scorer) का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**Know The Facts** : अंडर-16 SAFE फुटबॉल चैम्पियनशिप का पहली बार आयोजन वर्ष 2011 में किया गया था।

### किंग्स कप

- फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ थाईलैण्ड द्वारा आयोजित किंग्स कप अन्तर्राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट का 49वाँ संस्करण थाईलैण्ड में 7-10 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ।
- फाइनल मुकाबले में इराक ने थाईलैण्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से पराजित कर खिताब जीता। इराक का यह पहला ही खिताब है।
- लेबनान ने भारत को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- इस टूर्नामेंट में चार देशों (थाइलैण्ड, इराक, लेबनान और भारत) ने प्रतिभाग किया।

## शतरंज / Chess

### टाटा स्टील चेस इंडिया, रैपिड एण्ड ब्लिट्ज, 2023

- टाटा स्टील चेस इंडिया टूर्नामेंट का आयोजन 31 अगस्त-9 सितम्बर, 2023 के दौरान कोलकाता स्थित नेशनल लाइब्रेरी में किया गया। इस टूर्नामेंट के संक्षिप्त परिणाम निम्नवत् हैं–
  - ☆ **रैपिड ओपन (महिला) विजेता** : दिव्या देशमुख (भारत)
  - ☆ **ब्लिट्ज ओपन (महिला) विजेता :** जू वेनजुन (चीन)
    - ✓ दूसरा स्थान : कोनेरू हम्पी (भारत)
  - ☆ **रैपिड ओपन (पुरुष) विजेता** : मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (फ्रांस)
    - ✓ तीसरा स्थान : आर. प्रज्ञानानंद (भारत)
  - ☆ **ब्लिट्ज ओपन (पुरुष) विजेता** : अलेक्जेंडर ग्रिशुक (रूस)
    - ✓ तीसरा स्थान : आर. प्रज्ञानानंद (भारत)

## हॉकी / Hockey

### भारत ने पुरुष हॉकी फाइव्स एशिया कप 2023 जीता

- पुरुष हॉकी फाइव्स एशिया कप 2023 का आयोजन ओमान के सलालाह में 29 अगस्त-2 सितम्बर, 2023 के दौरान किया गया।
- इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।
- कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में ओमान ने मलेशिया को 5-4 से पराजित किया।
- भारत ने इस जीत के साथ 'एफआईएच पुरुष हॉकी-5 विश्व कप 2024' में भी प्रवेश कर लिया है।
- भारतीय टीम के मनिंदर सिंह **बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट** चुने गए।

## टेबल टेनिस / Table tennis

### एशियन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2023

- भारतीय पुरुष टीम ने 6 सितम्बर, 2023 को कोरिया गणराज्य के प्योंगचांग (Pyeongchang) में 'एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2023' के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कांस्य पदक के साथ अपने सफर को समाप्त किया।
- अनुभवी शरत कमल, हरमीत देसाई और साथियान गणानाशेखरन की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम 0-3 से हारकर टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही।
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में हारने वाली दोनों सेमीफाइनलिस्ट टीमों को कांस्य पदक से सम्मानित किया जाता है।*
- एशियन टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः चीन के मा लोंग (Ma Long) और चीन की ही वांग मेन्यू (Wang Manyu) ने जीते।

## निशानेबाजी / Shooting

### ISSF विश्व कप-2023 (रियो डि जनेरियो)

- ब्राजील के रियो डि जनेरियो में आईएसएसएफ विश्व कप-2023 का आयोजन 12-19 सितम्बर, 2023 को किया गया।
- इस टूर्नामेंट में भारत 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक के साथ पदक तालिका में पाँचवें स्थान पर रहा।
- भारतीय महिला निशानेबाज **इलावेनिल वलारिवन** ने 16 सितम्बर को महिलाओं की **10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक** जीता। वहीं 18 सितम्बर को भारतीय निशानेबाज

**निश्चल** ने महिलाओं की **50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक** जीता।

- रियो में आयोजित ISSF विश्व कप में कुल 16 भारतीय निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। हालाँकि, एशियाई खेल में भाग लेने वाले भारत के निशानेबाजों ने इस मीट में हिस्सा नहीं लिया।

**Know The Facts** : रियो प्रतियोगिता 2023 का यह आख़िरी राइफल और पिस्टल ISSF विश्व कप टूर्नामेंट था। इसके बाद 18-27 नवम्बर, 2023 के दौरान कतर के दोहा में ISSF विश्व कप फाइनल आयोजित किया जाएगा।

## बास्केटबॉल / Basketball

### फीबा बास्केटबॉल विश्व कप-2023

- **संस्करण** : 19वाँ
- **आयोजन तिथि** : 25 अगस्त-10 सितम्बर, 2023
- **मेजबान देश** : फिलीपींस, जापान और इण्डोनेशिया
- **प्रतिभागी देश** : 32

- 'फीबा बास्केटबॉल विश्व कप-2023' का आयोजन 25 अगस्त से 10 सितम्बर, 2023 के दौरान फिलीपींस, जापान और इण्डोनेशिया की संयुक्त मेजबानी में किया गया।
- टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 सितम्बर, 2023 को फिलीपींस के पसाय में जर्मनी और सर्बिया के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में जर्मनी ने सर्बिया को 83-77 से पराजित कर यह खिताब पहली बार अपने नाम किया।
  - ✓ *पिछले तीन संस्करणों में सर्बिया की टीम दूसरी बार फाइनल में पहुँची थी।*
- जर्मनी की टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। इस टूर्नामेंट में उसका शानदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में अमेरिका के खिलाफ रहा, जिसमें उसने 113-111 से जीत दर्ज की।
- तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में कनाडा ने पाँच बार के चैम्पियन अमेरिका को 127-118 से पराजित किया।
- लातविया, दक्षिण सूडान और जॉर्जिया ने पहली बार विश्व कप में भाग लिया, जिसमें लातविया शीर्ष पाँच में रहा।
- टूर्नामेंट का **मोस्ट वेल्युबल प्लेयर** (MVP) जर्मनी के **डेनिस श्रोडर** (Dennis Schröder) को चुना गया। इन्होंने फाइनल में सर्वाधिक 28 अंक जोड़े।
- **टूर्नामेंट के अन्य अवॉर्ड :**
  - ✓ ***राइजिंग स्टार** : जोस गिड्डे (Josh Giddey); ऑस्ट्रेलिया*
  - ✓ ***बेस्ट डिफेंसिव प्लेयर** : डिल्लन ब्रूक्स (Dillon Brooks); कनाडा।*
  - ✓ ***बेस्ट कोच** : लूका बांची (Luca Banchi); इटली*

## विविध खेल / Misc Games

### ग्रेटर नोएडा में 'मोटो जीपी भारत-2023' का आयोजन

- बाइक रेसिंग चैम्पियनशिप 'मोटोजीपी भारत-2023' (MotoGP) का आयोजन ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22-24 सितम्बर, 2023 को किया गया।
  - ✓ *मोटोजीपी का आयोजन देश में पहली बार किया गया है।*
- इस प्रतियोगिता में विश्व की 41 टीमों और 82 राइडर्स ने भाग लिया।
  - ✓ *इस चैम्पियनशिप का नाम पहले इंडियन ग्रां प्री था, जिसे बदलकर **मोटोजीपी भारत 2023** कर दिया गया।*
- 5.01 किलोमीटर लम्बे ट्रैक पर मोटोजीपी की 120.24 किमी. की रेस हुई।
- मोटोजीपी की एक रेस लगभग 100 से 130 किमी. की होती है, जो लगभग 45 मिनट तक चलती है।

**MotoGP Bharat-2023 के विजेता**

| श्रेणी | राइडर | टीम |
|---|---|---|
| मोटोजीपी | मार्को बेज़ेची (इटली) | मूनी वीआर46 रेसिंग टीम |
| मोटो 2 | जॉर्ज मार्टिन (स्पेन) | प्रेमैक रेसिंग टीम |
| मोटो 3 | फैबियो क्वार्टारो (फ्रांस) | मांन्स्टर एनर्जी यामाहा |

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में प्रथमेश जावकर ने जीता रजत पदक

- भारतीय तीरंदाज प्रथमेश जावकर 9 सितम्बर, 2023 को मेक्सिको के हर्मोसिलो (Hermosillo) में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल 2023 में पुरुषों की कम्पाउण्ड स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- डेनमार्क के माथियास फुलर्टन (Mathias Fullerton) ने इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता।

### अंतिम पंघाल ने जीता विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक

- भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने 21 सितम्बर, 2023 को सर्बिया के बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2023 में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्द्धा में स्वीडन की दो बार की यूरोपीय चैम्पियन एम्मा जोना डेनिस मालमग्रेन को हराकर कांस्य पदक जीता।

- इस जीत से अंतिम पंघाल ने **पेरिस 2024 ओलम्पिक** कोटा भी हासिल किया। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मकालीन खेलों के आगामी संस्करण के लिए कुश्ती में यह देश का पहला कोटा है।

## नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2023 में जीता रजत पदक

- भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 'डायमंड लीग 2023' में 83.80 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- यह प्रतियोगिता संयुक्त राज्य अमेरिका के यूजीन (Eugene) में 16-17 सितम्बर, 2023 को आयोजित की गई थी।
- नीरज चोपड़ा पिछले साल डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बने थे, लेकिन इस बार भारतीय स्टार भाला फेंक हेवर्ड फील्ड में अपने खिताब को डिफेंड नहीं कर सके।
- वर्ष 2016 और 2017 डायमंड लीग चैम्पियन, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 84.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपना तीसरा ख़िताब जीता।

# एशियाई खेल-2022 का हांगझोऊ में शुभारम्भ

- एशियाई ओलम्पिक परिषद् के तत्वावधान में 19वें एशियाई खेलों का शुभारम्भ 23 सितम्बर, 2023 से **हांगझोऊ (चीन)** में हुआ। यह खेल 8 अक्टूबर, 2023 तक चलेंगे।

19th Asian Games
Hangzhou 2022

  - ✓ *प्रत्येक चार वर्ष पर होने वाला यह टूर्नामेंट वर्ष 2022 में होना था, लेकिन COVID-19 के कारण इसे एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था।*
  - ✓ *यह तीसरा अवसर है, जब इन खेलों का आयोजन चीन में किया जा रहा है, इससे पहले 1990 में बीजिंग में तथा वर्ष 2010 में गोंगझाऊ में एशियाई खेल सम्पन्न हुए थे।*
- 19वें एशियाई खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह 23 सितम्बर, 2023 को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में **ओलम्पिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम** में हुआ, जहाँ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने खेलों के शुभारम्भ की घोषणा की।
- 45 देशों के खिलाड़ियों ने इस समारोह में मार्च पास्ट में भाग लिया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रों की परेड अफगानिस्तान से शुरू हुई, उसके बाद सभी (45) नेशनल ओलंपिक कमेटी के एथलीटों ने परेड में भाग लिया।
- मार्च पास्ट में **भारतीय दल के ध्वजवाहक** दो एथलीट–हॉकी स्टार **हरमनप्रीत सिंह** और महिला मुक्केबाज **लवलीना बोरगोहेन** बने। भारतीय एथलीटों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर हांगझोऊ 2023 मार्च पास्ट में भाग लिया।




  - ✓ *चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 3 वुशु खिलाड़ियों (न्येमान वांग्सू, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु) को वीजा देने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों में अपना दौरा रद्द कर दिया।*
- 19वें एशियाई खेलों के **आधिकारिक शुभंकर** चेन्चेन, कांगकॉन्ग और लियानलियन हैं। यह तीनों शुभंकर 'रोबोटों का एक समूह' हैं।
  - ✓ *इन तीन शुभंकरों (सभी रोबोटों) को सामूहिक रूप से **'मेमोरीज़ ऑफ़ जियांगन'** नाम दिया गया है। यह नाम तांग राजवंश के एक मान्यता प्राप्त कवि बाई जुयी की एक कविता का प्रतिरूप है।*
- इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 39 खेलों में कुल 655 भारतीय एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।
- समाचार लिखे जाने तक (30 सितम्बर, 2023) भारत ने कुल 35 पदक (9 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक) जीते हैं। इनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

**स्वर्ण पदक विजेता**

- **निशानेबाजी** :
  - ✓ *पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम (दिव्यांश सिंह, रूद्राक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह)।*
  - ✓ *महिलाओं की 25 मी. एयर पिस्टल टीम (ईशा सिंह, मनु भाकर, रीथम सांगवान)।*
  - ✓ *महिलाओं की 50 मी. राइफल 3 पॉजीशन (शिफ्त कौर सामरा)।*
  - ✓ *पुरुषों की 10 मी. एयर पिस्टल टीम (अर्जुन सिंह चीमा, शिवा नरवाल, सरबजोत सिंह)।*
  - ✓ *पुरुषों की 50 मी. राइफल 3 पॉजीशन टीम (एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अखिल श्योरण, आशी चौकसे)।*
  - ✓ *महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल (पलक गुलिया)।*
- **क्रिकेट** :
  - ✓ *महिलाओं की क्रिकेट टीम (कप्तान-हरमनप्रीत कौर)।*
- **घुड़सवारी** :
  - ✓ *टीम ड्रेसेज (अनुष अग्रवाल, हृदय छेदा, दिव्यकीर्ति सिंह, सुदीप्ति हजेला)। घुड़सवारी में भारत ने 41 वर्ष बाद एशियन खेलों में गोल्ड मेडल हासिल किया है।*
- **लॉन टेनिस** :
  - ✓ *मिश्रित युगल टीम (रोहन बोपन्ना एवं रुतुजा भोसले)।*

**रजत पदक विजेता**

- **निशानेबाजी :**
  - ✓ *महिलाओं की 10 मी. एयर राइफल टीम (महुली घोष, रमीता जिन्दल, आशी चौकसे)।*
  - ✓ *महिलाओं की 50 मी. राइफल 3 पॉजीशन (आशी चौकसे, शिफ्त कौर सामरा, मानिनी कौशिक)।*
  - ✓ *महिलाओं की 50 मी. एयर पिस्टल (ईशा सिंह)।*
  - ✓ *पुरुषों की स्कीट (अनंतजीत सिंह नरूका)।*
  - ✓ *महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल टीम (टी.एस. दिव्या, ईशा सिंह, पलक गुलिया)।*
  - ✓ *महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल (ईशा सिंह)।*
  - ✓ *पुरुषों की 50 मी. राइफल 3 पॉजीशंस (एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर)।*
  - ✓ *मिश्रित टीम 10 मी. एयर पिस्टल (सरबजोत सिंह-टी.एस. दिव्या)।*
- **लॉन टेनिस :**
  - ✓ *पुरुष युगल (साकेत मिनेनी एवं रामकुमार रामनाथन)*
- **रोईंग :**
  - ✓ *पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (अरविन्द सिंह, अर्जुन लाल जाट)।*
  - ✓ *पुरुषों की कॉक्सड् एट।*
- **सेलिंग :**
  - ✓ *गर्ल्स डिंघी आईएलसीए4 (नेहा ठाकुर)।*
- **वुशु :**
  - ✓ *महिला-60 किग्रा. वर्ग (एनः रोशिबिना देवी)।*


**कांस्य पदक विजेता**

- **रोईंग :**
  - ✓ *पुरुषों की कॉक्सलेस पेयर (बाबू लाल यादव व लेखराम)।*
  - ✓ *पुरुषों की कॉक्सलेस फॉर (जसविन्दर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार, अशीष)।*
  - ✓ *पुरुषों की क्वाड्रुपल स्कल्स (सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान, सुखमीत सिंह)।*
- **निशानेबाजी :**
  - ✓ *महिलाओं की 10 मी. एयर राइफल (रमीता जिन्दल)।*
  - ✓ *पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल (ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर)।*
  - ✓ *पुरुषों की 25 मी. रेपिड फायर पिस्टल टीम (आदर्श सिंह, विजयवीर सिद्धू, अनीष भानवाला)।*
  - ✓ *महिलाओं की 50 मी. राइफल थ्री पॉजीशन (आशी चौकसे)।*
  - ✓ *पुरुषों की स्कीट टीम (गुरुजोत सिंह खंगुरा, अनंतजीत सिंह नरुका, अंगदवीर सिंह बाजवा)।*
- **नौकायन (सेलिंग) :**
  - ✓ *पुरुषों की डिंगी ILCA7 (विष्णु सरवनन)।*
  - ✓ *पुरुषों की विंडसरफर RS:X (ईबाद अली)।*
- **घुड़सवारी :**
  - ✓ *व्यक्तिगत ड्रेसेज (अनुष अग्रवाल)।*
- **स्क्वैश :**
  - ✓ *महिलाओं की टीम (जोशना चिनप्पा, दीपिका पल्लीकल, अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना)।*
- **एथलेटिक्स :**
  - ✓ *महिलाओं की शॉटपुट (किरन बालियान)*

---

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने अगस्त 2023 के 'वुमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे नामित किया है? **अर्लीन केली (आयरलैण्ड)**
- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने अगस्त 2023 के 'मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे नामित किया है? **बाबर आजम (पाकिस्तान)**
- 24 सितम्बर, 2023 को जापानीज ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस किसने जीती? **मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैण्ड्स); टीम : रेडबुल रेसिंग-होंडा**
- 17 सितम्बर, 2023 को सिंगापुर ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस किसने जीती? **कार्लोस सेंज (स्पेन); टीम : फरारी**
- हाल ही में अमेरिका के यूजीन में सम्पन्न डायमंड लीग फाइनल में 100 मीटर फर्राटा दौड़ का पुरुष एवं महिला वर्ग का खिताब क्रमशः किसने जीता? **क्रिस्टियन कोलमैन (अमेरिका) व शेरिका जैक्सन (जमैका)**
- भारत की भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी 8 सितम्बर, 2023 को बेल्जियम के किंग बॉडौइन स्टेडियम में 'ब्रुसेल्स डायमंड लीग 2023' एथलेटिक्स मीट में कौनसे स्थान पर रहीं? **सातवें**
- 11 सितम्बर, 2023 को भारत ने एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान को कितने रनों से पराजित किया? **228 रन**
- 3 सितम्बर, 2023 को इटेलियन ग्रांड प्रिक्स फॉर्मूला-1 रेस किसने जीती? **मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैण्ड्स); टीम : रेडबुल रेसिंग-होंडा**
- दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप को डोपिंग उल्लंघन के लिए पेशेवर टेनिस से चार साल के लिए निलंबित किया गया है, इनका सम्बन्ध किस देश से है? **रोमानिया**
- इंग्लैण्ड के स्नूकर खिलाड़ी रोनी ओ' सुलिवान ने हाल ही में किसे पराजित कर शंघाई मास्टर्स का खिताब जीता? **लुका ब्रेसेल (बेल्जियम)**
- स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने 17 सितम्बर, 2023 को यूजीन (अमेरिका) में सम्पन्न डायमंड लीग फाइनल में पोल्ट वॉल्ट में कितनी ऊँचाई तय कर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया? **6.23 मीटर**




# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### अभिनेता सुरेश गोपी सत्यजीत रे फिल्म एण्ड टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष नामित

- मलयाली अभिनेता व राजनेता सुरेश गोपी को 'सत्यजीत रे फिल्म एण्ड टेलीविजन संस्थान' (SRFTI) के अध्यक्ष और इसके गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में 22 सितम्बर, 2023 को नामित किया गया है। इनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है।
- सुरेश गोपी मलयालम सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता हैं और उन्होंने तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।
- वह वर्ष 1997 में फिल्म 'कलियाट्टम' के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित हैं।

**Know The Facts** : सत्यजीत रे फ़िल्म एवं टेलीवीजन संस्थान कोलकाता में स्थित एक चलचित्र संस्थान है। इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1995 में की गई।

### धनंजय जोशी : डीआईपीए के चेयरमैन नियुक्त

- समिट डिजिटल (Summit Digitel) के एमडी और सीईओ धनंजय जोशी को दूरसंचार उद्योग निकाय 'डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन' (DIPA) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।
- जोशी इस पद पर भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन अखिल गुप्ता का स्थान लेंगे।
- डीआईपीए ने 'अमेरिकन टावर इंडिया' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप गिरोत्रा को एसोसिएशन का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है।
- जोशी और गिरोत्रा 1 अक्टूबर, 2023 को अपना-अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

***Salient Point...***

- 'डीआईपीए' एक गैर-लाभकारी उद्योग निकाय है जो भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2010 में 'टॉवर एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन' (TIPA) के रूप में की गई थी, लेकिन इसकी सदस्यता के व्यापक दायरे को प्रतिबिंबित करने के लिए वर्ष 2020 में इसका नाम बदलकर DIPA कर दिया गया।

### आर. माधवन : एफटीआईआई के अध्यक्ष नियुक्त

- जाने-माने अभिनेता आर. माधवन को पुणे स्थित 'भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान' (FTII) का अध्यक्ष और इसके गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया है।
- माधवन ने इस पद पर अभिनेता और फिल्म निर्माता शेखर कपूर का स्थान लिया है, जिनका FTII अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल इस वर्ष मार्च 2023 में समाप्त हो गया था।
- आर. माधवन को '3 इडियट्स', 'तनु वेड्स मनु' और 'रंग दे बसंती' जैसी सुपरहिट फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है। उन्होंने **'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट'** के साथ निर्देशन की शुरुआत भी की, जिसने हाल ही में घोषित 69वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में 'सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म' का पुरस्कार भी जीता था।
  - ✓ *'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट', इसरो के पूर्व वैज्ञानिक एस नंबी नारायणन के जीवन और भारत की अंतरिक्ष एजेंसी में उनके उल्लेखनीय योगदान पर आधारित है। इस फिल्म में माधवन ने अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायणन की मुख्य भूमिका भी निभाई थी।*



**आर. माधवन**

### जया वर्मा सिन्हा : रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ-अध्यक्ष

- रेलवे यातायात सेवा की वरिष्ठ अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने रेलवे बोर्ड की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष पद का कार्यभार 1 सितम्बर, 2023 को सँभाल लिया।
- जया सिन्हा ने इस पद पर अनिल कुमार लाहोटी का स्थान लिया है, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए हैं।
- जया अब तक रेलवे बोर्ड में सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के तौर पर सेवाएँ दे रही थीं। चेयरमैन के रूप में जया का कार्यकाल 1 वर्ष का होगा।
- जया से पहले विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं। लेकिन जया बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ के तौर पर जानी जाएँगी।



**जया वर्मा सिन्हा**

- उल्लेखनीय है कि हाल ही में बालासोर में हुए कोरमंडल एक्सप्रेस हादसे के समय जया वर्मा सिन्हा ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस दौरान उन्होंने मीडिया को रेलवे के जटिल सिग्नलिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी।

**Know The Facts** : रेलवे विभाग का अध्यक्ष भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा अधिकारी होता है, जो कि रेलवे सेवाओं के निर्देशन, विकास और ओपरेशन सम्बन्धित फैसले लेता है।

## अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **श्रीनिवासन के. स्वामी** : अध्यक्ष, ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC); नियुक्ति : सितम्बर 2023
  - ✓ *आर.के. स्वामी हंसा समूह के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवासन विज्ञापन और मीडिया जगत के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं।*
- **रजनीश कुमार** : अध्यक्ष, मास्टरकार्ड इंडिया; नियुक्ति : सितम्बर 2023
  - ✓ *रजनीश कुमार अक्टूबर 2017 से अक्टूबर 2022 तक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के चेयरमैन रहे थे।*
- **नीरज मित्तल** : सचिव, दूरसंचार विभाग भारत सरकार; नियुक्ति : सितम्बर 2023
  - ✓ *मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नीरज मित्तल को दूरसंचार विभाग में सचिव नियुक्त किया है।*
  - ✓ *इस पद पर वह के. राजारमन का स्थान लेंगे।*
- **मनीष देसाई** : प्रधान महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय (PIB); नियुक्ति : 1 सितम्बर, 2023
  - ✓ *मनीष देसाई ने 1 सितम्बर को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने 31 अगस्त, 2023 को राजेश मल्होत्रा की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार सँभाला।*

## सितम्बर 2023 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री

- **सातो किलमन (Sato Kilman)** : प्रधानमंत्री, वेनुआतु (पद ग्रहण : 4 सितम्बर, 2023)।
- **रेमंड न्डोंग सीमा (Raymond Ndong Sima)** : अंतरिम प्रधानमंत्री, गेबॉन (पद ग्रहण : 7 सितम्बर, 2023)।
- **थर्मन शान्मूगरातनाम (Tharman Shanmugaratnam)** : राष्ट्रपति, सिंगापुर (पद ग्रहण : 14 सितम्बर, 2023)।
- **इविका सिलिना (Evika Siliņa)** : प्रधानमंत्री, लातविया (पद ग्रहण : 15 सितम्बर, 2023)।

# निधन

## एम.एस. स्वामीनाथन का निधन

- प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और भारत की हरित क्रांति के जनक के रूप में प्रख्यात एम.एस.स्वामीनाथन (Mankombu Sambasivan Swaminathan) का 28 सितम्बर, 2023 को चेन्नई में उनके निवास पर निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे।
- स्वामीनाथन ने अपनी नीतियों के जरिए सामाजिक क्रांति लाकर 1960 के दशक में भारत को अकाल जैसी स्थिति से बचाया।


एम.एस. स्वामीनाथन

- उन्होंने एम.एस. स्वामीनाथन अनुसंधान प्रतिष्ठान की स्थापना की और उच्च उत्पादकता वाले गेहूँ के बीज विकसित किए जिनसे भारत में हरित क्रांति आयी।
- वह 1972 से 1980 के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक और 1982 से 1988 के बीच अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संगठन के महानिदेशक रहे।
- कृषि नीतियों के मोर्चे पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वामीनाथन को कई अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
  - ✓ *1986 में उन्हें अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार, 1991 में टाइटलर पर्यावरण उपलब्धि पुरस्कार और 2000 में अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल संघ का पदक प्रदान किया गया।*
  - ✓ *उन्हें पद्मश्री (1967), पद्म भूषण (1972) और पद्म विभूषण (1989) से भी सम्मानित किया गया।*
  - ✓ *उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज भी मिला।*

## इसरो वैज्ञानिक एन. वलारमथी

- इसरो की वैज्ञानिक और चन्द्रयान-3 मिशन की प्रमुख सदस्य रहीं एन. वलारमथी का दिल का दौरा पड़ने से 2 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया। वह 64 वर्ष की थीं।
- लॉचिंग के समय चन्द्रयान-3 का काउंटडाउन उन्होंने ही किया था। वह पिछले 6 वर्ष से इसरो के सभी लॉन्च के लिए काउंटडाउन की घोषणाएँ कर रही थीं। उन्होंने भारत के पहले रडार इमेजिंग सैटेलाइट RISAT-1 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भी काम किया।


एन. वलारमथी

- एन. वलारमथी का जन्म 31 जुलाई, 1959 को हुआ था। वह वर्ष 1984 में इसरो में शामिल हुईं। उन्होंने इसरो के कई मिशनों में हिस्सा लिया।
- वह वर्ष 2015 में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के सम्मान में तमिलनाडु सरकार द्वारा स्थापित 'अब्दुल कलाम पुरस्कार' पाने वाली पहली वैज्ञानिक थीं।

## अरुण कुमार सिन्हा

- प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी सँभालने वाले 'स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप' (SPG) के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का 6 सितम्बर, 2023 को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे तथा कुछ माह से बीमार चल रहे थे।
- 1987 बैच के केरल कैडर के आईपीएस अधिकारी सिन्हा वर्ष 2016 से एसपीजी निदेशक के तौर पर काम कर रहे थे।

- इस वर्ष 31 मई को वह सेवानिवृत्त होने वाले थे। सेवानिवृत्ति के एक दिन पहले ही सरकार ने उन्हें एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया गया था।

### क्या है स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG)

- एसपीजी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वर्ष 1985 में बनाया गया था। यह ग्रुप प्रधानमंत्री के घर, ऑफिस, देश और विदेश में होने वाले सभी कार्यक्रमों की सुरक्षा देखता है।
- वर्ष 2019 से पहले एसपीजी पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा भी देखता था। वर्ष 2019 में एक विधेयक लाया गया। इसके तहत् इंटेलीजेंस रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री पद छोड़ने के 5 वर्ष बाद तक ही कोई एसपीजी सिक्योरिटी ले सकता है।

### प्रमुख हस्तियों का देहावसान : संक्षिप्त में

- **जियोर्जियो नेपोलिटानो** : इटली के पूर्व राष्ट्रपति (निधनः 22 सितम्बर, 2023); आयु: 98 वर्ष।
  - ✓ *जियोर्जियो 15 मई, 2006 से 14 जनवरी, 2015 तक इटली के राष्ट्रपति रहे।*
- **डॉ. सरोजा वैद्यनाथन** : भरतनाट्यम नृत्यांगना (निधनः 21 सितम्बर, 2023); आयु : 86 वर्ष।
  - ✓ *डॉ. सरोजा को वर्ष 2002 में पद्मश्री और वर्ष 2012 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।*
- **अखिल मिश्रा** : बॉलीवुड अभिनेता (निधनः 19 सितम्बर, 2023); आयु : 67 वर्ष।
  - ✓ *अखिल मिश्रा ने '3 इडियट्स' फिल्म में लाइब्रेरियन दुबे जी का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इसके अलावा उन्होंने हजारों ख्वाहिशें ऐसी, वेल डन अब्बा, कलकत्ता मेल और शाहरुख खान की डॉन में भी काम किया था।*
- **गीता मेहता** : प्रसिद्ध लेखिका-फिल्म निर्माता (निधनः 16 सितम्बर, 2023); आयु : 80 वर्ष।
  - ✓ *गीता मेहता ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बड़ी बहिन थीं।*
  - ✓ *उनकी प्रमुख पुस्तकों में 'स्नेक एण्ड लैडर्स', 'कर्मा कोला', 'अ रिवर सूत्र', 'राज' और 'द इटरनल गणेशा' शामिल हैं।*
  - ✓ *भारत सरकार ने वर्ष 2019 में गीता को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया था। हालांकि उन्होंने राजनीतिक कारणों के चलते इस पुरस्कार को अस्वीकार कर दिया था।*
- **उस्ताद अली ज़की हैदर** : प्रसिद्ध रुद्र वीणा प्रतिपादक (निधनः 16 सितम्बर, 2023); आयु : 50 वर्ष।
  - ✓ *उस्ताद असद अली खान के शिष्य, अली ज़की हैदर ध्रुपद के जयपुर बीनकर घराने की खण्डरबानी (खण्डहरबानी) शैली के अंतिम प्रतिपादक थे।*

**Know The Facts** : रुद्र वीणा ऐसा वाद्य है जो हिंदुस्तानी संगीत विशेष रूप से ध्रुपद संगीत शैली में प्रयुक्त होता है।

- **अजीत निनान** : प्रसिद्ध राजनीतिक कार्टूनिस्ट (निधनः 8 सितम्बर, 2023; मैसूर); आयु : 68 वर्ष।
  - ✓ *प्रसिद्ध अनुभवी कार्टूनिस्ट अजीत निनान को इंडिया टुडे में अपनी श्रृंखला 'सेंट्रेस्टेज' (Centrestage) और टाइम्स ऑफ इंडिया में 'निनन्स वर्ल्ड' (Ninan's World) के लिए जाना जाता था।*
  - ✓ *उन्हें उनकी प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप, 'डिटेक्टिव मूँछवाला' के लिए भी जाना जाता था, जिसमें 1980 के दशक में इंडिया टुडे की टारगेट पत्रिका में इसी नाम के जासूस और उसके पालतू कुत्ते को दिखाया गया था।*
- **डेनिस ऑस्टिन** : सॉफ्टवेयर डेवलपर (निधनः 1 सितम्बर, 2023; लॉस अल्टोस, कैलिफोर्निया); आयु : 76 वर्ष।
  - ✓ *ऑस्टिन ने रॉबर्ट गैसकिंस के साथ पावरपॉइंट बनाया और इसे 1987 में लॉन्च किया।*
  - ✓ *सॉफ्टवेयर डेवलपर्स की जोड़ी सॉफ्टवेयर कम्पनी फोरथॉट का हिस्सा थी, जिसे माइक्रोसॉफ्ट ने पॉवरपॉइंट लॉन्च के कुछ महीने बाद $14 मिलियन में खरीद लिया था।*
- **मालिनी राजुरकर** : हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायिका (निधनः 6 सितम्बर, 2023; हैदराबाद); आयु : 82 वर्ष।
  - ✓ *मालिनी राजुरकर का जन्म वर्ष 1941 में राजस्थान के अजमेर में हुआ था।*
  - ✓ *गोविंदराव राजुरकर और उनके भतीजे वसंतराव राजुरकर के मार्गदर्शन में उन्होंने अजमेर संगीत महाविद्यालय से संगीत की शिक्षा ली। बाद में उन्होंने अपने गुरु वसंतराव राजुरकर से विवाह कर लिया।*
  - ✓ *वह ग्वालियर घराने की प्रतिपादक थीं और 'खयाल' और 'टप्पा' शैली की अग्रणी प्रस्तावकों में से एक थीं।*
  - ✓ *उन्हें वर्ष 2001 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*
- **हीथ स्ट्रीक** : जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेट कप्तान (निधनः 3 सितम्बर, 2023; जिम्बाब्वे); आयु : 49 वर्ष।
  - ✓ *जिम्बाब्वे क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में से एक हीथ स्ट्रीक पर वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के लिए 2021 में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् ने 8 वर्ष का प्रतिबंध लगाया था।*
  - ✓ *वह टेस्ट और वनडे दोनों में 100 विकेट लेने वाले जिम्बाब्वे के पहले क्रिकेटर थे। वह 100 टेस्ट विकेट और 1000 टेस्ट रन का डबल पूरा करने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर हैं और वनडे में 2000 रन बनाने और 200 विकेट लेने वाले देश के एकमात्र क्रिकेटर हैं।*
- **पीलू रिपोर्टर** : भारतीय क्रिकेट अंपायर (निधन : 3 सितम्बर, 2023); आयु : 84 वर्ष।
  - ✓ *क्रिकेट में तटस्थ अंपायरिंग करने वाले पहले अंपायरों में शामिल भारत के पीलू रिपोर्टर ने 28 वर्ष के कॅरिअर में 14 टेस्ट और 22 एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की। इसमें 1992 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड में आयोजित विश्व कप भी शामिल है।*

- **आर.एस. शिवाजी**: तमिल अभिनेता और हास्य कलाकार (निधन: 2 सितम्बर, 2023 ; चेन्नई); आयु: 66 वर्ष।
  - ✓ *उन्हें 2020 सूर्या-स्टारर फिल्म 'सोराराई पोटरू' में उनके काम के लिए जाना जाता है।*

# दिवस/सप्ताह/वर्ष

## महत्वपूर्ण दिवस

- **विश्व नारियल दिवस :** 2 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 की थीम** : 'वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के लिए नारियल क्षेत्र को कायम रखना'।*
- **विश्व चैरिटी दिवस :** 5 सितम्बर
- **राष्ट्रीय शिक्षक दिवस :** 5 सितम्बर
  - ✓ *भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
- **नीले आसमान के लिए दूसरा स्वच्छ वायु का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 7 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के लिए इस दिवस की थीम** है –'Together for Clean Air'*
- **अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग दिवस :** 7 सितम्बर
- **विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस या विश्व फिजियोथेरेपी दिवस:** 8 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 की थीम –'Prevention and Management of Osteoarthritis' थी।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस :** 8 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 की थीम 'Promoting literacy for a world in transition : Building the foundation for sustainable and peaceful societies.' थी।*
- **हिमालय दिवस :** 9 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के हिमालय दिवस की थीम** 'हिमालय के ईको सिस्टम को संरक्षित करना है'।*
- **शिक्षा को हमले से बचाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस (International Day to Protect Education from Attack) :** 9 सितम्बर
- **विश्व ईवी दिवस (वर्ल्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल डे) :** 9 सितम्बर
- **विश्व प्राथमिक उपचार दिवस :** 9 सितम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रतिवर्ष सितम्बर माह के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है।*
- **राष्ट्रीय वन शहीद दिवस :** 11 सितम्बर
- **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस :** 11 सितम्बर
- **दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 12 सितम्बर
- **हिन्दी दिवस :** 14 सितम्बर
- **विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस :** 15 सितम्बर
- **राष्ट्रीय इंजीनियर्स दिवस :** 15 सितम्बर
  - ✓ *देश में इंजीनियरिंग को नई सोच और दिशा देने वाले महान् इंजीनियर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या की जयन्ती 15 सितम्बर को देश में 'इंजीनियर्स डे' या अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस :** 15 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की थीम 'Empowering the next generation.' थी।*
- **ओज़ोन परत के संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 16 सितम्बर
  - ✓ ***विश्व ओजोन दिवस 2023 की थीम** 'Montreal Protocol: Fixing the Ozone Layer and Reducing Climate Change' है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस :** 16 सितम्बर
  - ✓ *दक्षिण एशियाई क्षेत्र में यह आयोजन 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम '(यूएनईपी) और 'दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम' (एसएसीईपी) के तत्वावधान में किया जाता है।*
  - ✓ *यह दिवस भी प्रतिवर्ष सितम्बर के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है।*
- **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस :** 17 सितम्बर
  - ✓ *भारत सरकार का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय प्रतिवर्ष 17 सितम्बर को 'रोगी सुरक्षा दिवस' मनाता है।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस की थीम 'Engaging patients for patient safety'** है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय लाल पाण्डा दिवस :** 17 सितम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रतिवर्ष सितम्बर के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है।*
- **विश्व जल निगरानी दिवस :** 18 सितम्बर
- **विश्व बाँस दिवस :** 18 सितम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस :** 18 सितम्बर
- **विश्व अल्जाइमर दिवस :** 21 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व अल्जाइमर दिवस की थीम** — 'Never too early, never too late'।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस :** 21 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस की थीम**— 'Actions for peace: Our ambition for the #GlobalGoals'।*
- **विश्व राइनो दिवस :** 22 सितम्बर
- **विश्व गुलाब दिवस :** 22 सितम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस :** 23 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस की थीम 'A World Where Deaf People Everywhere Can Sign Anywhere.'।*

- **विश्व नदी दिवस :** 24 सितम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रतिवर्ष सितम्बर के चौथे रविवार को मनाया जाता है।*
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व नदी दिवस की थीम*** *'नदियों का अधिकार' है।*
- **इंटरनेशनल डॉटर्स डे :** 24 सितम्बर
  - ✓ *यह दिवस प्रतिवर्ष सितम्बर के चौथे रविवार को मनाया जाता है।*
- **विश्व फार्मासिस्ट दिवस :** 25 सितम्बर
  - ✓ ***वर्ष 2023 के विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम*** *'Pharmacy Strengthening Health Systems' है।*
- **अन्त्योदय दिवस :** 25 सितम्बर
  - ✓ *पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को चिह्नित करने के लिए प्रतिवर्ष 25 सितम्बर को 'अन्त्योदय दिवस' मनाया जाता है।*
- **परमाणु हथियारों के लिए पूर्ण उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस :** 26 सितम्बर
- **सैन्य इंजीनियरिंग सेवा दिवस :** 26 सितम्बर
  - ✓ *101वें सैन्य इंजीनियरिंग सेवा दिवस का आयोजन 26 सितम्बर, 2023 को किया गया।*
- **विश्व पर्यटन दिवस :** 27 सितम्बर
  - ✓ *2023 में, संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की थीम* ***'पर्यटन और हरित निवेश'*** *है।*
- **शहीद भगत की (116वीं) जयंती :** 28 सितम्बर
- **विश्व रेबीज दिवस :** 28 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व रेबीज दिवस की थीम* ***'ऑल फॉर वन, वन हेल्थ फॉर ऑल*** *है।*
- **विश्व हृदय दिवस :** 29 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व हृदय दिवस की थीम* ***'हेल्थ फॉर ऑल'*** *है।*
- **खाद्य हानि और अपशिष्ट के बारे में जागरूकता का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस 2023 :** 29 सितम्बर
- **अन्तर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस :** 30 सितम्बर
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस की थीम* ***'अनुवाद मानवता के कई चेहरों को उजागर करता है'***।

### विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (SECI) का 11वाँ स्थापना दिवस** : 20 सितम्बर
- **रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का 39वाँ स्थापना दिवस** : 20 सितम्बर
- **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) का 63वाँ स्थापना दिवस** : 1 सितम्बर
  - ✓ *हाल ही में नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (National Council of Educational Research and Training–NCERT) का 63वाँ स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें NCERT की उल्लेखनीय उपलब्धि को देखते हुए उसे सम्मानित* ***डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा*** *दिया गया।*

### प्रमुख सप्ताह

- **राष्ट्रीय पोषण सप्ताह** : 1-7 सितम्बर, 2023
- **साक्षरता सप्ताह** : 1-8 सितम्बर, 2023
  - ✓ *शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनाया गया।*
  - ✓ *उद्देश्य : सभी हितधारकों/लाभार्थियों/नागरिकों के बीच उल्लास (**ULLAS—U**nderstanding of **L**ifelong **L**earning for **A**ll in **S**ociety) नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करना।*
- **बधिरों का अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह** : 18-24 सितम्बर, 2023
- **विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह** : 11-17 सितम्बर, 2023

### पखवाड़ा

- **स्वच्छता पखवाड़ा** : 16 सितम्बर–2 अक्टूबर, 2023

### माह

- **छठवाँ राष्ट्रीय पोषण माह (सितम्बर)**
  - ✓ *प्रति वर्ष सितम्बर माह को 'पोषण माह' के रूप में मनाया जाता है।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के पोषण माह की थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' रखी गई है।*

## शब्द संक्षेप

- **ओआईएमएल-OIML** (International Organization for Legal Metrology)
  - ✓ *OIML एक अंतर सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी। भारत 1956 में इसका सदस्य बना। इसके 63 सदस्य देश और 64 सहयोगी सदस्य हैं।*
  - ✓ *हाल ही में भारत 13वाँ ऐसा देश बन गया है जो OIML सर्टिफिकेट जारी कर सकता है।*
  - ✓ *भारत अब विश्व में कहीं भी बाट और मापन उपकरणों को बेचने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत OIML प्रमाण-पत्र जारी करने वाला प्राधिकरण बन गया है।*
  - ✓ *अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में वज़न या माप बेचने के लिए OIML मॉडल अनुमोदन प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। यह अब उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा प्रदान किया जा सकता है।*
  - ✓ ***भारत के अलावा अन्य 12 देश हैं****–ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैण्ड, चीन, चेक गणराज्य, जर्मनी, डेनमार्क, फ्रांस, ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम), जापान, नीदरलैण्ड्स, स्वीडन और स्लोवाकिया ।*

## पोर्टल/एप

### 'सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण' (GCES) हेतु मोबाइल एप्लीकेशन और वेब पोर्टल

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 21 सितम्बर, 2023 को सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण (GCES–General Crop Estimation Survey) के लिए मोबाइल एप्लिकेशन और वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया।
- यह परिवर्तनकारी वेब पोर्टल तथा मोबाइल एप्लिकेशन पूरे देश में कृषि कार्य प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य के साथ विकसित किया गया है।
- पोर्टल एवं एप गाँव-गाँव के आधार पर GCES योजना तथा भूखण्ड विवरण सहित उपज अनुमान का एक विस्तृत संग्रह उपलब्ध कराते हैं, विशेषकर जहाँ पर फसल कटाई के लिए प्रायोगिक परीक्षण किए जाते हैं।
- उल्लेखनीय है कि वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के लिए प्रायोगिक तौर पर 12 राज्यों में योजना बनाई गई है और अक्टूबर 2023 के तीसरे सप्ताह तक इन्हें लागू कर दिया जाएगा।

### कृषि सांख्यिकी आँकड़ों के लिए एकीकृत पोर्टल का शुभारम्भ

- नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने 15 सितम्बर, 2023 को आधिकारिक तौर पर कृषि सांख्यिकी आँकड़ों से सम्बन्धित एकीकृत पोर्टल (यूपीएजी पोर्टल) का शुभारम्भ किया।
- यह भारत के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली जटिल प्रशासनिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक अभूतपूर्व पहल है।
- यह अभिनव प्लेटफॉर्म कृषि क्षेत्र में डेटा प्रबंधन को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### 'स्किल इंडिया डिजिटल' प्लेटफॉर्म लॉन्च

- केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 13 सितम्बर, 2023 को डिजिटल प्लेटफॉर्म 'स्किल इंडिया डिजिटल' (SID) लॉन्च किया।
- इसका उद्देश्य भारत के कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता परिदृश्य को रूपांतरित करना है।
- यह शिक्षार्थियों को प्रासंगिक कौशल हासिल करने, उद्योग के रुझानों के प्रति अपडेट रहने और भारत के कार्यबल विकास में प्रभावी ढंग से योगदान करने में सक्षम बनाएगा।

**Know The Facts** : 'स्किल इंडिया डिजिटल' भारत में कौशल विकास के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) है। यह एक अत्याधुनिक मंच है, जो सभी कौशल पहलों को एक साथ लाता है।

## चर्चित पुस्तकें

- फायर ऑन द गंगाजः लाइफ अमंग द डेड इन बनारस (Fire on the Ganges : Life Among the Dead in Banaras) **–राधिका अयंगर**
- वी आल्सो मेक पॉलिसी (We Also Make Policy : An Insider's Account of How the Finance Ministry Functions) **–सुभाष चन्द्र गर्ग**
- स्ट्रेंज बर्डन्सः द पॉलिटिक्स एण्ड प्रिडिकमेंट्स ऑफ राहुल गांधी (Strange Burdens: The Politics and Predicaments of Rahul Gandhi) **–सुगाता श्रीनिवासाराजू**
  - ✓ *पिछले अंक में उक्त पुस्तक के लेखक का नाम भूलवश नीरजा चौधरी लिख गया है। इसका हमें खेद है।*
- एलन मस्क (Elon Musk) **–वाल्टर इसाकसन**
- हिन्दुज इन हिन्दु राष्ट्र (Hindus in Hindu Rashtra) **–आनंद रंगनाथन**
- नथिंग बट द ट्रुथ (Nothing But the Truth)**–रिषभ शाह**
- बलिदान (Balidan : Stories of India's Greatest Para Special Forces Operatives) **–स्वप्रिल पाण्डेय**

## आयोग/समिति

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च-स्तरीय समिति का गठन

- केन्द्र सरकार ने 2 सितम्बर, 2023 को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (One nation One election- ONOE) योजना की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन 2 सितम्बर 2023 को किया है।
- केन्द्र सरकार ने 2 सितम्बर, 2023 को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराए जाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय समिति को अधिसूचित किया है।
- इस समिति के सदस्यों में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आज़ाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं।
- समिति, भारत के संविधान के तहत् मौजूदा ढाँचे और अन्य वैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए अपनी सिफारिशें देगी।
- समिति इस बात की भी जाँच करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी।

**Know The Facts** : 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत सरकार द्वारा विचाराधीन एक प्रस्ताव है। इसका इरादा लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ, एक ही दिन या एक निश्चित समय सीमा के भीतर कराने का है।

## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### विश्व कॉफी सम्मेलन 2023

- 5वाँ विश्व कॉफी सम्मेलन (WCC) 25-28 सितम्बर, 2023 के दौरान बेंगलुरू में आयोजित किया गया।
  - ✓ *यह पहली बार था जब भारत या किसी एशियाई देश ने इस सम्मेलन की मेज़बानी की।*
  - ✓ *इससे पहले, विश्व कॉफ़ी सम्मेलन यूनाइटेड किंगडम (2001), ब्राज़ील (2005), ग्वाटेमाला (2010) और इथियोपिया (2016) में आयोजित किए गए थे।*
- इस सम्मेलन का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय कॉफी संगठन (ICO) द्वारा भारतीय कॉफी बोर्ड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार एवं कर्नाटक सरकार के सहयोग से किया गया था।
- **WCC के वर्ष 2023 का विषय**: 'चक्रीय अर्थव्यवस्था और पुनर्योजी कृषि के माध्यम से स्थिरता'।
- **5वें WCC का आधिकारिक शुभंकर** : कॉफी स्वामी

### भारत ऊर्जा ट्रांसिशन समिट-2023

- फिक्की के तत्वावधान में 'भारत ऊर्जा ट्रांसिशन समिट-2023' (India Energy Transition Summit—IETS) का आयोजन नई दिल्ली में 25-26 सितम्बर, 2023 को किया गया।
  - ✓ *यह इस सम्मेलन का दूसरा संस्करण था।*
- केन्द्रीय बिजली तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने इस सम्मेलन-2023 का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि भारत-2030 की समय सीमा से पहले अपने 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।
  - ✓ *देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है।*
- दो दिन के सम्मेलन का उद्देश्य देश में एक सक्षम हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर ध्यान केन्द्रित करना है।

### 14वाँ वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन

- फिक्की (The Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry) का 14वाँ वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन 20 सितम्बर, 2023 से दिल्ली में शुरू हुआ।
- दो दिवसीय (20-21 सितम्बर) इस **सम्मेलन का विषय** 'युवाओं को सशक्त बनाकर उनके भविष्य का निर्माण करना' (Building Skills. Empowering Youth. Creating the Future) था।
- सम्मेलन का उद्देश्य देश में उद्योग-आधारित कौशल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर ध्यान केन्द्रित करना है।

### अन्तर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन-2023

- भारतीय अधिवक्ता परिषद् द्वारा 23-24 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियाँ' नामक विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।
- **सम्मेलन का उद्देश्य**
  - ✓ *राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना।*
  - ✓ *विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और*
  - ✓ *कानूनी मुद्दों पर अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और समझ को मजबूत करना है।*

### अन्य सम्मेलन : एक नजर में

- **12वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सरकारी संचार मंच**
  - ✓ ***संस्करण** : 12वाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि** : 13-14 सितम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल** : शारजाह, यूएई*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय (Theme)**: आज के संसाधन, कल का धन (Today's Resources. Tomorrow's Wealth'.)*
- **बाँध सुरक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि** : 14-15 सितम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल** : राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर (राजस्थान)*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय (Theme)**: सुरक्षित और सुदृढ़ बाँध सुनिश्चित करे राष्ट्र की समृद्धि (Safe & Secure Dams Ensure Nation's Prosperity)।*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता** : जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा।*
  - ✓ ***आयोजन के अन्य सहयोगी** : राजस्थान जल संसाधन विभाग, केन्द्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय बाँध सुरक्षा प्राधिकरण, एमएनआईटी जयपुर, डब्ल्यूएपीसीओएस लिमिटेड, विश्व बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक।*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु** :*
    - ✹ *भारत बड़े बाँधों के मामले में विश्व-स्तर पर तीसरे स्थान पर है।*
- **14वाँ वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस**
  - ✓ ***संस्करण** : 14वाँ*
  - ✓ ***आयोजन तिथि** : 15-17 सितम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल** : वाशी, नवी मुम्बई (महाराष्ट्र)*
  - ✓ ***आयोजन** : मसाला बोर्ड इंडिया, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा विभिन्न व्यापार निकायों और निर्यात मंचों के सहयोग से किया गया है।*

- **ग्रीन हाइड्रोजन पायलट सम्मेलन, 2023**
  - ✓ ***18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के क्रम में***
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 5 सितम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: नई दिल्ली*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: एनटीपीसी लि. (भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक कम्पनी)।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस सम्मेलन, 2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 1-2 सितम्बर, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: ग्वालियर (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से।*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया।*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय (Theme)***: *समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की ओर बढ़ते कदम।*

# मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी

## दूसरा कलिंगा साहित्य उत्सव, 2023

- भारत-नेपाल साहित्यिक सम्बन्धों के संदर्भ में भगवान शिव और गौतम बुद्ध की भावना को रेखांकित करने के लिए कलिंगा साहित्य उत्सव (केएलएफ) का दूसरा संस्करण 1-3 सितम्बर, 2023 को नेपाल की राजधानी काठमांडू में सम्पन्न हुआ।
- इस साहित्योत्सव का आयोजन ओडिशा स्थित केएलएफ द्वारा यशस्वी प्रज्ञा प्रतिष्ठान के सहयोग से किया गया।
- इस वर्ष के उत्सव का केन्द्रीय विषय 'शक्ति और भक्ति सभ्यागत सम्बन्ध : वैश्विक विचार केन्द्र के रूप में नेपाल' था।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## भारत-सिंगापुर की नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास 'SIMBEX-2023'

- भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के मध्य सिंगापुर में 21-28 सितम्बर, 2023 को द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'सिम्बेक्स' (SIMBEX) सम्पन्न हुआ।
- दो चरणों में हुए इस अभ्यास का पहला तटीय चरण (21-24 सितम्बर) RSS सिंगापुर–चांगी नेवल बेस पर तथा दूसरा समुद्री चरण (25-28 सितम्बर) दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी छोर पर सम्पन्न हुआ।
- भारतीय नौसेना की ओर से **राजपूत-क्लास डिस्ट्रॉयर 'आईएनएस रनविजय'**, **कमोर्टा-क्लास कोर्वेट 'आईएनएस कवरत्ती'** और एक पी-81 मरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट ने इस अभ्यास में हिस्सा लिया है। वहीं सिंगापुर की ओर से इस अभ्यास में आरएसएस स्टालवार्ट (RSS Stalwart) और आरएसएस टेनशियस (RSS Tenacious) शामिल हैं।

**Know The Facts** : यह अभ्यास वर्ष 1994 से आयोजित किया जा रहा है और इसे भारतीय नौसेना द्वारा किसी अन्य देश के साथ आयोजित किया जाने वाला सबसे लंबा नौसैनिक अभ्यास होने का गौरव प्राप्त है।

## प्रथम भारत-इंडोनेशिया-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास

- हिन्द प्रशान्त में तैनाती मिशन के तहत् भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित युद्धपोत 'आईएनएस सह्याद्री' ने 20- 21 सितम्बर 2023 को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के जहाजों और विमानों के साथ पहले त्रिपक्षीय समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया।
- त्रिपक्षीय अभ्यास 3 समुद्री देशों को अपनी साझेदारी को मजबूत करने और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में भाग लेने वाली नौसेनाओं को एक-दूसरे के अनुभव और विशेषज्ञता से लाभ उठाने का अवसर प्रदान किया।
- अभ्यास में चालक दल के प्रशिक्षण और अंतरसंचालनीयता (Interoperability) को बढ़ाने के लिए जटिल सामरिक और युद्धाभ्यास और हेलीकॉप्टरों की क्रॉस-डेक लैंडिंग आयोजित की गईं।

**Know The Facts** : आईएनएस सह्याद्री, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-17 श्रेणी के मल्टीरोल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा पोत है, जो मझगाँव डॉक लिमिटेड, मुम्बई में निर्मित किया गया है और इसकी कमान कैप्टेन राजन कपूर के पास है।

***Salient Point...***

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने संयुक्त रूप से, सितम्बर माह में ही 13वें इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ्स कॉन्क्लेव, 47वें इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ मैनेजमेंट सेमिनार और सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम का भी आयोजन किया।
- वर्ष 1999 में द्विवार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी) में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुख भाग लेते हैं।

## आयुष्मान भव: अभियान

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने गांधीनगर (गुजरात) के राजभवन से आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअल रूप से शुभारम्भ 13 सितम्बर, 2023 को किया।
- आयुष्मान भवः अभियान केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गाँव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक कवरेज प्रदान करना है।
- इस अभियान को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2023 तक 'सेवा पखवाड़े' के दौरान संचालित किया जा रहा है।

## तटीय सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन-सजग'

- भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 18 सितम्बर, 2023 को पश्चिमी तट पर तटीय सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन सजग' आयोजित किया गया।
- ऑपरेशन सजग, तटीय सुरक्षा को बढ़ाने वाले सभी हितधारकों को शामिल करने के लिए संचालित किया गया।
- यह समुद्री अभ्यास तटीय सुरक्षा तंत्र के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करता है और समुद्र में मछुआरों के बीच जागरूकता बढ़ाता है।
- इस अभ्यास के दौरान, समुद्र में मछली पकड़ने वाली सभी नौकाओं, नावों और छोटे जहाजों के आवश्यक दस्तावेजों तथा चालक दल को जारी किए गए पास की व्यापक जाँच एवं सत्यापन किया गया।
- अभ्यास में सीमा शुल्क संगठन, समुद्री पुलिस, बंदरगाहों और भारतीय नौसेना सहित कुल 118 जहाजों ने भाग लिया।
- अभ्यास में तटीय सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य के साथ मछुआरों के लिए बायोमेट्रिक कार्ड जारी करने, प्रत्येक राज्य के अनुसार मछली पकड़ने वाली नौकाओं की कलर कोडिंग व तटीय मानचित्रण जैसे कई उपाय शामिल किए गए।

## भारत-फ्रांस द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'वरुण' का 21वाँ संस्करण-2023

- भारतीय और फ्रांस की नौसेना के द्विपक्षीय अभ्यास के 21वें संस्करण का दूसरा चरण 'वरुण' (वरुण-23) अरब सागर में सितम्बर 2023 में आयोजित किया गया।
- अभ्यास में दोनों पक्षों के गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, टैंकर, समुद्री गश्ती विमान और संयुक्त हेलीकॉप्टरों ने भाग लिया।
- तीन दिवसीय अभ्यास में संयुक्त संचालन, पुनर्गठन और विभिन्न सामरिक युद्धाभ्यास शामिल थे।
- 'वरुण-2023' का पहला चरण 16 से 20 जनवरी तक भारत के पश्चिमी तट पर आयोजित किया गया था।

***Salient Point...***

- भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 1993 में शुरू हुआ।
- 2001 में 'वरुण' नाम से आयोजित यह अभ्यास तब से मजबूत भारत-फ्रांस द्विपक्षीय सम्बन्धों का प्रतीक बन गया है।

## एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास-23

- 'एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास' का 19वाँ संस्करण 25 सितम्बर से 8 अक्टूबर, 2023 तक अमेरिका के फोर्ट वेनराइट, अलास्का में आयोजित किया जा रहा है।
- मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट से जुड़ी एक बटालियन इस अभ्यास में भारतीय सेना का नेतृत्व कर रही है, जबकि अमेरिका की ओर से पहली ब्रिगेड कॉम्बैट टीम की 1-24 इन्फैन्ट्री बटालियन भाग ले रही है।
- यह भारतीय सेना और अमेरिकी सेना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वार्षिक अभ्यास है।
- अभ्यास का पिछला संस्करण नवम्बर 2022 में भारत के उत्तराखण्ड के ओली में आयोजित किया गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## गुजरात में दुर्लभ धातु 'वैनिडियम' की खोज

- हाल ही में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने गुजरात में अलंग के निकट खंभात की खाड़ी से एकत्र किए गए तलछट के नमूनों में दुर्लभ धातु 'वैनेडियम' (Vanadium) की खोज की है, जो विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण एक दुर्लभ धातु है।
- वैनेडियम, जो मुख्य रूप से 55 विभिन्न खनिजों में पाया जाता है, को इसके शुद्ध रूप में निकालना अक्सर चुनौतीपूर्ण और महँगा होता है। हालाँकि, खंभात की खाड़ी में, इसकी पहचान खनिज टिटानोमैग्नेटाइट के भीतर की गई है, जो पिघले हुए लावा के तेजी से ठंडा होने से बनता है।

**वैनेडियम का उपयोग**

- वैनेडियम का उपयोग स्टील मिश्र धातु के उत्पादन के लिए, बैटरी निर्माण में, रक्षा और एयरोस्पेस में, ऊर्जा भंडारण और महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक घटकों (पुर्जों) को बनाने में होता है।

**सबसे बड़ा निर्यातक**

- ब्राजील दुनिया में वैनेडियम का सबसे बड़ा निर्यातक है, इसके बाद रूस और दक्षिण अफ्रीका हैं। अकेले ब्राजील धातु के वैश्विक निर्यात बाजार के लगभग एक-चौथाई के लिए जिम्मेदार है।
- चीन के पास दुनिया का सबसे ज्यादा वैनेडियम भंडार है।

# विविध

## ऊधमपुर स्टेशन का नाम शहीद कैप्टेन तुषार महाजन के नाम पर

- जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर कैप्टेन तुषार महाजन के नाम पर किया गया।
- उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन में ऊधमपुर (UHP) रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'मार्टीर कैप्टेन तुषार महाजन' (MCTM) रेलवे स्टेशन कर दिया गया है।
- 9 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) के कैप्टेन तुषार महाजन फरवरी 2016 में दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। यह आतंकी हमला जम्मू-कश्मीर उद्यमिता संस्थान (JKEDI) भवन पर हुआ था।

## भारत ड्रोन शक्ति-2023

- अपनी तरह की पहली ड्रोन प्रदर्शनी सह-प्रदर्शन 'भारत ड्रोन शक्ति 2023' का उद्घाटन 25 सितम्बर, 2023 को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में वायु सेना स्टेशन, हिंडन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।
- इसका आयोजन भारतीय वायु सेना (IAF) और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (DFI) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- 25-26 सितम्बर, 2023 तक आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश-भर से 75 से अधिक ड्रोन स्टार्ट-अप शामिल हुए।

## मलयालम फिल्म '2018' ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि

- टोविनो थॉमस की मलयालम फिल्म 2018, जिसे '2018ः एवरीवन इज ए हीरो' के नाम से भी जाना जाता है, को 96वें अकादमी पुरस्कार (2024) के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में नामित किया गया है।
  - ✓ *इस फिल्म को ऑस्कर की 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में नामांकन के लिए भेजा है।*
- कन्नड़ फिल्म निर्देशक गिरीश कसारावल्ली की अध्यक्षता वाली जूरी ने 27 सितम्बर, 2023 को इसकी घोषणा की।
- यह फिल्म 2018 में आई बाढ़ पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे हालात पर काबू पाया गया। फिल्म की कहानी मानवता पर आधारित है। 2018 में केरल के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ को स्क्रीन पर दर्शाया गया है।

***Salient Point...***

- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में आमिर खान की फिल्म 'लगान' के बाद से ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए किसी भी भारतीय प्रविष्टि को नामांकित नहीं किया गया था।
- इससे पहले सिर्फ दो फिल्में (नरगिस की फिल्म 'मदर इंडिया' और मीरा नायर की फिल्म 'सलाम बॉम्बे') ही अंतिम पाँच में स्थान बनाने में सफल रहीं हैं।
- 96वें ऑस्कर 10 मार्च, 2024 को लॉस एंजिल्स में ओवेशन हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किए जाएँगे।

## तूफान डेनियल

- उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में 10 सितम्बर, 2023 को आए विनाशकारी तूफान 'डेनियल' (Storm Daniel) ने इस देश को बुरी तरह से प्रभावित किया।
- इस तूफान ने लीबिया के बेनगाजी, सुसा, बायदा, अल-मर्ज और डेरना शहरों को अधिक प्रभावित किया।
- डेनियल के कारण लीबिया के डेरना शहर में आई बाढ़ से 5,300 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू वन लाइनर

- भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् के तत्वावधान में आयोजित 'भारत-लैटिन अमरीका सांस्कृतिक फिल्मोत्सव' का चौथा संस्करण 28 सितम्बर, 2023 को कहाँ शुरू हुआ? **नई दिल्ली**
- किस संस्था ने 26 सितम्बर, 2023 को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की? **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**
- भारत और अमेरिका के मध्य 26 सितम्बर, 2023 को 7वाँ 2+2 अंतर-सत्रीय संवाद कहाँ आयोजित किया गया? **वाशिंगटन**
- 25-27 सितम्बर, 2023 के दौरान 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (IPACC) का आयोजन कहाँ किया गया? **नई दिल्ली**
- फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' पहली भारतीय फिल्म बन गई है, जिसका गाना 5 सितम्बर, 2023 को टाइम्स स्क्वायर पर लॉन्च किया गया है। इस फिल्म के निर्माता कौन हैं? **विवेक अग्निहोत्री**
- 23 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस स्थान पर अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया? **वाराणसी**
- भारत की जी-20 अध्यक्षता में अवसंरचना कार्यसमूह की चौथी बैठक 21- 22 सितम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **खजुराहो (मध्य प्रदेश)**
- उत्तर प्रदेश में पहली अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का आयोजन 21-25 सितम्बर, 2023 को कहाँ हुआ, जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था? **ग्रेटर नोएडा में**
- 20 सितम्बर, 2023 को पारंपरिक नुआखाई उत्सव 2023 कहाँ मनाया गया? **ओडिशा**
- 18-22 सितम्बर, 2023 को '16वीं केमेस्ट्री ऑफ सीमेंट पर अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस (ICCC)' का आयोजन कहाँ किया गया? **बैंकॉक (थाईलैण्ड)**
- वर्ष 2027 में 17वीं केमेस्ट्री ऑफ सीमेंट पर अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस (ICCC) का आयोजन कहाँ किया जाएगा? **नई दिल्ली**
- 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' (FSSAI) ने किस अर्द्ध-पालतू गोजातीय पशु को 'खाद्य पशु' के रूप में मान्यता दी? **मिथुन**
- किस राज्य सरकार ने 15 सितम्बर, 2023 को 'कलैगनार मगलिर उरीमाई थित्तम योजना' लॉन्च की है, जिसके तहत् 1.06 करोड़ महिलाओं को प्रतिमाह ₹ 1000 दिए जाएँगे? **तमिलनाडु**
- किस देश ने अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार बनने के बाद पहली बार अपना राजदूत नियुक्त किया है (ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला देश है)? **चीन**
- एमर्सन मंगाग्वा किस देश के राष्ट्रपति के रूप में पुनः अपना कार्यभार सितम्बर में ग्रहण किया? **जिम्बाब्वे**

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'विश्व बौद्धिक सम्पदा संगठन' द्वारा सितम्बर 2023 में जारी 'ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2023' के सम्बन्ध में सही कथन का चयन करें?
(A) इंडेक्स में भारत ने 40वीं रैंक बरकरार रखी है।
(B) सूची में स्विट्जरलैण्ड प्रथम व स्वीडन द्वितीय स्थान पर है।
(C) सूची में चीन 12वें जबकि पाकिस्तान 88वें स्थान पर है।
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं।

2. हाल ही में दिवंगत हुए भारत में हरित क्रांति के जनक एम. एस. स्वामीनाथन को निम्न में से कौनसा पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है?
(A) पद्म श्री (B) पद्म भूषण
(C) भारत रत्न (D) पद्म विभूषण

3. ताइवान ने पहली स्वदेशी पनडुब्बी 'हाई कुन' का अनावरण 28 सितम्बर, 2023 को किया। इसे अंग्रेजी नाम क्या दिया गया है?
(A) फाल्कन (B) नरवॉल
(C) बेंथोस (D) कॉल्ड्रोन

4. सितम्बर 2023 में जारी 'टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिग 2024' के सम्बन्ध में सही कथन का चयन कीजिए ?
(A) इसमें 91 भारतीय संस्थानों ने जगह बनाई है।
(B) आईआईएससी, बेंगलुरू भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर है।
(C) ओवरऑल रैंकिंग में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी शीर्ष पर है।
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं।

5. 13वाँ इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुख सम्मेलन (IPACC) 26-27 सितम्बर, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया?
(A) नई दिल्ली (B) तूतीकोरिन
(C) कोयम्बटूर (D) पारादीप

6. प्रमिला मलिक को किस राज्य विधानसभा की पहली महिला स्पीकर के रूप में 22 सितम्बर, 2023 को निर्विरोध चुना गया है?
(A) छत्तीसगढ़ (B) ओडिशा
(C) पश्चिम बंगाल (D) उत्तराखण्ड

7. 'संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार' से सम्मानित सरताज नारायण माथुर, भारत रत्न भार्गव, धोधे खान, हाकिम खान व गिरधारी महाराज का सम्बन्ध किस राज्य से है?
(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) राजस्थान (D) उत्तराखण्ड

8. (16वें) एशियाई कप क्रिकेट के विजेता भारत ने यह कप कौनसी बार जीता है?
(A) 6वीं बार (B) 7वीं बार
(C) 8वीं बार (D) 9वीं बार

9. भारतीय तटरक्षक बल द्वारा पश्चिमी तट पर कौनसा तटीय सुरक्षा अभ्यास 18 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया गया?
(A) ऑपरेशन सजग (B) ऑपरेशन फायरी
(C) ऑपरेशन डोनाल्ड (D) ऑपरेशन परिधि

10. अन्तर्राष्ट्रीय सरकारी संचार मंच का कौनसा संस्करण 13-14 सितम्बर, 2023 को शारजाह, यूएई में आयोजित किया गया?
(A) 9वाँ (B) 10वाँ
(C) 11वाँ (D) 12वाँ

11. निम्न में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है?
(A) राष्ट्रीय पोषण सप्ताह : 11-17 सितम्बर, 2023
(B) साक्षरता सप्ताह : 1-8 सितम्बर, 2023
(C) बधिरों का अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह : 18-24 सितम्बर, 2023
(D) विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह : 11-17 सितम्बर, 2023

12. हांगझोऊ (चीन) में आयोजित किए जा रहे 19वें एशियाई खेल के शुभंकर 'चेन्चेन, कांगकॉन्ग और लियानलियन' मूलतः क्या हैं?
(A) रोबोटों का एक समूह
(B) चीन की जनजातियों का समूह
(C) चीनी सुपर कम्प्यूटरों का समूह
(D) चीनी लोकनृत्य का समूह

13. विश्व ओजोन दिवस प्रति वर्ष कब मनाया जाता है, जिसके लिए वर्ष 2023 की थीम 'Montreal Protocol: Fixing the Ozone Layer and Reducing Climate Change' थी?
(A) 1 सितम्बर (B) 8 सितम्बर
(C) 16 सितम्बर (D) 21 सितम्बर

14. 'जी-20 शिखर सम्मेलन' का कौनसा संस्करण भारत की अध्यक्षता में 9-10 सितम्बर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया?
(A) 18वाँ (B) 19वाँ
(C) 20वाँ (D) 21वाँ

15. न्यूयॉर्क सिटी में 28 अगस्त-10 सितम्बर, 2023 को आयोजित 'अमेरिकी ओपन-2023' के महिला एकल स्पर्द्धा का खिताब किसने हासिल किया है?
(A) एलेना सबालेंका (B) कोको गॉफ
(C) गैबरीला डेबरोब्स्की (D) इरीन रौटलीफे

16. निम्न में से किसे 'रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023' से सम्मानित किए जाने की घोषणा 31 अगस्त, 2023 को की गई है?
(A) डॉ. रवि कन्नन आर. (B) कोरवी रक्षंद
(C) यूजेनियो लेमोस (D) उपर्युक्त सभी को

17. यूनेस्को द्वारा सितम्बर 2023 में 'विश्व धरोहर सूची' में शामिल किए गए भारतीय स्थल कौनसा है?
(A) शांति निकेतन (B) होयसल मंदिर
(C) उपर्युक्त (A) व (B) (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (C)) | 3. (B) | 4. (D) | 5. (A) | 6. (B) |
| 7. (C) | 8. (C) | 9. (A) | 10. (D) | 11. (A) | 12. (A) |
| 13. (C) | 14. (A) | 15. (B) | 16. (D) | 17. (C) | |